# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 19-07-2022

# नाबालिक लड़की से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

पिपराइच (एसएनबी)। पिपराइच पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और धमकी दिए जाने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को सोमवार की पूर्वाह्न गिरफ्तार किया। पुलिस ने इसके विरूद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत भी कार्रवाई की थी। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम कमलेश कुमार निषाद पुत्र इंद्रजीत निषाद निवासी आराजी बनकट थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर बताया। आरोपित को पुलिस ने आईपीसी की धारा 354, 323 व 504 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई दिनेश कुमार साहनी, कांस्टेबल सुजीत सिंह शामिल रहे।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। बड़हलगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में फरार चल रहे एक आरोपित को सोमवार की पूर्वाह्न क्षेत्र के रामानी ह्रास्पिटल से गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर एसआई कवींद्रनाथ सिंह ने हमराहियों कांस्टेबल सत्येंद्र भास्कर व अनिल यादव के साथ मौके पर पहुंचकर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम शेषनाथ सोनकर पुत्र नगीना निवासी चिल्लूपार थाना बडहलगंज जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 307, 323, 506 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

बेलघाट (एसएनबी)। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपित एवं फरार चल रहे अभियुक्त को बेलघाट पुलिस ने सोमवार की सुबह शंकरपुर तिराहा से गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष बेलघाट गौरव राय कन्नौजिया ने हमराहियों एसआई सर्वेश कुमार राय, कांस्टेबल सर्वेंद्र शुक्ला, अखण्ड प्रताप सिंह के साथ पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम अहमद पुत्र सौदागर अली निवासी ग्राम मनिकापार थाना बेलघाट बताया। अहमद पर उसकी बेहद करीब नाबालिग लड़की ने रेप का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। पुलिस ने नाबालिग को चिकत्सकीय परीक्षण के लिए भेज दिया है। आरोपित अहमद को पुलिस ने आईपीसी की धारा 376 व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# नकबजन गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

गोरखपुर (एसएनबी)। पिपराइच पुलिस ने रविवार की रात एक नकबजन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से चोरी का नकदी रुपया और अन्य सामान बरामद किया है। मुखबिर की सूचना पर एसआई दिनेश कुमार साहनी, एसआई रामचन्द्र राय, कांस्टेबल गोलू यादव व गौरव शुक्ला ने आरोपित को रविवार की रात जंगल धूषण से तिकोनिया नंबर 3 नर्सरी जंगल में घुसते ही पुलिया के समीप से पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम मनीष उर्फ मुकेश निषाद पुत्र महेन्द्र निवासी कोनी थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी गए रुपयों में से दो हजार नकद, बर्तन, गेहूं और नकबजनी का हथियार सब्बल आदि बरामद किया। पुलिस ने आरोपित को आईपीसी की धारा 457, 380, 411 व 41/411 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# प्रधान समेत दोनों पक्षों पर पुलिस ने दर्ज किया केस

पाली (एसएनबी)। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर वढ़ना में वीते शनिवार ग्राम प्रधान धर्मेंद्र चौहान और उसके पट्टीदारों के वीच किसी वात को लेकर मारपीट हो गई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर वलवा, मारपीट व धमकी जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।धर्मेंद्र चौहान और उनके पट्टीदार शंकर गांव चल रही चकवंदी को लेकर आपस में वाद-विवाद करने लगे और फिर मारपीट हो गई जिसमें तकरीवन आधा दर्जन लोग घायल हुए। सोमवार को पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध तकरीवन आधा दर्जन लोगों के खिलाफ वलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और गांव में अपनी गश्त वढ़ा दी है। इस मामले में चौकी प्रभारी घघसरा विनय कुमार सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का मुकदमा

बड़हलगंज (एसएनबी)। वड़हलगंज क्षेत्र के नेवादा गांव की एक विवाहिता की मौत सोमवार की सुवह कस्वे के एक निजी अस्पताल मे हो गयी। मृतका के पिता ने पति सहित तीन लोगो के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को तहसीलदार के सामने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस को दिए तहरीर मे मृतका के पिता वड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी सत्यनारायण प्रजापति ने कहा है कि मेरी वेटी सरिता की शादी 9 जून 2021 को क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी संगद पुत्र श्रीराम प्रजापति के साथ हुआ था।शादी के वाद से ही ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देते हुए प्रताड़ित करते थे। 14 जुलाई की सुवह आठ वजे सूचना मिली की सरिता कमरे के कुण्डी से लटक रही है। हम लोग पहुंचे तो उसकी हालत गंभीर थी। उसे तत्काल कस्वे के एक निजी अस्पताल मे भर्ती किया गया जहा सोमवार की सुवह उसकी मौत हो गयी।

एक साल पहले हुई थी नेवादा गांव में शादी

पति, जेठ जेठानी सहित कई पर केस

पुलिस ने पति, ससुर, जेठ व जेठानी के खिलाफ 398 ए,3/4 डीपी एक्ट व 304 वी के तहत मुकदमा दर्ज कर पति व ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

# पीपीगंज इलाके में कई जगहों पर मारपीट

भरोंहिया (एसएनबी)। पीपीगंज थाना क्षेत्र लक्ष्मीपुर और जसवल वाजार में जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई । इस मामले में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है।

पीपीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा लक्ष्मीपुर निवासी संतोष शर्मा व उनके पटीदार जितेंद्र शर्मा के वीच सोमवार सुवह आपसी रंजिश में मार पीट हों गया जिसमें दोनों पक्षों से संतोष व जितेंद्र घायल हो गए हैं। दोनों पक्षों ने पीपीगंज पुलिस को तहरीर दी हैं। पीपीगंज पुलिस तहरीर के आधार पर शान्ति भंग की कार्रवाई किया हैं। इसी क्रम में पीपीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जसवल वाजार गांव में जमीनी विवाद में मां और वेटे के वीच मार पीट और विवाद सोमवार को सुवह करीव दस वजे हुआ हैं। जिसमें मां सुक्षत निशा ने वेटे सलीम शेख के विरुद्ध तहरीर दे कर कार्रवाई की मांग किया हैं। जिसमें पीपीगंज पुलिस ने वेटे के विरुद्ध धारा 151के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया हैं।और जांच पड़ताल पीपीगंज पुलिस कर रही हैं।

# जिम्मेदार युवक की सूझबूझ से टली बड़ी घटना

गोरखपुर (एसएनबी)। खजनी थाना क्षेत्र के एक जिम्मेदार युवक और उनवल चौकी पुलिस की सक्रियता से बीती रात एक बड़ी घटना होने से बच गयी। घर से प्रेमी के साथ भागने के लिए निकली और बाइक सवार दो कामांध युवकों के हत्थे चढ़ी किशोरी को पुलिस ने सकुशल मुक्त कराया जबकि वह दोनों अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकलने में कामयाब रहे।

हमारे उनवल प्रतिनिधि से मिली जानकारी के मुताबिक उनवल चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा को क्षेत्र के एक युवक ने बीती रात 11.30 बजे के आसपास सूचना दी कि दो संदिग्ध बाइक सवार एक युवक महुआडाबर चौकी के समीप से एक किशोरी जबरन अगवा कर कहीं जा रहे हैं। सूचना को चौकी प्रभारी ने गंभीरता से लिया और फौरन ही सिपाही राजेश्वर यादव, रविन्द्र यादव, ऋषिकेश ओझा, रविन्द्र वर्मा, इम्तियाज अहमद के साथ युवक द्वारा बताए गए रूट पर पीछा करते हुए निकल लिए। पुलिस को पीछे आता देख किशोरी को लेकर भाग रहे युवकों ने उसे जरलही पुल के कार्नर पर अपनी बाइक से उतार

किशोरी के साथ हो सकती थी कोई भी अनहोनी

प्रेमी के साथ भागने के लिए घर से रात में निकली थी किशोरी

प्रेमी ने दिया दगा नहीं पहुंचा उसे साथ ले जाने

रास्ते में मिले बाइक सवार दो युवक बहलाफुसलाकर ले जा रहे थे कहीं

दिया और पगडंडी मार्ग से होते हुए अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस किशोरी को बरामद कर चौकी ले आयी और उच्चाधिकारियों को सूचना दी। पूछताछ में किशोरी ने अपने गांव का नाम बताया। उसने बताया कि वह अपने प्रेमी के साथ भागने के लिए महुआडाबर चौकी के समीप रात में सड़क के किनारे खड़ी थी। लेकिन उसका प्रेमी नहीं आया। वह डर के कारण घर नहीं लौटना चाह रही थी। इस बीच एक बाइक पर सवार दो लड़के पहुंचे और जानमाल की धमकी देकर उसे अगवा कर कहीं ले जा रहे थे। शोर करने पर जानमाल की धमकी दी थी इसलिए वह चुप रही। पुलिस ने किशोरी को उसके घर पहुंचवाया और परिजनों को हिदायत दी कि लड़की को समझाएं। उसे डांटने की जरूरत नहीं है। पीछा करने के चक्कर में रामपुर मलौली के समीप सड़क में हुए गड्ढे में फंसकर एक सिपाही भी इस गुडवर्क में घायल हो गया है। लोगों का कहना है कि यदि जिम्मेदार युवक ने सूचना देते हुए उनका पीछा नहीं किया होता और सूचना को पुलिस ने हल्के में लिया होता तो बड़ी घटना हो सकती थी।

# चोरी के पम्प सेट के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

पिपराइच। पिपराइच पुलिस ने चोरी के पंप सेट के साथ दो अभियुक्तों को रिठिया, पिपराइच से गिरफ्तार किया। बरामद पंप किर्लोस्कर का था। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम निलेश कुमार सिंह पुत्र दुर्विजय सिंह व अमित सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासीगण ग्राम मटिहनिया जनूबी थाना पिपराइच बताया। पुलिस ने आरोपितों को आईपीसी की धारा 379 व 411 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# धोखाधड़ी कर एक ही भूमि दो बार बेचने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। धोखाधड़ी कर एक ही भूमि को दो बार बेच दिए जाने के आरोपित जालसाज को खोराबार पुलिस ने सोमवार की पूर्वाह्न जगदीशपुर से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक कैंट नरेंद्र कुमार सिंह ने हमराहियों चौकी प्रभारी जगदीशपुर एसआई आशुतोष कुमार राय, कांस्टेबल अरुण कुमार यादव एवं मनीष राजभर के साथ पकड़ा। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम धर्मेन्द्र सिंह पुत्र स्व. बलिराम निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना खोराबार जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 419 व 420 भादवि के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

## हत्या के प्रयास का अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने मारपीट व हत्या के प्रयास के आरोप में अभियुक्त बलवंत निषाद पुत्र चन्द्रभान निषाद निवासी गोपालपुर थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को आईपीसी की धारा 323, 307, 506, 427 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

## अपहृत को छिपाने की आरोपित महिला गिरफ्तार

बेलीपार। अपहृत व्यक्ति को छिपाने के आरोप में अभियुक्ता रम्भा देवी पत्नी बहादुर साहनी निवासी गोविन्दपुर थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर को बेलीपार पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अभियुक्ता को आईपीसी की धारा 368 के तहत कोर्ट में पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# महिला ने पति सहित परिवार के सदस्यों पर दर्ज कराया केस

पाली (एसएनबी)। सहजनवा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने सोमवार अपने पतिस्सल्टन, सासरंभावती देवी तथा ससुर- टेकावन के विरुद्ध घरेलू हिंसा समेत जानलेवा हमले जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराई है। आरोप है कि ससुरालियों ने उसे बुरी तरह मारा-पीटा और लहुलुहान अवस्था में घर से वाहर सीवान में वेहोशी की हालत में छोड़ कर चले गए।

**चरित्र पर करते थे संदेह, हाथ की अगुलिया भी ईंट से कूच कर भाग निकले**

जानकारी के अनुसार महिला की शादी तकरीवन 6 वर्ष पूर्व संत कवीर नगर जनपद के एक गांव में हुई थी। शुरुआती दौर में सव कुछ ठीकठाक था। महिला के दो छोटे वच्चे भी हैं। पति वाहर रहकर पेंट पलिश का काम करता है। घर में सास,ससुर,देवर समेत सभी लोग रहते हैं। पति कुछ दिन पहले घर आया तो किसी पड़ोसी ने उसकी पत्नी के चरित्र को लेकर शिकायत किया। शिकायत को लेकर उसने उसे मारनेप्पीटने लगे और हर रोज प्रताड़ना शुरू कर दिया। वीती रात लोगों ने मिलकर उसे घसीट कर सीवान में ले गए और वुरी तरह माराप्पीटा गया। इतना ही नहीं महिला के हाथ पैर की उंगलियां ईंट से कूंच कर लहुलुहान कर दिए। वेहोश की हालत में छोड़ कर चले गए। किसी ने उसके मायके वालों को सूचना दिया मायके वाले पहुंचकर वेटी को घर लाए और घटना की सूचना पुलिस को दिया। चौकी प्रभारी घघसरा विनय कुमार सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने जानलेवा हमले जैसी गंभीर धाराओं में पति समेत उसके अन्य परिवार वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# मारपीट व हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। कैंट पुलिस ने मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसके पूर्व पुलिस इस मामले में चार और आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा चुकी है।

जेसीबी लगाकर बाउण्ड्रीवाल और दुकान तोड़ने तथा जानलेवा हमला का है आरोप

चार आरोपितों को कैंट पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर भेज चुकी है जेल



प्रभारी निरीक्षक कैंट शशि भूषण राय ने मुखविर की सूचना पर हमराहियों चौकी प्रभारी अमित अमित चौधरी, हेका. वीरन्द्र, कांस्टेवल राकेश कुमार व जय प्रकाश यादव के साथ वीती मध्य रात्रि कूड़ाघाट तिराहे से पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम गोलू पुत्र महेन्द्र निवासी विशुनपुरवा थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर वताया। प्रभारी निरीक्षक ने वताया कि एक महिला ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि 19 मई, 2022 की रात्रि कब्जा करने की नीयत से जेसीवी के द्वारा उसके घर की वाउण्ड्रीवाल और दुकान को तोड़कर आरोपितों द्वारा गिरा दिया गया था। विरोध करने पर आरोपित अभियुक्तों ने जानलेवा हमला किया था।

पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त को दर्ज मुकदमे की धारा 307, 147, 504, 506, 427 व 34 भादवि के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। पुलिस इसके पूर्व इस मामले में चार अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजवा चुकी है।

# हत्या के प्रयास के दो आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो शातिरों को सहजनवा पुलिस ने महदेईया से सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों को दर्ज मुकदमे की धाराओं में कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने गुडवर्क की जानकारी दी। उन्होंने वताया कि मुखविर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सहजनवां अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने हमराहियों एसआई राजकुमार, एसआई ओम प्रकाश यादव, कांस्टेवल विश्लेंद्र यादव, आलोक सिंह और अशोक कुमार के साथ दोनों आरोपित को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने ने अपना नाम प्रभात यादव उर्फ अंकित यादव पुत्र इन्द्रासन यादव निवासी सहिजना वार्ड नं0-1 थाना गीडा जनपद गोरखपुर तथा विशाल यादव उर्फ पम्मू पुत्र रामाज्ञा यादव निवासी वनगावां थाना गीडा जनपद गोरखपुर वताया।

लूट आदि धाराओं के कई मुकदमे हैं दोनों पर

एसपी नार्थ ने वताया कि दोनों शातिर किस्म के वदमाश हैं। प्रभात यादव उर्फ अंकित यादव के विरूद्ध लूट आदि के विभिन्न थानों में 10 मुकदमे जवकि विशाल यादव उर्फ पम्मू के विरूद्ध हत्या के प्रयास और लूट आदि के तीन केस दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों को आईपीसी की धारा 147, 307, 504, 506 व 3(1) द एसटीएसटी के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# पांच माह दौड़ाने के बाद दर्ज हुआ चोरी का केस

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। तरकुहला मंदिर परिसर से गत पांच माह पहले वाइक चोरी हो गयी थी। वाइक स्वामी चोरी का केस दर्ज कराने के लिए चौरी चौरा थाने पर पांच माह से चक्कर काट रहा था लेकिन पुलिस अब चोरी का केस दर्ज किया है। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के मां तरकुलहा देवी मन्दिर परिसर से विगत 14 फरवरी को दिन दहाड़े मोटर साईकिल चोरी हो गई थीं। झंगहा थाना क्षेत्र के थून्ही वाजार निवासी जोगेन्द्र जयसवाल पुत्र नारायन जायसवाल तरकुलहा देवी मन्दिर में दर्शन करते समय उनकी मोटर साइकिल चोरी हो गई थी। घटना के वाद तत्काल वाहन स्वामी ने 112 नम्वर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर पीड़ित को थाने में लिखित सूचना देने की वात वोल कर लौट आई। पीड़ित ने पुलिस को थाने में लिखित सूचना देने के वाद भी जांच के नाम पर पांच माह के वाद चोरी का मुकदमा दर्ज किया । पीड़िता कहना है कि पुलिस चोरी की घटना का जांच के नाम पर मुझे पांच माह तक थाने का चक्कर लगवाती रही। पीड़िता ने वताया कि पहले तो साहव ने वताया कि मेरे कार्य काल की घटना नहीं है,अव आप फिर से आन लाइन शिकायत कीजिए तव आपका मुकदमा दर्ज किया जायेगा। पीड़िता ने पुनः लिखित शिकायत तथा लगातार कई वार मुख्यमंत्री पोर्टल पर कई शिकायत भी किया लेकिन जांच पड़ताल के नाम पर मेरा मुकदमा दर्ज नही किया गया। पीड़िता का कहना है कि पिछ्ले पांच माह से मैं परेशान था, पुलिस पांच माह तक दौड़ाने के वाद वाइक की चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

# साइबर फ्रॉड के प्रति स्टूडेंट्स को किया अवेयर

**GORAKHPUR (18 July):** आरपीएम एकेडमी गोलघर में स्टूडेंट्स को साइबर क्राइम के प्रति अवेयर किया गया. सोमवार को साइबर क्राइम थाना के उप निरीक्षक उपेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक दिव्येंदु तिवारी पहुंचे. साइबर थाने की टीम ने स्टूडेंट्स को अवेयर करते हुए बताया कि वर्तमान समय में साइबर



अपराधियों द्वारा आम जनमानस को अपने चंगुल में फंसाने व भरोसा जीतने के लिए एयरफोर्स, इंडियन आर्मी, नेवी, पुलिस अधिकारी आदि की वर्दी को धारण करके वॉट्सएप वीडियो कॉल भी कर रहे हैं. इस दौरान स्टूडेंट्स को साइबर क्राइम से बचने के भी उपाय बताए गए. इस दौरान डायरेक्टर अजय शाही भी मौजूद रहे.

# सिर्फ अच्छे मार्क्स सफलता की निशानी नहीं, ठोस इरादों से जीतो जहां...

**GORAKHPUR (18 July):** 'जिस दिन हमारे सिग्नेचर ऑटोग्राफ में बदल जाएं, उस दिन मान लीजिए आप कामयाब हो गए.' सक्सेज को लेकर ये लाइनें महान वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने कही थी. सक्सेज को लेकर आज कल नई भ्रांतियों ने जन्म लिया है. हर पेरेंट्स को लगता है कि हाईस्कूल और इंटर में हाइएस्ट नंबर ही बच्चे को सक्सेज बना सकता है. जबकि ऐसा नही है. दैनिक

**i SPECIAL**

जागरण आईनेक्स्ट आज ऐसे आईएएस, आईपीएस अफसरों, डॉक्टर और शख्सियत से रूबरू करा रहा है, जिनकी मिसाल दी जाती है. उनसे बात कर उनके हाईस्कूल और इंटर के नंबर्स भी पता किए गए, जो ये बयां कर रहे हैं कि सक्सेज की सीढ़ी एग्जाम में मिले सिर्फ अच्छे नंबर नही होते हैं. बल्कि ठोस इरादों से कामयाबी हासिल की जाती है और जहां को जीतकर प्रेरणा की मिसाल लिखी जाती है. बीते दिनों छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अवनीश शरण ने भी अपनी दसवीं की मार्कशीट ट्विटर पर शेयर की थी.





### 'सेकेंड-सेकेंड' से प्रथम नागरिक तक

मेयर सीताराम जायसवाल ने 1962 में हाईस्कूल और 1964 में इंटरमीडिएट किया. दोनों में सेकेंड डिवीजन रहे. अच्छे मार्क्स के लिए लगन से पढ़ाई की और 70 परसेंट में ग्रेजुएशन (इकोनॉमिक्स) कंप्लीट किया. मेयर सीताराम जायसवाल ने बताया कि बच्चे अच्छे नंबरों के गणित के चक्कर में न रहें. उन्हें बाहरी नालेज की भी जरूरत होती है. केवल नंबर के लिए ही पढ़ाई नही करनी चाहिए. सफलता के लिए उन्हें अन्य जानकारियां भी होना बेहत जरूरी है. गार्जियन को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों को बाहरी ज्ञान दें, ताकि उनका बच्चा सफलता को छू सकें. साथ ही अनवरत बुलंदियों को छू सकें और अपने देश का नाम रोशन कर सकें.



### बेस्ट के लिए करें तैयारी

मदन मोहन मालवीय टेक्निकल यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. जेपी पाण्डेय को 10वीं में 72 परसेंट नंबर मिले. जबकि 12वीं में 68 परसेंट मार्क्स मिले. आज एमएमएमयूटी में 100 परसेंट प्लेसमेंट की गारंटी मिल रही है. ये सब वीसी प्रो. जेपी पाण्डेय ने ही करके दिखाया है. वीसी ने बताया कि कभी स्टूडेंट्स को हतोत्साहित नही होना चाहिए. हाईस्कूल या इंटर में नंबर कम है, इसको लेकर स्टूडेंट कभी परेशान ना हो. अभी तो कई एग्जाम से गुजरना है, तब जाकर सक्सेज मिलेगी. इसलिए रिजल्ट देखने के बाद नंबर की तुलना छोड़ बेस्ट करने के लिए आगे की तैयारियों में स्टूडेंट्स को जुट जाना चाहिए.



### हार से सबक और जीतते रहे एडीजी

एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार को 10वीं में 78 परसेंट मार्क्स मिले. जबकि 12वीं में 87 परसेंट हासिल किए. सीबीएसई बोर्ड से पढ़ाई करने वाले अखिल कुमार पढ़ाई के दौरान क्रिकेट के उभरते सितारे भी थे. अच्छे खेल की बदौलत इनका सेलेक्शन सीके नायडू में हुआ. अखिल कुमार ने बताया कि खेल ने मुझे हारना सिखाया, जिसके बाद मुझे हारने से डर ही नही लगता. उन्होंने बताया कि जो भी स्टूडेंट्स इस थॉट के साथ चलेगा एक ना एक दिन उसे कामयाबी जरूर मिलेगी. कामयाबी कभी मार्कशीट में छपे अच्छे नंबर के बदौलत नही मिलती है.



### इंग्लिश, मैथ और साइंस करें फोकस

डीएम कृष्णा करुणेश ने बताया कि 2009 में मैंने लॉ ग्रेजुएशन किया था. इससे पहले 2006 में ग्रेजुएशन किया. वहीं, 2003 में 12वीं पास किया. जबकि सन 2001 में 10वीं पास किया. मैने 10वीं और 12वीं सीबीएसई बोर्ड से किया है. दोनों क्लास में फर्स्ट डिवीजन क्वालिफाई किया. उन्होंने कहा, बच्चों के रिजल्ट डिक्लेयर हो रहे हैं, बच्चों को शुभकामनाएं. बच्चे आगे की पढ़ाई जारी रखें, लेकिन इंग्लिश, मैथ और साइंस के सब्जेक्ट पर फोकस रखें. आज की डेट में इंग्लिश किसी भी कॉम्पीटीटिव एग्जामिनेशन के लिए जरूरी है. इंग्लिश और मैथ पर कमांड होना चाहिए. इसके बगैर किसी कॉम्प्टीशन में सफलता अर्जित नही कर सकते.



### पहले डॉक्टर, फिर कप्तान

गोरखपुर के एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर को 10वीं में 86 परसेंट मिले. जबकि 12वीं में 78 परसेंट मार्क्स मिले. सीबीएसई से पढ़ाई करते हुए वो सबसे पहले डॉक्टर बने. इसके बाद भी उनकी तैयारी जारी रही. आज कई बड़े शहरों से होते हुए सीएम सिटी के कप्तान हैं. एसएसपी ने बताया, कोई भी स्टूडेंट ठोस इरादों के साथ उतरता है तो उसे कामयाबी पाने से कोई रोक नही सकता है. जो वो चाहता है वो सब पूरा होगा, केवल उसे थोड़ा धैर्य रखकर कदम आगे बढ़ाना होगा. पढ़ाई के दौरान स्टूडेंट्स केवल अपने लक्ष्य पर ही ध्यान दें. अगर ऐसा करते हैं तो निश्चित ही मुकाम हासिल कर सकते हैं.



### मेहनत के लिए सदा आगे बढ़ते रहें

ऐश्प्रा ग्रुप के डायरेक्टर अतुल सराफ ने कहा, जिस साल मैं हाईस्कूल में था. उसी वक्त पिताजी का एक्सीडेंट हो गया था. पढ़ाई के साथ मुझे बिजनेस भी देखना पड़ता. रिजल्ट आया तो हम सेकेंड डिवीजन पास हुए थे. हम रिजल्ट से निराश थे. तब मेरी मां स्व. प्रकाशनी देवी ने कहा, बेटा तुम्हारा सेकेंड डिवीजन हमारे लिए फर्स्ट डिवीजन से ज्यादा है. मां की यह बात सुनकर खुशी हुई और आगे और बेहतर करने का संबल मिला. आज मैं ज्वेलरी और रियल स्टेट के कारोबार को बखूबी आगे बढ़ा रहा हूं. हम यही कहना चाहते हैं कि मार्क सफलता की निशानी नहीं है. यदि अपेक्षित नंबर नहीं आते हैं तो घबराना नहीं चाहिए.



### लक्ष्य प्राप्ति के लिए जारी रखें प्रयास

एम्स डायरेक्टर डॉ. सुरेखा किशोर के हाईस्कूल में 78 परसेंट और इंटरमीडिएट में 86 परसेंट मार्क्स आए थे. एम्स डायरेक्टर ने कहा, कम मार्क्स या फिर अपनी अल्पकालिक असफलता को अपने आप पर हावी न होने दें. हर इंसान अपने आप में खास है जैसे किसी को कला पसंद है तो किसी को संगीत या कुछ और. अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपना प्रयास निरंतर जारी रखें. अच्छे अंक या डिग्री मात्र ही जीवन में सफल होने के लिए जरूरी नही है. फेसबुक के फाउंडर मार्क जकरबर्ग, माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स जैसे अन्य लोग इसके जीवंत उदाहरण हैं. क्रिकेट के महानतम खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर 10वीं में फेल हुए हैं.



### अंक की मोहताज नहीं होती प्रतिभा

नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने बताया कि छात्र कम आने पर परेशान न हों. कई बार किसी परिस्थितिवश ऐसा हो जाता है. छात्र आगे की पढ़ाई पर ध्यान दें और आगे बढ़ें. उन्होंने बताया, उनके हाईस्कूल में 75 प्रतिशत मार्क्स थे, लेकिन इंटरमीडिएट में सेकेंड डिवीजन पास हुए. इसके बाद वह निरंतर पढ़ाई में जुटे रहे और कभी पीछे मुड़कर नही देखा. पहले पीसीएस, फिर 2014 में आईएएस में बन गए. बताया कि इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बीए और एमए में प्रथम श्रेणी से पास हुए. जेआरएफ नेट में उनको स्कॉलरशिप भी मिली.



### सफलता के लिए गोल से 'प्रेम' करना होगा

जीडीए वीसी प्रेम रंजन सिंह को 1999 में हाईस्कूल में 75 परसेंट मार्क्स मिले. जबकि 2001 में 73 परसेंट मार्क्स के साथ इंटरमीडिएट किया. जीडीए वीसी ने कहा, बच्चों को लगन के साथ मेहनत करनी चाहिए. गोल से प्रेम करना चाहिए, ताकि सफलता सुनिश्चित रूप से मिले. यदि दृढ़ इच्छा रहे तो अपने आप रास्ता बन जाता है. इसलिए स्टूडेंट को चाहिए कि वह मेहनत और लगन से अपने मुकाम को सफल बनाएं. इधर-उधर की बात सुने बगैर अपने गोल पर फोकस रहना चाहिए. उन्होंने बताया कि कई बार स्टूडेंट्स गलत संगत में पड़ जाते हैं, इससे उनके मार्क्स कम हो जाते हैं.



### सिर्फ सफलता की सीढ़ी हैं मार्क्स

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई को 10वीं में 87.33 परसेंट नंबर मिले. जबकि राजस्थान बोर्ड से पढ़ते हुए 12वीं में 91.25 मार्क्स हासिल किए. इंटर पास कर उन्हें ये नही पता था कि वो एक दिन आईपीएस भी बन पाएंगे. बिना टेंशन लिए उन्होंने पढ़ाई जारी रखी. एक दिन उन्हें मेहनत का फल आईपीएस के रूप में मिला. बताया कि ये जरूरी बिल्कुल भी नही है कि बहुत अच्छे नंबर आपको आईएएस या आईपीएस बना दें. कम नंबर वाले हों या फिर अधिक मार्क्स हासिल किए स्टूडेंट. दोनों के लिए हाईस्कूल और इंटर के नंबर आगे बढ़ने की सीढ़ी मात्र है. जो स्टूडेंट्स लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ता है, उसे कामयाबी जरूर मिलती है.

### मार्क्स कम तो स्वयं को कम मत आंकिए.

अपनी दसवीं के थर्ड डिवीजन की मार्कशीट शेयर करने वाले छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अवनीश शरण वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार में डायरेक्टर तकनीकी शिक्षा हैं. उनके पास स्किल डेवलपमेंट का भी चार्ज है. उन्होंने कहा, आप कोई भी एग्जाम देते हैं अथवा बिजनेस, खेलकूद या म्यूजिक के फील्ड में होते हैं तो अपना बेस्ट देने का प्रयास करते हैं. यदि किसी क्लास में मार्क्स कम आते भी हैं तो स्वयं को कम मत आंकिए और यह अंतिम मौका नही है. बल्कि इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करिए. 10वीं में मार्क्स कम आए तो है तो 12वीं में बेहतर करिए और 12वीं में कम आए हैं तो ग्रेजुएशन या फिर कॉम्पीटिटिव एग्जाम में बेहतर करिए. बस अपने गोल के प्रति अडिग रहिए. इस गोल से ही सफलता के शिखर तक पहुंचेंगे.



**यूपी बोर्ड और आईसीएसई दसवीं के से शुरू हुआ रिजल्ट का सिलसिला, आईएएस, आईपीएस अफसरों और बिजनेसमैन ने बताया सफलता का मूल मंत्र**

# आपसी रंजिश व भूमि विवाद में मारपीट

**GORAKHPUR:** पीपीगंज थाना क्षेत्र के दो अलग–अलग मामलों में आपसी रंजिश व भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई है. थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में संतोष शर्मा व उनके पट्टीदार जितेंद्र शर्मा के बीच सोमवार की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई. इसमें दोनों घायल हो गए.

# घर में घुसकर युवती से की छेड़छाड़

**SIKARIGANJ:** सिकरीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में मनबढ़ युवक ने घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ की. पीड़ित के पिता ने थाने में तहरीर दी है. एसओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी असलम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है.

# लैपटॉप और पांच हजार की छिनैती

**SIKARIGANJ:** सिकरीगंज थाना क्षेत्र में रविवार रात युवक से लैपटाप और पांच हजार रुपए की छिनैती हो गई. रामधनी निवासी जितवारपुर, बेलघाट ने बतायाकि वह ऑनलाइन डिलेवरी का काम करते हैं. रविवार रात वह काम करके घर आ रहे थे. सिकरीगंज-बेलघाट मोड़ से कुछ दूर स्थित मलाव गांव के पास दो बदमाशों ने बाइक रोककर चाबी छीन ली. इसके बाद उनका बैग छीनकर फरार हो गए. बैग में लैपटाप, पांच हजार रुपए व जरूरी कागजात थे.

# घर से गायब हुई नाबालिग

**SIKARIGANJ:** सिकरीगंज एरिया के एक गांव से नाबालिक रविवार रात को लापता हो गई. परिजनों को जानकारी हुई तो गुमशुदगी दर्ज कराई. पीड़ित के पिता के अनुसार नाबालि की उम्र 15 साल है.

# किशोरी से छेड़खानी का आरोप

खजनी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने एक युवक पर पुत्री से छेड़खानी का आरोप लगाया है. किशोरी के पिता ने बताया कि उनके घर के सामने रहने वाला युवक रविवार दोपहर घर में घुस गया और पुत्री से छेड़खानी करने लगा. विरोध करने पर मारपीट की धमकी दी. प्रभारी निरीक्षक खजनी इकरार अहमद ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है.

# दो बाइक आपस में टकराई एक की मौत, दूसरा गंभीर

कैम्पियरगंज, हिसं। सोनौली हाइवे पर लोहरपुरवा गांव के सामने सोमवार शाम छह बजे दो बाइक आपस में टकरा गई, जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

महराजगंज के फरेंदा थाना के जमुहरा निवासी 35 वर्षीय जवाहिर पुत्र बलिराम व पुरन्दरपुर थाना के सुरपाल नर्सरी निवासी 65 वर्षीय प्रसिद्ध पुत्र कोलाहल की बाइक सोनौली हाइवे पर आपस में टकरा गयी। बाइक सवार दोनों घायलों को सीएचसी कैम्पियरगंज लाया गया। जहां चिकित्सक ने जवाहिर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे घायल प्रसिद्ध को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## हादसे में एक युवक की मौत

भटहट। गुलरिहा इलाके के भटहट-बांसस्थान मार्ग पर बड़हरिया गांव के पास रविवार की रात दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। परसौना गांव निवासी रामबरन का बेटा महेंद्र (35) रविवार की रात में भटहट बाजार से सब्जी लेकर बाइक से घर लौट रहा था। वह बड़हरिया से पहले पहुंचा था कि सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। इस हादसे में महेंद्र की मौत हो गई।

# युवक पर जानलेवा हमले का एक आरोपित गिरफ्तार

बड़हलगंज। कस्बे के पटना चौराहे के पास युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपित चिल्लूपार निवासी शेषनाथ सोनकर को गिरफ्तार कर जेल भेजवाया गया है। शेषनाथ के खिलाफ थाने में धारा 307, 323, 504 में मुकदमा दर्ज था। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुक्तिपथ की रहने वाली विन्द्रावती देवी पत्नी दिलीप कुमार ने 16 जुलाई के केस दर्ज कराया था।

# सभासद पति पर हमला करने वाले दो गिरफ्तार

सहजनवा। सहजनवा थाना क्षेत्र के वार्ड 5 सहबाजगंज की सभासद पति बबलू पर जानलेवा हमला करने वाले दो अभियुक्तों को सहजनवा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। अंकित यादव पर सहजनवा और गीडा थाने में बलवा मारपीट हत्या के प्रयास व खलीलाबाद कोतवाली में लूट के सभी नौ मुकदमे दर्ज हैं। वहीं विशाल यादव पर सहजनवा थाने हत्या के प्रयास मारपीट और लूट के मुकदमे दर्ज हैं।

# डिलीवरी मैन से लैपटॉप व पांच हजार रुपये लूटे

सिकरीगंज। सिकरीगंज थाना में रविवार की रात करीब 11 बजे घर लौट रहे डिलीवरी मैन से बदमाशों ने लैपटॉप सहित पांच हजार नगदी लूट लिया। बेलघाट थाना क्षेत्र के जितवारपुर निवासी रामधनी ने बताया वह ऑनलाइन सामान की डिलीवरी करता है। रविवार की रात में घर वापस आ रहा था, तभी रास्ते में बेलघाट मोड से कुछ दूर स्थित मलांव गांव के पास दो बदमाशों ने रोक लिया।

# पम्पिग सेट के साथ दो चोर गिरफ्तार

पिपराइच (गोरखपुर)। मटिहनिया सोमाली गांव से एक सप्ताह पूर्व रविन्द्र सिंह का पम्पिग सेट घर के पीछे खेत से सिंचाई के दौरान चोरी हो गई थी। पुलिस ने 379 के तहत अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने मटिहनिया जनूबी निवासी निलेश कुमार सिंह पुत्र दुरविजय सिंह व अमित सिंह पुत्र अशोक सिंह को पम्पिग सेट के साथ रिठीयां गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मनबढ़ों ने युवक को पीटा, मुकदमा

भटहट (गोरखपुर)। पुरानी रंजिश में मनबढ़ों ने एक युवक को पीट दिया। पीड़ित की शिकायत पर गुलरिहा थाना पुलिस ने आरोपितों पर मारपीट व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। जंगल डुमरी नंबर दो के टोला हेलानी निवासी राजकुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के संगम यादव, राजेश यादव व शैलेश ने डंडे से पीट दिया।

# मारपीट मामले में छह लोगों के खिलाफ केस

सहजनवा। सहजनवा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर बढ़ना में शनिवार शाम ग्राम प्रधान धर्मेंद्र चौहान और उनके पट्टीदारों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट व धमकी जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। मारपीट के इस मामले में सहजनवा थाना प्रभारी निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी ने कहा कि दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, कराया गर्भपात

## शर्मनाक

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शादी का झांसा देकर एक युवक ने युवती से दुष्कर्म किया। एक माह तक उसके साथ बंगलुरु में रहा। शादी का दबाव बनाने पर घर भेज दिया। अब युवक ने दूसरी जगह शादी तय कर ली है। सोमवार को गुलरिहा थाने पहुंची पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ तहरीर दी है।

गुलरिहा क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गांव का रहने वाला युवक शादी का झांसा देकर चार साल से शोषण कर रहा था। दो बार गर्भपात भी कराया। दो माह पहले आरोपित नौकरी के लिए बंगलुरु चला गया। वहां पहुंचने के बाद उसे भी बुला लिया, जहां एक माह तक उसके साथ रही। शादी के लिए कहने पर वापस घर भेज दिया।

इसी दौरान परिवारीजनों ने युवक की शादी दूसरी जगह तय कर दी। जानकारी होने पर युवती ने फोन किया तो धमकी देने लगा। शादी में दखल देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। कार्यवाहक थाना प्रभारी अरुण कुमार चौबे ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है।

## विधवा से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म का प्रयास

खोराबार। खोराबार क्षेत्र के एक गांव की विधवा से पड़ोसी युवक ने रविवार रात दुष्कर्म के प्रयास किया। महिला ने सोमवार को थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर के मुताबिक महिला घर में सो रही थी कि रविवार रात करीब 11 बजे बगल का रहने वाला युवक उसके घर में आकर छेड़खानी करने लगा तथा जबरदस्ती शारीरिक सम्बंध बनाने की कोशिश करने लगा। महिला ने विरोध किया तथा शोर मचाई। इस संबंध एसएसआई संजय कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही हैं।

## झंगहा में नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास

मोतीराम अड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। झगहां थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 जुलाई को एक युवक ने गांव की एक किशोरी से सिवान में बने कमरे में बंद करके उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। उस रास्ते से गुजर रहे गांव के कुछ लोगों ने लड़की की चीख सुनी और उस ओर पहुंचे तो युवक कमरे से बाहर निकल कर भाग गया। इसकी सूचना जब लड़की के पिता को हुई तो उन्होंने सोमवार को झगहां थाने पर आरोपित के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

## बालिका से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

चौरीचौरा। मुंडेरा बाजार क्षेत्र में नौ साल की एक बच्ची के साथ शनिवार दोपहर में एक युवक ने दुष्कर्म कर दिया था। मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने आरोपित को रविवार रात हिरासत में ले लिया था। आरोपी को पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपित विक्की पुत्र रघुनाथ के खिलाफ धारा 376, 504 आईपीसी व पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत केस दर्ज कर आरोपी को रविवार को हिरासत में ले लिया था। आरोपी युवक ने शनिवार को बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। मामले में शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और उसे सोमवार को न्यायालय में पेश किया।

# विवाहिता की मौत दहेज हत्या का केस

बड़हलगंज। क्षेत्र के नेवादा गांव की एक विवाहिता की सोमवार सुबह कस्बे के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतका के पिता ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को तहसीलदार के सामने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस को दिए तहरीर में मृतका के पिता बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी सत्यनारायण प्रजापति ने कहा है कि मेरी बेटी सरिता की शादी नौ जून 2021 को क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी संगद पुत्र श्रीराम प्रजापति के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देते हुए प्रताड़ित करते थे। 14 जुलाई की सुबह सूचना मिली की सरिता कमरे के कुंडी से लटक रही है। हम लोग पहुंचे तो उसकी हालत गंभीर थी। उसे तत्काल कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां सोमवार सुबह उसकी मौत हो गयी।

## खजनी क्षेत्र में चौकी इंचार्ज की तत्परता और सूझबूझ से युवती को अगवा करने की बड़ी घटना टली

# युवती को अपहर्ताओं के चंगुल से बचाया

खजनी, हिन्दुस्तान संवाद। खजनी इलाके में रविवार आधी रात को बाइक सवार युवक एक युवती को अगवा कर ले जा रहे थे। एक दुकानदार ने शक के आधार पर पुलिस को सूचना दी और खुद बाइक सवारों के पीछे लग गया। आस-पास मौजूद पुलिस सक्रिय हुई तो बाइक सवारों का पीछा शुरू किया तो बदमाशों ने पुलिस को देखते ही लड़की को छोड़ दिया और खुद फरार हो गए।

बदमाशों को पकड़ने एक सिपाही घायल हो गया। गिरने से उसे चोट आई। पुलिस ने रात में ही युवती को उसके परिवारीजनों को सौंप दिया। हालांकि अभी तक यह नहीं पता चल पाया कि वह युवक कौन थे? माना जा रहा है कि पुलिस सक्रियता से एक बड़ी घटना होने से बच गई। जिस तरह से युवकों ने उसे आधी रात को अगवा किया था उससे उसके साथ किसी तरह की हैवानियत से इनकार नहीं किया जा सकता था। बासगांव थाना क्षेत्र की तरफ से रविवार की आधी रात को खजनी की तरफ बाइक सवार युवक आ रहे थे। उन्होंने सड़क पर आधी रात को खड़ी किसी का इंतजार कर रही युवती को बाइक पर बैठाकर अगवा कर लिया। बताया जा रहा है कि वह उसके साथ कुछ गलत हरकत करने के इरादे से अगवा कर ले जा रहे थे। इस बीच एक दुकानदार को संदेह हुआ। उसने उनवल चौकी इंचार्ज को सूचना दी।

यही नहीं हिम्मत करके कुछ दूर युवकों का पीछा करते हुए उनका लोकेशन पुलिस को बताता रहा। चौकी इंचार्ज पुलिस टीम के साथ पहुंचे उधर, पुलिस को देखते ही बाइक सवार बदमाश लड़की को छोड़कर फरार हो गए, पुलिस ने रामपुर मलौली की तरफ कुछ दूर तक उनका पीछा भी किया, लेकिन रात का अंधेरा और रोड खराब होने के कारण एक सिपाही बाइक से गिर गया, जिससे उसे चोट आई और बदमाश मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने लड़की को सही सलामत उसके परिवार को सुपुर्द कर दिया।



खजनी मे रविवार रात इन पुलिसकर्मियों की सूझबूझ से बड़ी घटना होने से बची। • हिन्दुस्तान

**शिकंजा** | 'नफीस' सॉफ्टवेयर में रहेगी बदमाशों की कुंडली, खुलेगा पूरा डेटा, पुलिस से अपनी पहचान को लेकर लुकाछिपी नहीं कर पाएंगे बदमाश

# शरीफ बने बदमाशों के चेहरे का नकाब उतार देगा 'नफीस'

■ विवेक पाण्डेय

गोरखपुर। अपना शहर छोड़कर देश के किसी अन्य हिस्से में अपराध करने वाले बदमाशों के चेहरे से अब नकाब उतर जाएगा। इसके लिए नेशनल क्राइम रिपोर्ट ब्यूरो ने 'नफीस' यानी नेशनल ऑटोमेटिक फिंगर प्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम नामक साफ्टवेयर तैयार किया है। 'नफीस' के सामने आने के बाद अपराधी अपनी असली पहचान नहीं छिपा पाएगा। 'नफीस' उसकी पूरी कुंडली खोलकर रख देगा। 'नफीस' के जरिये पुलिस को यह तय करने में भी देरी नहीं लगेगी कि जिसे पकड़ा गया है वह किस स्तर का अपराधी है व कितना सच या झूठ बोल रहा है।

दरअसल, कई ऐसे अपराधी हैं जो अपने शहर में तो शरीफ होते हैं लेकिन अन्य शहरों में क्राइम करते हैं। कई बार तो वह अपना नाम और पहचान भी गलत बताकर जेल चले जाते हैं जब छूटते हैं तो घर आते हैं और फिर उनके बारे में कोई जानकारी नहीं हो पाती है। यही नहीं कुछ अपनी पहचान छिपाकर विदेश तक भाग जाते हैं। नए सॉफ्टवेयर नफीस में पकड़े गए अपराधी और सजा पाने वाले अपराधियों के फिंगर प्रिंट स्कैन कर उनका आपराधिक डाटा सबमिट किया जा रहा है। इसमें दो स्कैनर है। पहला मार्फोटॉप लाइव प्रिंटर और दूसरा फ्लैट बैट प्रिंटर है। अपराधी अगर पकड़े जाने पर अपनी पहचान छुपा रहा है और पुलिस उसकी पहचान नहीं कर पा रही है तो इस सिस्टम पर उसके फिंगरप्रिंट स्कैन कर उसकी पूरी जानकारी ली जा सकती है।

**प्रदेश के सभी जिलों में लगाया गया सॉफ्टवेयर:** केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों में 'नफीस' नेशनल ऑटोमेटिक फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम लगाया गया है। इसके अलावा सभी जीआरपी थानों, एसटीएफ कार्यालय, एटीएस और पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में यह सिस्टम लगाया गया है। इस महीने के अंत तक गोरखपुर में भी यह सिस्टम काम करने लगेगा। बदमाश जब पकड़े जाएंगे तो 'नफीस' के सामने ले जाया जाएगा। अपराधियों के फिंगरप्रिंट के साथ उनका पूरा डाटा उपलब्ध रहेगा। अभी तक पुलिस बदमाशों का फोटो लेती थी लेकिन 'नफीस' में उनका फिंगर प्रिंट स्कैन कर रखा जाएगा, इससे कभी भी कहीं भी उसकी असल पहचान तय हो सकेगी।



■ फिंगरप्रिंट स्कैन होने से खुल जाएगी आपराधिक हिस्ट्री

### वारदात को आते हैं सबसे ज्यादा बाहरी बदमाश

गोरखपुर में दूसरे जिलों से आकर बदमाश सबसे ज्यादा वारदात को अंजाम देते हैं और फरार हो जाते हैं। दस साल में तैयार पुलिस के एक आंकड़े के मुताबिक 679 बदमाश ऐसे हैं जो गोरखपुर के आस-पास जिलों के रहने वाले हैं और उन्होंने अपने क्राइम का क्षेत्र गोरखपुर को बनाया है। ये अपने इलाके में तो शरीफ हैं पर यहां की पुलिस के रिकॉर्ड में क्रिमिनल हैं।

### जोन के ऐसे बदमाश जो दूसरे जिले में करते हैं क्राइम

612 : बदमाश अन्य जिलों में हत्या करते हैं
86 : बदमाश लूट या रेप के साथ हत्या करते हैं
361 : बदमाश जो डकैती डालते हैं
1286 : बदमाश जो लूट की घटना करते हैं

गोरखपुर में आकर वारदात करने वाले बदमाश

134 : ने यहां आकर हत्या की
17 : ने महिलाओं से लूट या रेप के बाद हत्या की
167 : ने डकैती डाली
361 : ने लूट की

# विवाद सुलझाने में चाचा-भतीजे को पीटा

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके के आजाद नगर में किराएदारों के बीच हुए विवाद को सुलझाने गए मकान मालिक के भतीजे के साथ रविवार रात मारपीट का मामला सामने आया है।

आरोप है कि मारपीट का उलहना देने पर मकान मालिक पर जानलेवा हमला किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संगीता यादव, उनके पति, शिवनाथ यादव, विवेक यादव, अभय यादव, विजयनाथ यादव, व दस से बारह अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश, मारपीट, बलवा व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# किशोरी से दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

खोराबार। खोराबार क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को रविवार को गांव का एक युवक बहला फुसला कर भगा ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद सोमवार सुबह गांव के समीप लाकर छोड़ दिया। सोमवार को किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक, एक लड़की एवं दो अन्य नामजद के खिलाफकेस दर्ज किया है।

किशोरी की मां ने तहरीर में लिखा है कि रविवार शाम करीब 3 बजे किशोरी को पड़ोसी युवक एक लड़की एवं दो लोगों की सहायता से बहला फुसला कर भगा ले गया। आरोपियों के कहने पर किशोरी घर में रखा एक लाख नकद तथा 5 गहने अपने साथ ले गयी थी। युवक किशोरी को रविवार रात अपने साथ रखा तथा दुष्कर्म किया

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। बेलघाट पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित अहमद को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानेदार गौरव राय कन्नौजिया ने बताया कि अहमद के खिलाफ रेप और 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। अहमद मनिकापार थाना बेलघाट का निवासी है।

## महिला अस्पताल में दो रेडियोलॉजिस्ट के एक साथ तबादले से चरमरा गई व्यवस्था

# अल्ट्रासाउंड कराने पहुंची गर्भवतियों का हंगामा

**नाराजगी**

गोरखपुर, हिन्दुस्तान संवाद। महिला अस्पताल से दो रेडियोलॉजिस्ट के एक साथ हुए तबादले के बाद अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था चरमरा गई है। एक रेडियोलॉजिस्ट के भरोसे महज 25 से 30 अल्ट्रासाउंड ही किए जा रहे हैं। इससे आए दिन हंगामा हो रहा है।

सोमवार को महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर दर्जनों की संख्या में गर्भवतियां व प्रसूताएं कतारबद्ध हो गईं। टोकन नहीं मिलने पर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने हंगामा कर रही गर्भवतियों को समझाकर मौके से हटाया। महिला अस्पताल में रोजाना करीब छह सौ गर्भवतियां और प्रसूताएं इलाज के लिए आती हैं। पिछले दिनों रेडियोलॉजिस्ट डॉ. एमबी तिवारी और डॉ. एके झा के गैर जनपद तबादले के बाद रेडियोलॉजिस्ट डॉ.अनूप कुमार श्रीवास्तव ही अकेले अल्ट्रासाउंड कर रहे हैं। एक महिला रेडियोलॉजिस्ट घर में शादी समारोह होने के चलते अवकाश पर चल रही हैं।



जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए हंगामा करतीं महिलाएं।

**25** से 30 अल्ट्रासाउंड ही हो पा रहे, होती है सैकड़ों की भीड़

### सुबह छह बजे से कतार

सोमवार को सुबह 6 बजे से ही अल्ट्रासाउंड के लिए लाइन लग गई थी। 8 बजे रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव के पहुंचने के बाद कर्मचारियों ने सिर्फ 25 टोकन बांटे। घंटों से लाइन में खड़ी अन्य गर्भवतियों ने हंगामा शुरू कर दिया।

### प्राइवेट केंद्रों की चांदी

महिला अस्पताल में गर्भवतियों और प्रसूताओं का अल्ट्रासाउंड नहीं होने से अब प्राइवेट जांच केंद्रों की चांदी हो गई है। महिला अस्पताल से मायूस लौटने वाली अधिकांश गर्भवतियां व प्रसूताएं 800 से 1000 रुपये तक देकर बाहर अल्ट्रासाउंड करा रही हैं।

# जिला अस्पताल में एआरवी खत्म, प्रदर्शन

- कर्मचारियों के समझाने पर लौट गए मरीज
- सुबह 6 बजे से अस्पताल में लाइन लगा खड़े रहे

गोरखपुर, हिन्दुस्तान संवाद। जिला अस्पताल में सोमवार को एआरवी (एंटी रेबीज इंजेक्शन) खत्म हो गई। जहां मरीजों को बैरंग लौटा दिया गया। इसको लेकर मरीजों व उनके तीमारदारों ने सीएमओ कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों के समझाने पर वे घरों को लौट गए।

खजनी के भिउरी निवासी दयाराम, कसिहरा के हरीदर्शन, पिपराइच के प्रांजल, कुशीनगर के लक्ष्मण सहित करीब 36 से अधिक मरीज सोमवार सुबह करीब 6 बजे एआरवी लगवाने जिला अस्पताल पहुंच गए। इनमें कुत्ता, सियार, बन्दर आदि के काटे मरीज शामिल थे। इस दौरान कर्मचारियों ने एआरवी खत्म होने की जानकारी दी। जिसके बाद मरीज और तीमारदारों ने बवाल काटना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद दर्जनों की संख्या में मरीज व तीमारदार सीएमओ कार्यालय के बाहर पहुंच गए और जमकर विरोध-प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान मरीजों और तीमारदारों को समझाने के लिए अस्पताल के कर्मचारी आगे आए। कर्मचारियों ने बताया कि राजधानी के ड्रग कार्पोरेशन के वयर हाउस में भी एआरवी नहीं है।

# मारपीट व हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट के कूड़ाघाट में बाउंड्री व दुकान तोड़कर गिरने और मारपीट के साथ ही हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित गोलू को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। स्पेक्टर शशि भूषण राय ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के विशुनपुरवा निवासी गोलू के खिलाफ 19 मई को हत्या का प्रयास, मारपीट सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

# एक ही जमीन को दो बार बेचकर की जालसाजी

गोरखपुर। एक ही जमीन को दो बार बेचकर धोखाधड़ी करने के आरोपित धर्मेन्द्र सिंह को खोराबार पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सीओ कैंट श्याम विंद ने बताया कि खोराबार क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी धर्मेन्द्र सिंह के ऊपर जालसाजी का केस दर्ज था। उन्होंने बताया कि धर्मेन्द्र सिंह ने 20 नवम्बर 2021 को अपनी जमीन बेची थी।

# सड़कों पर अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन न हो : योगी

## हिदायत

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि यातायात बाधित कर सड़कों पर किसी प्रकार के धार्मिक क्रियाकलाप की अनुमति नहीं दी जाए। साथ ही धार्मिक जुलूसों या यात्राओं में किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। इसका उल्लंघन करने वालों पर पुलिस-प्रशासन कड़ी कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को मंडल, रेंज, जोन और जनपद में तैनात वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा के सुगम व शांतिपूर्ण आयोजन, स्वतंत्रता सप्ताह के सफल आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने आईजीआरएस, जनता दर्शन और सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों



## जनसुनवाई में कोताही न बरतें अधिकारी

सीएम ने कहा कि तहसीलों, प्राधिकरणों आदि जन हित से सीधे जुड़ाव रखने वाले कार्यालयों में हर दिन एक घंटे की अवधि जनसुनवाई के लिए नियत है। इस अवधि में अधिकारी जनता से मिलें, शिकायतें-समस्याएं सुनें और मेरिट पर निस्तारण करें।

के थाना, तहसील व जिला स्तर की रैंकिंग के अनुसार अधिकारियों को कार्यप्रणाली को बेहतर करने के निर्देश भी दिए।

## हत्या के प्रयास व मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**जासं. गोरखपुर** : हत्या के प्रयास व मारपीट करने के आरोपित को कैंट थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि 19 मई की रात को विशुनपुरवा मोहल्ले में मनबढ़ों ने मां-बेटी को मारने का प्रयास किया था। विशुनपुरवा के गोलू की तलाश चल रही थी। सोमवार की सुबह उसे कूड़ाघाट तिराहा के पास गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## एक भूमि को दो बार बेचने वाला जालसाज गिरफ्तार

**जासं. कुसम्ही बाजार** : खोराबार के जगदीशपुर निवासी धर्मेंद्र सिंह ने अपनी भूमि को 20 नवंबर 2011 को एक व्यक्ति को बेचा था। बाद में फिर उसी भूमि को जगदीशपुर की विंध्यवासिनी देवी को बेच दिया, जब वह निर्माण कराने पहुंची तो जालसाजी की जानकारी हुई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच में पुष्टि होने पर सोमवार की सुबह धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया गया।

## नाले में गिरे युवक की मौत, पहचान नहीं

**जासं. चरगांवा** : शाहपुर के संगम चौराहे पर सोमवार की शाम नाले में 30 वर्षीय युवक का शव मिला। युवक के दाहिने हाथ पर अर्जुन लिखा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर तीन बजे युवक संगम चौराहा स्थित ब्यूटी पार्लर के पास पहुंचा और नाले में गिर गया। 30 वर्षीय युवक के शरीर पर काला शर्ट, नीला पैंट था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक की पहचान नहीं हो पायी है।

# ससुरालियों पर दर्ज कराया मुकदमा

घघसरा। सहजनवा के घघसरा चौकी क्षेत्र के हड़हा सोनबरसा निवासी विवाहिता ने सोमवार को प्रताड़ना से तंग आकर पति व सास-ससुर पर घरेलू हिंसा व जानलेवा हमले की गम्भीर धाराओं में केस दर्ज कराया है।

क्षेत्र के हड़हा सोनबरसा निवासी रेनू की शादी संतकबीरनगर के एक गांव में हुई थी। पति बाहर रहकर पेंट पॉलिश का काम करता है। पति कुछ दिन पहले घर आया तो किसी पड़ोसी ने उसकी पत्नी के चरित्र को लेकर शिकायत की। इस पर पति घरवालों से मिलकर उसे मारने-पीटने लगा और हर रोज प्रताड़ना शुरू कर दी। रविवार रात उसे घसीट कर सीवान में ले गए और बुरी तरह मारा-पीटा।

# बहनों से भाई ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**जासं, बेलघाट :** बेलघाट थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने रविवार की रात अपनी दो बहनों के साथ दुष्कर्म किया। दोनों बहनों ने सोमवार की सुबह इसकी तहरीर थाने पर दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों बहनों ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि रात में उसके भाई ने उनके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने सुबह शंकरपुर गांव से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष बेलघाट गौरव राय कन्नौजिया ने बताया कि पीड़िताएं आरोपित की बहन हैं। आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया है।

## सभासद पति पर हमले के दो आरोपित गिरफ्तार

**सहजनवां** : नगर पंचायत के वार्ड नंबर छ्ह के सभासद पति अजीत कुमार पर प्राणघातक हमले के आरोप में पुलिस ने सहिजना निवासी प्रभात यादव उर्फ अंकित व बनगांवा निवासी विशाल यादव उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बीते 10 जुलाई की शाम को अजीत कुमार पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था।

## जानलेवा हमले के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

**बड़हलगंज** : जानलेवा हमले के आरोप में बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को पटना चौराहे से चिल्लूपार निवासी शेषनाथ सोनकर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मुक्तिपथ की विंद्रावती देवी पत्नी दिलीप कुमार ने तहरीर देकर बताया था कि 16 जुलाई को शेषनाथ सोनकर, सुशांत सोनकर व शिवम सोनकर ने गोलबंद होकर भतीजे शशि कुमार मद्धेशिया पर जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपित को तलाश कर रही थी।

## किशोरी से छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

**पिपराइच** : किशोरी से छेड़खानी के आरोप में पिपराइच पुलिस ने अराजी बनकट निवासी कमलेश निषाद को सोमवार को तुरा बाजार चौराहे से गिरफ्तार करके जेल भेजा है। थाना क्षेत्र के एक युवक ने रविवार की देर शाम कमलेश के विरुद्ध तहरीर देकर बताया था कि रविवार को उसकी नाबालिग बहन खेत में बकरी चराने गई थी। इस दौरान कमलेश ने उसके साथ छेड़खानी की थी।

## चोरी गया सामान बरामद, तीन आरोपित गिरफ्तार

**पिपराइच** : पिपराइच पुलिस ने रविवार की शाम तीन चोरों को गिरफ्तार करके चोरी का पंपसेट, थाली बर्तन आदि बरामद किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि मटिहनियां जनोबी निवासी आरोपित निलेश सिंह व अमित सिंह ने बीते सात जुलाई को बगल के गांव निवासी गुड्डू सिंह का पंपसेट चोरी किया था। कोनी निवासी मनीष उर्फ मुकेश निषाद को पुलिस ने जंगलधूसड़ से लोहे के सब्बल, बर्तन, दो हजार रुपये नकद व चोरी की दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। मुकेश ने बीते नौ जुलाई को ककरही निवासिनी अनीता देवी के घर में घुसकर चोरी की थी।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, जबरन कराया गर्भपात

**जासं. गोरखपुर :** गुलरिहा की युवती ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव का रहने वाला युवक शादी करने का झांसा देकर चार साल से शारीरिक शोषण कर रहा था। दो बार गर्भपात भी करवा दिया। शादी के लिए कहने पर युवक ने संबंध तोड़ लिया। इसी दौरान स्वजन ने उसकी शादी तय कर दी। जानकारी होने पर उसने प्रेमी को फोन किया तो धमकी देने लगा। कार्यवाहक थाना प्रभारी ने बताया कि आरोप की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

## दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपित को जेल भेजा

**जासं. गोरखपुर :** फर्जी दस्तावेज के जरिए किशोरी से कोर्ट मैरिज कर दुष्कर्म करने और आपत्तिजनक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने के आरोपित अमित मद्धेशिया को गुलरिहा थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## मनबढ़ों ने युवक ने युवक को पीटा, मुकदमा

**भटहट :** जंगल डुमरी नंबर दो के टोला हेलानी निवासी राजकुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के संगम यादव, राजेश यादव व शैलेश ने डंडे से पीट दिया। गुलरिहा थाना पुलिस ने आरोपितों पर मारपीट व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट में दो घायल

पीपीगंज। इलाके के लक्ष्मीपुर में आपसी रंजिश में मारपीट में दो लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, लक्ष्मीपुर निवासी संतोष शर्मा व उनके पट्टीदार जितेंद्र शर्मा के बीच सोमवार सुबह मारपीट हो गई। दोनों को चोटें आई हैं। ब्यूरो

# बुद्ध की मूर्ति चुराने का आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** नेपाल से भगवान बुद्ध की 12 साल पुरानी अष्टधातु की मूर्ति चोरी मामले में फरार आरोपी को सोमवार को जीआरपी को गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकरण में चार आरोपियों को पुलिस ने 2021 में ही गिरफ्तार कर मूर्ति बरामद कर ली थी।

पकड़े गए आरोपी की पहचान गुलरिहा के जैनपुर गांव निवासी विजय कुमार के रूप में हुई। इंस्पेक्टर जीआरपी उपेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 16 दिसंबर 2021 को अष्टधातु की भगवान बुद्ध की मूर्ति के साथ चार बदमाश पकड़े गए थे। इसमें दो गोरखपुर, एक बिहार व एक झारखंड के रहने वाले थे।

छानबीन में पता चला कि 1200 साल पुरानी मूर्ति को नेपाल से चुराकर लाया गया था, जिसे झारखंड में बेचने की योजना थी।

पकड़े गए आरोपितों ने बताया था कि गुलरिहा थानाक्षेत्र स्थित जैनपुर गांव के रामपुर टोला निवासी विजय कुमार से यह मूर्ति उन्हें मिली थी।

सोमवार की सुबह विजय को जीआरपी ने उसके गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। वारदात में शामिल रहा पीपीगंज का बनारसी साथियों की गिरफ्तारी के बाद से ही फरार है।

# नहर काटने वालों पर दर्ज कराएं एफआइआर

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : एडीएम वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार सिंह ने कहा कि नहरों को जो भी काट रहा है, उसके विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराई जाए। यदि ऐसे लोग नहीं मिल रहे हैं तो कटान के कारण जिन किसानों के खेत की सिंचाई हो रही है, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

वह सोमवार को बाढ़ एवं सूखा से पूर्व तैयारियों को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सहायक अभियंता ने बताया कि कुछ स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा नहर काट दी जा रही है, जिससे समस्या उत्पन्न हो रही है। नहर काटने की घटना से तहसीलदार एवं एसडीएम को अवगत कराना होगा। सहायक अभियंता ने बताया कि सभी नहरों में पानी है। नलकूपों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि नलकूप खंड प्रथम में 451, द्वितीय में 559, महराजगंज में 177 नलकूप हैं। इनमें से 38 नलकूप बंद हैं। सहायक अभियंता ने बताया कि इस क्षेत्र में 32 तालाब व 281 पोखरे भी हैं। अपर जिलाधिकारी ने तालाब व पोखरों को पानी से भरे जाने के बारे में भी पूछा। उन्होंने कहा कि 19 जुलाई तक इसकी फोटो उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने जिले की सभी नहरों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी और मानचित्र दो दिन के भीतर उपलब्ध कराने को कहा।

# दुष्कर्म के दो आरोपी पकड़े

**गोरखपुर।** अलग-अलग थानों में दर्ज दुष्कर्म के मुकदमे के दो आरोपियों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

गुलरिहा प्रतिनिधि के मुताबिक, इलाके के एक युवक ने मई 2017 में किशोरी से प्रेम का दिखावा कर पहले उसका फर्जी मार्कशीट बनवाया और फिर शादी कर शारीरिक शोषण करने लगा। अपने दोस्तों से भी संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा, किशोरी ने विरोध किया तो सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर दिया।

दो माह पूर्व एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। आरोपी को पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। उधर, बेलघाट पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में मनिकापार गांव निवासी अहमद को जेल भेजा। ब्यूरो

# विवाहिता की मौत मामले में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

## बड़हलगंज इलाके में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

अमर उजाला ब्यूरो

**बड़हलगंज।** इलाके के नेवादा गांव में फंदे से लटकी मिली विवाहिता की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं, तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति, ससुर, जेठ व जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में बड़हलगंज के लक्ष्मीपुर गांव निवासी सत्यनारायण प्रजापति ने कहा है कि उनकी बेटी सरिता की



**सरिता** (फाइल फोटो)

शादी नौ जून 2021 को नेवादा गांव निवासी संगद पुत्र श्रीराम प्रजापति के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे।

### हत्या की कोशिश का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कैंट इलाके में 19 मई को महिला पर जेसीबी चढ़ाकर मारने की कोशिश करने के आरोपी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान विशुनपुरा निवासी गोलू के रूप में हुई है। चार आरोपियों को पुलिस ने पहले ही जेल भेज दिया था। ब्यूरो

14 जुलाई की सुबह आठ बजे सूचना मिली की सरिता कमरे में छत के कुंडा के सहारे लटक रही है। सूचना पर आए और गंभीर हालत में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को मौत हो गई।

# गुलरिहा क्षेत्र में बाइक हादसे में युवक की मौत, दो लोग घायल

अमर उजाला ब्यूरो

**भटहट।** गुलरिहा इलाके के भटहट-बांसस्थान मार्ग पर बड़हरिया गांव के पास रविवार रात आठ बजे दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए थे।

जानकारी के मुताबिक, परसौना गांव निवासी रामबरन का 35 वर्षीय बेटा महेंद्र रात में भटहट बाजार से सब्जी खरीद कर बाइक से घर लौट रहे था। अभी वह बड़हरिया से पहले पहुंचा था कि सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में महेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। दूसरी बाइक पर सवार दो युवक भी चोटिल हुए थे। महेंद्र को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह मौत हो गई।

## संगम चौराहे के पास युवक का शव मिला

**पादरी बाजार।** शाहपुर क्षेत्र में संगम चौराहे के पास सोमवार शाम लगभग 35 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन नहीं हो पाई। मौत की वजह जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, संगम चौराहा स्थित आटा चक्की के बगल में दोपहर सड़क किनारे एक युवक गिरा पड़ा था। लोगों ने समझा कि शराब पीकर गिरा होगा, लेकिन शाम 6 बजे तब उसी अवस्था में होने से स्थानीय लोगों ने शाहपुर पुलिस को सूचना दी। युवक के शरीर पर काले रंग का शर्ट व नीला जिंस था। ब्यूरो

### सड़क हादसे में एक जान गई

**कैंपियरगंज।** गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर लोहरपुरवा गांव के सामने दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में महराजगंज के फरेंदा थाना क्षेत्र के जम्मू हरा निवासी 35 वर्षीय जवाहिर की मौत हो गई। जबकि, कोलाहल निवासी सूरपार और दूसरे बाइक पर सवार सिद्धार्थ नगर निवासी दिनेश कुमार व पुनीत कुमार घायल हो गए। ब्यूरो

# विवाद सुलझाने पहुंचे चाचा-भतीजे को पीटा

## रामगढ़ताल इलाके में घटना पुलिस ने दर्ज किया केस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके के आजाद नगर में किराएदारों के बीच हुए विवाद को सुलझाने गए मकान मालिक के भतीजे के साथ रविवार रात मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मारपीट का उलहना देने पर मकान मालिक पर जानलेवा हमला किया गया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर संगीता यादव, उनके पति, शिवनाथ यादव, विवेक यादव, अभय यादव, विजय नाथ यादव, व 10 से 12 अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश, मारपीट, बलवा व धमकी की धाराओं में केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, आजाद नगर निवासी भानुप्रताप किराये पर कमरा दिए हैं। इसमें विवेक चौरसिया, संगीता यादव सहित अन्य किरायेदार हैं। आरोप है कि रविवार को सात बजे के करीब विवेक चौरसिया व संगीता के बीच किसी बात पर विवाद हो रहा था।

यह देख भानुप्रताप के भतीजे अभयराज बीच बचाव करने गए। इससे नाराज संगीता यादव पक्ष के लोगों ने उसे कमरे में बंद कर पीटा। सोमवार को संगीता यादव के पास उलहना लेकर गए तो आरोपियों ने भानुप्रताप पर भी जानलेवा हमला किया। रामगढ़ताल इंस्पेक्टर ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## पति समेत तीन पर दर्ज कराया मुकदमा

**पाली।** सहजनवां इलाके की विवाहिता ने सोमवार को पति सल्टन, सास रंभावती व ससुर टेकावन के खिलाफ मारपीट और उत्पीड़न की धाराओं में केस दर्ज कराया है। महिला ने तहरीर में लिखा है कि उसकी शादी करीब छह वर्ष पूर्व संतकबीरनगर जनपद के एक गांव में हुई थी। शुरुआती दौर में सब कुछ ठीक था। दो छोटे बच्चे भी हैं। पति बाहर रहकर पेंट पॉलिश का काम करता है। घर में सास, ससुर, देवर समेत सभी लोग रहते हैं। पति कुछ दिन पहले घर आया तो किसी पड़ोसी ने शिकायत की। इसके बाद उत्पीड़न शुरू कर दिया गया। ब्यूरो

## चोरी के पंपिंग सेट के साथ दो गिरफ्तार

**पिपराइच।** पुलिस ने चोरी के पंपिंग सेट के साथ दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों की पहचान मटिहनिया जनूबी निवासी निलेश कुमार सिंह व अमित सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, मटिहनिया सोमाली गांव से एक सप्ताह पूर्व रविंद्र सिंह का पंपिंग सेट घर के पीछे खेत से चोरी हो गया था। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। ब्यूरो

## दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**पाली।** सहजनवां इलाके के गोविंदपुर बढ़ना में शनिवार शाम प्रधान धर्मेंद्र चौहान और उनके पट्टीदारों में किसी बात पर विवाद हो गया। देखते ही देखते मारपीट होने लगी। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर मारपीट, बलवा, धमकी देने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, गांव में चल रही चकबंदी को लेकर धर्मेंद्र चौहान और उनके पट्टीदार शंकर में मारपीट हुई है। चौकी प्रभारी घघसरा विनय कुमार सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर किया गया है। ब्यूरो

## पुरानी रंजिश में मारपीट, तीन पर केस

**गुलरिहा।** इलाके के जंगल डुमरी नंबर दो हेलानी टोले में पुरानी रंजिश में शनिवार दोपहर मारपीट हो गई। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, गांव के राजकुमार किसी काम से मंदिर टोला जा रहे थे कि मंदिर टोला निवासी संगम यादव, राजेश यादव तथा शैलेष यादव ने हमला कर दिया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# सभासद पति पर हमले के दो आरोपी पकड़े गए

**सहजनवां।** इलाके के वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज निवासी सभासद पति अजीत कुमार उर्फ बबलू पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सहिजना निवासी प्रभावत यादव उर्फ अंकित और विशाल उर्फ पप्पू यादव के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, 10 जुलाई की रात 10 बजे सभासद पति अजीत कुमार घर के पास ही किसी काम से निकले थे। इसी दौरान गोलबंद होकर आरोपियों ने हमला कर दिया था। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती भी कराया था। तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया था। ब्यूरो

# जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**बड़हलगंज।** इलाके के पटना चौराहे पर 16 जुलाई को युवक पर लाठी-डंडे से जानलेवा हमला करने के आरोपी शेषनाथ को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।जानकारी के मुताबिक, चिल्लूपार निवासी विंद्रावती ने केस दर्ज कराया था। उनके मुताबिक, 16 जुलाई को उनका भतीजा शशि कुमार मद्धेशिया रिश्तेदारों को छोड़ने के लिए पटना चौराहे पर गया था। रिश्तेदारों को बस में बैठाकर वहीं पर एक दुकान पर रुक गया। इतने में आरोपी शेषनाथ सोनकर, सुशांत सोनकर, शिवम सोनकर गोलबंद होकर आए और लाठी-डंडे से हमला कर शशि कुमार को घायल कर दिए। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

# रास्ते के विवाद में मारपीट, दे दी दुष्कर्म की सूचना

**बांसगांव।** इलाके के एक गांव में सोमवार को रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के थाने पहुंचने की सूचना पर दूसरे पक्ष की एक महिला ने पुलिस को दुष्कर्म की सूचना देकर हड़कंप मचा दिया। जांच में पता चला कि मामला मारपीट का है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

गांव में मनरेगा के तहत बन रहे रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। गांव का एक शख्स प्रधान से कहने लगा कि खेत से रास्ता नहीं जाएगा। इसी बात पर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। आरोप है कि दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे पर लाठी-डंडा तान दिए। तभी पुलिस पहुंची और एक पीड़ित को थाने ले आई। थोड़ी ही देर बाद दुष्कर्म की सूचना दे दी गई। ब्यूरो

# अल्ट्रासाउंड जांच के लिए महिलाओं का हंगामा

## जिला महिला अस्पताल : एक रेडियोलॉजिस्ट के भरोसे 25 से 30 मरीजों की हो रही जांच



जिला महिला अस्पताल की न्यू बिल्डिंग में बंद अल्ट्रासाउंड केंद्र। संवाद



अल्ट्रासाउंड जांच कराने के लिए अपनी बारी का इंतजार करतीं महिलाएं। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच के लिए आईं महिलाओं और तीमारदारों ने सोमवार को जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस के समझाने पर मामला शांत हुआ।

महिला अस्पताल से दो रेडियोलॉजिस्टों के हुए स्थानांतरण के बाद अल्ट्रासाउंड के लिए मारामारी मच गई है। एक रेडियोलॉजिस्ट के भरोसे अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहा है। इस वजह से जहां 150 से अधिक अल्ट्रासाउंड होते थे, वहीं अब संख्या 25 से 30 तक रह गई है। परेशान महिलाओं ने सोमवार को हंगामा कर दिया।

### निजी सेंटरों पर 800 से एक हजार रुपये लग रहे

महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड न होने की वजह से निजी सेंटरों पर भीड़ बढ़ गई है। अस्पताल के आसपास चल रहे सेंटर पर मजबूरी में 800 से एक हजार रुपये देकर अल्ट्रासाउंड कराया जा रहा है।

### अल्ट्रासाउंड मशीनें खराब होने की आशंका

100 बेड मैटर्निटी विंग में दो अल्ट्रासाउंड मशीनें हैं। रेडियोलॉजिस्टों के स्थानांतरण के बाद दोनों मशीनें चार दिनों से बंद हैं। अस्पताल प्रशासन को डर है कि अगर मशीनें ऐसी ही बंद रहीं तो खराब हो जाएंगी।

अस्पताल में प्रतिदिन करीब 600 महिलाएं इलाज के लिए आती हैं। इनमें गर्भवती से लेकर प्रसूताएं शामिल हैं। करीब 150 से अधिक मरीजों को डॉक्टर अल्ट्रासाउंड की सलाह देते हैं। लेकिन, पिछले दिनों रेडियोलॉजिस्ट डॉ. एमबी तिवारी और डॉ. एके झा के गैर जनपद हुए स्थानांतरण के बाद स्थिति बिगड़ गई है।

रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव अकेले अल्ट्रासाउंड कर रहे हैं। दो मशीनें बंद हैं। वहीं, एक महिला रेडियोलॉजिस्ट के घर शादी के कारण वह अवकाश पर हैं।

> रेडियोलॉजिस्टों के स्थानांतरण के बाद केवल एक रेडियोलॉजिस्ट अल्ट्रासाउंड कर रहे हैं। इस वजह से मरीजों को दिक्कत हो रही है। रेडियोलॉजिस्ट की मांग की गई है।
> \- डॉ. एनके श्रीवास्तव, एसआईसी, महिला अस्पताल

सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं सुबह छह बजे से ही लाइन लगाकर खड़ी थीं। आठ बजे रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अनूप जैसे ही पहुंचे। कर्मचारियों ने सिर्फ 25 टोकन ही वितरित किया। इस पर घंटों से लाइन में खड़ी अन्य महिलाओं ने हंगामा शुरू कर दिया।

# जिला अस्पताल : एआरवी खत्म, मरीजों का प्रदर्शन

### एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने सुबह छह बजे ही पहुंचे थे मरीज

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जिला अस्पताल में एआरवी (एंटी रैबीज वैक्सीन) खत्म होने के विरोध में मरीजों और उनके तीमारदारों ने हंगामा किया।

सोमवार को मरीज तीमारदार के साथ एआरवी लगवाने पहुंचे थे। वहां उन्हें नोटिस चस्पा मिला, जिस पर लिखा था कि एआरवी खत्म है। उपलब्ध होने पर लगेगा।

इससे नाराज मरीजों और तीमारदारों ने सीएमओ कार्यालय के बाहर हंगामा कर नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने समझाकर लोगों को शांत किया।

जानकारी के मुताबिक, खजनी के रामकेश, रामलौटू, पिपराइच के सुरेश, खोराबार के राम विलास, रामसुहाल सहित करीब तीन दर्जन से अधिक मरीज एआरवी (एंटी रैबीज वैक्सीन) लगवाने सुबह छह बजे जिला अस्पताल में पहुंचे थे।

> एआरवी खत्म होने की सूचना लखनऊ को दी गई है। आते ही मरीजों को लगाई जाएगी। - डॉ. अंबुज श्रीवास्तव, अधीक्षक जिला अस्पताल

इनमें से कुछ को कुत्ता, सियार और बंदर ने काटा था। इस बीच आठ बजे जब काउंटर खुला तो कर्मियों ने बताया कि एआरवी खत्म है। लग नहीं पाएगी। इस पर मरीज और तीमारदार नाराज हो गए।

कुछ देर बाद दर्जनों की संख्या में मरीज और तीमारदार सीएमओ कार्यालय के बाहर पहुंचे और शिकायत की। सीएमओ ने अधीक्षक से वार्ता की। उन्हें बताया गया कि एआरवी खत्म है। डिमांड लखनऊ भेजी गई है। इसकी सूचना भी एआरवी कक्ष के बाहर चस्पा की गई है।

# एक ही जमीन को दो बार बेचा, गिरफ्तार

**गोरखपुर।** खोराबार इलाके में स्थित एक ही जमीन को दो बार बेचने का मामला सामने आया है। जमीन की एक बार रजिस्ट्री करने के बाद आरोपी ने फिर उसी जमीन को दूसरे शख्स को बेच दी। पुलिस ने सोमवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

आरोपी की पहचान खोराबार के जगदीशपुर निवासी धर्मेंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, धर्मेंद्र सिंह ने अपनी जमीन 20 नवंबर 2011 को बेच दी थी। बाद में फिर उसी जमीन को जगदीशपुर की विंध्यवासिनी देवी पत्नी प्रह्लाद मौर्या को बेच दी थी। जब जमीन पर दूसरा पक्ष निर्माण कराने पहुंचा तो जालसाजी की जानकारी हुई। ब्यूरो

# पांच करोड़ की जालसाजी का आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

## सोसाइटी के खिलाफ खजनी थाने में दी तहरीर, लोगों ने किया प्रदर्शन

हरनही। खजनी क्षेत्र के सिसवा, सोनबरसा, पचौरी समेत कई गांव के लोगों ने एक सोसाइटी पर पांच करोड़ रुपये जालसाजी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी और थाने के बाहर प्रदर्शन किया।

आरोप है कि खजूरी गांव के एक शख्स प्रबंधक थे और लोगों से रुपये जमा कराए गए थे। पांच करोड़ से अधिक रुपये लेकर सभी कर्मचारी फरार हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सोसाइटी की शुरुआत 2015 में हुई थी। सभी ने आरडी व अन्य मद के लिए रुपये दिए थे। समय पूरा होने के बाद भी जब रकम नहीं मिली तो सभी लोग सोसाइटी के ऑफिस पहुंचने लगे। अब ऑफिस बंद कर कर्मचारी फरार हो गए हैं।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाने में खजूरी गांव के नंदलाल, रामनेवास, काशी, दीनानाथ, गोलू, विमला सहित 50 लोगों ने हस्ताक्षर का प्रार्थनापत्र दिया है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2022

राष्ट्रीय 14/07/22

# नानी के घर रह रही किशोरी का अपहरण आरोपी गिरफ्तार

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली में दिये गये तहरीर में उषा देवी ने कहा कि बैतालपुर थाना गौरीबाजार की निवासिनी हूँ। मेरी 12 वर्षीय पुत्री कक्षा 7 की छात्रा है, जो इस वर्ष कक्षा 8 में कस्तूरबा गांधी बालिका इण्टर कालेज देवरिया में प्रवेश करेगी। हमारे गांव के ही आरोपी अमन सिंह सैंथवार मेरी लड़की जो अपने ननिहाल जोकहा खास में एक महीना में रहती थी। जो कि केडी पब्लिक स्कूल नकटापार में अपने मामा की लड़की को छोड़ने जा रही थी। रास्ता में अमन सिंह आरोपी ने मेरी नाबालिक लड़की को जबरदस्ती खींच कर कार में बैठाकर ले कर चला गया। उसी समय मेरी पिता भी उस रास्ते में अपने बहन के घर जा रहे थे। तभी वह इस घटना को देखे और आकर रुद्रपुर कोतवाली के पुलिस चौकी झिरुआ पर आकर सूचना दिया। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धारा 365 का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# अवैध शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**अकटहीबाजार (एसएनबी)**। बनकटा थाना क्षेत्र के एकडंगा से बिहार ले जा रहे शराब तस्करों को पुलिस ने तड़के सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर एकडंगा पंडित के समीप सफेद रंग की बेलोरो जेएच-05 जी 2200 को रोक कर तलाशी किया। जिसमें छुपा कर रखी गई अवैध शराब 34 पेटी बन्टी बबली प्रत्येक पेटी में 45 सीसी प्रति सीसी 200 एमएल बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों की शिनाख्त सलमान अली(23) पुत्र सिकन्दर अली निवासी ग्राम माहपुर थाना हुसैनगंज जनपद सिवान व दूसरे अभियुक्त की पहचान सतीश कुमार यादव(25) पुत्र स्व0 भरत यादव निवासी ग्राम सोनबर्षा थाना एमएच नगर हसनपुर जनपद सिवान बिहार के रूप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम की धारा 60 ईक्स व मोटर अधिनियम की धारा 207 के तहत कार्रवाई की गई है।

**मेंहदार मंदिर में भगदड़**

# दो महिलाओं की मौत

**अकटहीबाजार (एसएनबी)**। बिहार सीवान जनपद के प्रसिद्ध प्राचीन शिव मंदिर मेंहदार स्थित महेंद्रनाथ मन्दिर में सावन के प्रथम सोमवारी पर भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिसमें दबने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई है।

घटना सीवान के ऐतिहासिक महेंद्र नाथ मंदिर की है। घटना के वाद सीवान पुलिस और चौनपुर महादेवा ओपी की पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृत महिला की पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के प्रतापपुर निवासी मोताब चौधरी की पत्नी लीलावती देवी और जीरादेई थाना क्षेत्र के पथार गांव की रहने वाली

## एक महिला घायल

सुहागमती देवी के रूप में हुई है। वहीं घायल महिला सिवान प्रतापपुर निवासी जनक देव भगत की पत्नी शिव कुमारी है। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरातफरी मच गई। घायल महिला को सीवान सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बारे में घायल शिव कुमारी के पति जनक देव भगत ने बताया कि मेंहदार मंदिर में वो जल चढ़ाने के लिए आए थे।सोमवारी के दिन आज सुबह तीन बजे मंदिर का गेट खुलने के दौरान भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए लोगों की भारी भीड़ एक साथ घुसने लगी। इस में भगदड़ और धक्का-मुक्की जैसी स्थिति हो गई। इसमें उनकी पत्नी भी दब गई। वहीं मृत लीलावती देवी की मौत के बाद परिजन के शव को लेकर घर चले गए। पुलिस मंदिर परिसर में स्थिति को सम्भालने में लगी रही। खबर लिखे जाते समय मन्दिर में स्थिति सामान्य होने की सूचना मिली थी।



सावन के पहले सोमवार को मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़।

**जल चढ़ाने गये युवक की तालाब में डूबने से मौत** : बनकटा प्रतिनिधि के अनुसार सावन मास के पहले सोमवार को बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए महेन्द्रनाथ धाम गये यहां के एक 18 वर्षीय युवक की भगदड़ के दौरान तालाब में डूबने से मौत हो गयी वहीं दो अन्य महिला श्रद्धालुओ की भगदड़ के दौरान दब कर मौत हो गयी जब कि एक अन्य घायल महिला का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मृत युवक निकेश 18 वर्ष पुत्र दुर्गा कुशवाहा बनकटा थाना क्षेत्र के सुन्दरपार भटवलिया टोला गांव का निवासी था। भगदड़ के बाद पुलिस द्वारा शव को तालाब से बाहर निकलवाया गया और युवक की पहचान होने पर परिजनों को बुलाकर आवश्यक करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।इस घटना के बाद दिन भर अफवाहों का दौर चलता रहा भगदड़ मे फलां-फलां गांव के इतने लड़कों की भी डूबने से मौत हो गयी है।इसको लेकर लोग दिन भर परेशान रहे।

हि-हुस्तान-19/07/22

# 70 हेडकांस्टेबलों का होगा प्रशिक्षण

देवरिया। जिले के थानों, लाइन और प्रकोष्ठों में तैनात 70 हेडकांस्टबलों का प्रशिक्षण गोरखपुर और सीतापुर में होगा। इसके लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय को पत्र प्राप्त हो गया है। सभी हेड कांस्टेबल 30 दिनों का प्रशिक्षण पूरा कर अपने जिले में वापस होंगे।

जिले में तैनात 70 हेडकांस्टेबलों को आधारभूत प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो 21 जुलाई से शुरु होकर 30 दिनों तक चलेगा। देवरिया जिले के अलग अलग थानों, लाइन, प्रकोष्ठो के साथ कुछ दूसरे जिले में तैनात पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए पीटीएस गोरखपुर और सीतापुर आमद कराने का निर्देश दिया गया है। 41 हेड कांस्टेबलों को गोरखपुर पीटीएस व 29 हेड कांस्टेबल को सीतापुर पीटीएस में प्रशिक्षण के लिए पत्र आया है। जहां पर पुलिस कर्मी 21 जुलाई से 30 दिनों का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। सभी को अपने जिले में वापस आमद कराना होगा।

# नहर काट रहे व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

तरकुलवा। क्षेत्र से होकर गुजरने वाली सेमरी रजवाहा को कुछ किसानों ने रविवार की रात बसंतपुर महुआ एवं जमुनी गांव के निकट काट दिया। जिससे पानी हेड से टेल तक न पहुंच करके बर्बाद होने लगा। जानकारी होने पर सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने उसे बांधने के प्रयास में जुट गए। सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने नहर काटते एक व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# मजदूर की हत्या में सात लोग पुलिस की हिरासत में

देवरिया। महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा गांव के समीप 28 जुलाई को एक मजदूर की हत्या कर शव फेंक दिया गया था। कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के करंज गांव के श्रीकांत प्रसाद (51) मजदूरी का काम करते थे। अगले दिन सुबह उनका शव महुआडीह के चिउरहा खास गांव के मुर्गी फार्म के पास मिला। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरु की।

# कच्ची शराब के कारोबारी को दबोचा

बरहज। आबकारी विभाग से चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में सोमवार को क्षेत्र-तीन में स्थित नौका टोला कपरवार में दबिश दी गई। इस दौरान धंधे में संलिप्त एक कारोबारी को गिरफ्तार करते हुए करीब 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व एक बाइक बरामद की गई। मामले में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत करते हुए बाइक को सीज किया गया।

हिन्दुस्तान-19/07/22

# 17 पर बलवा, तोड़फोड़ और मारपीट का केस दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। ब्रम्हभोज में भोजन कराने के मामले में गोल बनाकर घर पर चढ़ कर लाठी डंडे से मारपीट करने वाले 17 लोगों के विरुद्ध पुलिस ने बलवा, तोड़ फोड़ और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। घटना शहर के रामगुलाम टोला मोहल्ले में दो दिन पूर्व हुई थी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रामगुलाम टोला मोहल्ले के रहने वाले संजय प्रसाद पुत्र राम बेलास ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 16 जुलाई को उसके घर ब्रम्हभोज था। जिसमें तेरहवी का भोजन कराने के विवाद में मोहल्ले के कुछ लोगों ने गोलबंद होकर लाठी डंडे से लैस होकर हमला कर दिया। मनबढ़ों ने घर में तोड़ फोड़ किया। जिसमें कई लोग घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने राकेश, राहुल पुत्रगण स्व. मदन, रितिक पुत्र राकेश, भोला, राजू पुत्रगण राजेन्द्र, राजेन्द्र पुत्र शिवप्रसाद , देवेन्द्र भारती पुत्र महेन्द्र, सोनू, संतोष पुत्रगण महेन्द्र, मैनेजर, राजकुमार, जयकुमार पुत्रगण रामअवध, सुनीता पत्नी राकेश, शुभावती पत्नी मदन, पूनम पत्नी सुरेन्द्र, सरिता पत्नी रामू, मोनिका पत्नी भोला निवासिनी रामगुलाम टोला थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध केस दर्ज किया।

दैनिक जागरण दि॰ 19-7-22

# नाबालिग का अपहरण करने वाला युवक गिरफ्तार

**जासं, रुद्रपुर**: नाबालिग के अपहरण के आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बालिका को बरामद कर चिकित्सीय जांच के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बालिका रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव अपने ननिहाल में आई थी। युवक ने गलत नियत से अपहरण किया था।

बालिका की मां ने तहरीर में आरोप लगाया कि पुत्री एक माह पूर्व रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल गई थी, जहां 16 जुलाई को अपने चचेरे भाई को स्कूल छोड़ने जा रही थी। गांव के युवक अमन सिंह ने उसे जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठा लिया। बालिका के नाना ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पीड़िता की मां के तहरीर पर अमन सिंह के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। कोतवाल राजू सिंह ने बताया कि आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नाबालिग को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है ।

दैनिक जागरण 19-7-22

# किशोरी के भगाने का लगाया आरोप, मुकदमा

बरहज : थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला की तहरीर पर पुलिस ने फुलवरिया शत्रुघ्नपुर थाना चौरीचौरा जनपद गोरखपुर के रहने वाले मनीष कुमार पुत्र सोहन प्रसाद के विरुद्ध किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# मारपीट का मुकदमा दर्ज

बरहज : नगर के पटेल नगर जहाज घाट की रहने वाली आशा देवी पत्नी हरिशंकर की तहरीर पर पुलिस ने धर्मेंद्र गिरी के विरुद्ध मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज की है। ग्राम सिसई गुलाबराय की रहने वाली रीमा देवी पत्नी लाल साहब की तहरीर पर पुलिस गांव के ही रहने वाले कांता यादव पुत्र रामनाथ यादव, छांगुर, राजेश पुत्रगण कांता के विरुद्ध दरवाजे के सामने दीवार बनाने, हैंडपंप उखाड़ने और विरोध करने पर मारने पीटने पर पुलिस ने मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज की है। (जासं)

दैनिक जागरण दि०-19-7-22

# देवरिया में 15 मिनट में ही तीन महिलाओं से हो गई छिनैती

- सुबह 5.10 व 5.25 के बीच कोतवाली थाना क्षेत्र में हुईं तीनों घटनाएं
- दो महिलाएं सुबह टहल रहीं थीं, एक पूजा से लौट रहीं थीं घर

जासं, देवरिया: अगर आप सुबह-सुबह टहलने अथवा पूजा करने जा रहीं हैं तो सतर्क रहिए। शहर में चेन छीनने वाले बदमाशों का गिरोह सक्रिय है। सोमवार सुबह ही कोतवाली थाना क्षेत्र में 15 मिनट के भीतर महिलाओं के गले से चेन छीनने की तीन घटनाएं हो गईं। तीनों चेन की कीमत लगभग तीन लाख रुपये बताई जा रही है।

शहर के बजाजी रोड निवासी हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. कमलेश अग्रवाल की पत्नी रेनू अग्रवाल सुबह टहलने निकलीं थीं। 5.10 बजे कसया-भीखमपुर रोड के मोड़ पर पहुंची थीं कि बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी चेन छीन ली और भीखमपुर रोड की तरफ भाग निकले। पांच मिनद बाद भीखमपुर रोड पर ही कुछ आगे बदमाशों ने केनरा बैंक के पास दवा व्यवसायी श्रीश कानोडिया की दादी प्रेमलता कानोडिया से चेन की छिनैती की। वह भी टहलने निकलीं थीं। बदमाशों ने तीसरी घटना को लगभग 5.25 बजे अंजाम दिया। वार्ड नंबर तीन आंबेडकर नगर भीखमपुर रोड निवासी मुन्नी देवी पत्नी अशोक द्विवेदी हनुमान मंदिर से पूजा कर घर लौट रहीं थीं। घर के पास पहुंची थीं कि अनिल नामक व्यक्ति का पता पूछने के बहाने बदमाशों ने झपट्टा मारकर चेन छीन ली। मुन्नी देवी के गले पर चोट भी आई है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि स्नेचरों की तलाश में टीम लगाई गई है।

दैनिक जागरण दि०-19-7-22

# 20 लीटर कच्ची के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

जासं, बरहज : आबकारी विभाग की टीम की तरफ से अभियान चलाया गया। टीम बरहज के नौका टोला कपरवार में दबिश के दौरान 20 लीटर कच्ची बरामद की। मौके से बाइक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया।

अमर उजाला दि०19-7-22

# 34 पेटी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**एकडंगा पंडित चौराहे से पकड़े गए**

रामपुर बुजुर्ग। बनकटा थाना क्षेत्र के एकडंगा पंडित चौराहे से सोमवार को बोलेरो से बिहार ले जाई जा रही 34 पेटी शराब पुलिस ने बरामद की।

साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सलमान अली निवासी ग्राम माहपुर थाना हुसैनगंज जनपद सिवान, सतीश कुमार यादव निवासी ग्राम सोनबरसा के रूप में हुई है।

एसओ दिलीप सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 19-07-2022

## जिले के तीन थाना क्षेत्रों में हुईं बाइक चोरियों का खुलासा

# चोरी की 28 बाइक के साथ तीन चोर गिरफ्तार

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। कुशीनगर जिले की पटहेरवा पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। ये यूपी और बिहार से वाहन चुराकर बेचते थे। चोरी की बाइक खरीदकर ठिकाने भी लगाते थे। इनके कब्जे से अलग-अलग जगहों से चोरी हुई 28 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों से यह गैंग मोटरसाइकिलें चुराता था। कम कीमत में बाइक चाहने वालों को बेचता था। अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पटहेरवा पुलिस की टीम ने बनकटा बाजार के पास से एक मोटरसाइकिल सवार तीन संदिग्धों को पकड़ा तो बाइक चोरी की निकली। कड़ाई से पूछताछ में तीनों शातिर अंतरराज्यीय वाहन चोर निकले। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने 28 चोरी की बाइक बरामद की। वाहन चोरों की पहचान साहब हुसैन निवासी लोहरवलिया थाना पटहेरवा, सुनील जायसवाल निवासी बनकटा बाजार थाना पटहेरवा तथा रोहित कुमार मद्धेशिया निवासी कटेया वार्ड नं0 4 थाना कटेया गोपालगंज के रूप में हुई।

एसपी ने बताया कि यह गैंग काफी समय से सक्रिय था। इन्होंने चोरी की कुछ बाइक बेच भी दी हैं। बरामद वाहनों के संबंध में गहराई से छानबीन की जा रही है। यह गिरोह चोरी की बाइक ठिकाने भी लगाते था। बरामद चोरी की बाइक में तेरह पर बिहार, गुजरात प्रांत के अलावा यूपी के गोरखपुर, आजमगढ़, देवरिया व कुशीनगर जिले की नंबर प्लेट लगी हैं। कुछ पर चेसिस नंबर नहीं है।



सोमवार को एसपी धवल जासवाल की प्रेसवार्ता में शातिर चोरों को मीडिया के सामने प्रस्तुत किया गया। • हिन्दुस्तान

### सात बाइक चोरियों का खुलासा हुआ

एसपी ने बताया कि पटहेरवा थाना क्षेत्र से चारी तीन बाइक, कसया से चोरी एक बाइक, तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र से चोरी दो बाइकों व देवरिया के बघौचघाट से चोरी का खुलासा हुआ है। वाहन मालिकों को बुलाया गया है।

### खुलासा करने वाली टीम को 50 हजार

एसपी ने बताया कि पटहेरवा पुलिस टीम ने सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए एसपी की ओर से पुलिस टीम को 25 हजार व डीआईजी की ओर से 25 हजार रुपये का इनाम दिया जा रहा है।

# चोरियों के खुलासे के करीब रामकोला पुलिस

**रामकोला।** रामकोला पुलिस कई चोरियों का खुलासा करने के करीब है। चोरों के सरगना को पकड़ने के बाद पुलिस चोरी के माल की बरामदगी में जुटी है। सपहा गड्डुलहा के रुद्रप्रताप राव धान की रोपाई को शाम को खेत में एक साथ दो पम्पिंग सेट बांधकर दूसरे दिन भोर से पानी चलाने की तैयारी किये थे। भोर में उनके पुत्र पानी चलाने को खेत पर पहुंचे तो देखे पम्पिंग सेट चोरी हो गया है।

# पोखरे किनारे गन्ने के खेत से चप्पल व गमछा बरामद

**फॉलोअप**

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम करदह में 5 दिन पूर्व एक 14 वर्षीय किशोर शव तालाब में मिला था। मृत की मां ने अज्ञात लोगों पर हत्या कर शव को पोखरे में फेंकने की तहरीर दी है। तहरीर पर सोमवार को जांच करने घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को बगल के गन्ने के खेत में जोड़ी लेडीज चप्पल व गमछा तथा खिलौना वाला चाकू मिला है। पुलिस ने जांच के क्रम में सामनों को कब्जे में ले लिया है।

खड्डा क्षेत्र के ग्राम हसन्दर अंसारी का छोटा पुत्र तावेद (14) बीते बुधवार की शाम लगभग 5 बजे कुछ दोस्तों के साथ गांव के पश्चिम स्थित पोखरे की तरफ गया था। इसके बाद से तावेद लापता हो गया। दूसरे दिन सुबह तावेद का शव पोखरे में मिला। तावेद की आंख, कान, चबडा व नाक से खून निकला हुआ था। लग रहा था कि किसी नुकीली वस्तु से प्रहार किया गया हो। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोर की मौत की वजह गर्दन से ऊपर छह जगहों पर लीग गंभीर चोट एंटी मार्टम इंजरी बतायी गयी। मां की हालत बेटे का शव मिलने के बाद से खराब थी। अस्पताल में भर्ती थी।

# पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पर युवाओं के प्रदर्शन का वीडियो वायरल

**फाजिलनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के नारायनपुर कोठी में आभूषण कारीगर के हत्या के खुलासे की मांग को लेकर धरने पर बैठे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू पर कुछ युवाओं द्वारा धरना प्रदर्शन कर विरोध करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पिछले माह छह जून को नरायनपुर कोठी में आभूषण कारीगर की उसके दुकान में गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के खुलासे की मांग को लेकर कांग्रेसी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में 23 जून से धरना दे रहे हैं। सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने लगा, जिसमें युवकों का एक समूह धरना प्रदर्शन के विरोध में नारे लगाते दिख रहे हैं। युवकों का आरोप है वह अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये धरना कर कस्बे के व्यापारियों का नुकसान कर रहे है, क्योंकि शाम के समय जब बाजार का समय होता है तो लाउडस्पीकर की तेज आवाज के चलते ग्राहक और दुकानदार दोनों को असुविधा हो रही है।

# युवक-युवती को किया बरामद

**खड्डा।** क्षेत्र के एक गांव में लव जेहाद की तहरीर पर सक्रिय हुई पुलिस ने युवक व युवती को बरामद कर लिया। युवती ने खुद युवक के साथ घर से भागने की बात कही है जबकि परिजन लव जेहाद का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस आरोपी युवक से पूछताछ में जुटी है।

# नए थाने में दर्ज हुआ पहला केस

**तमकुहीराज।** तमकुहीराज थाना ने अपना कार्य शुरू कर दिया है। स्थापित होने के बाद इस नये थाने में पहला मुकदमा दर्ज किया गया है। नए थाने में तरयासुजान थाना के तमकुहीराज एवं डिबनी बंजरवा पुलिस चौकी सहित कुल 43 गांव एवं पटहेरवा थाना के समउर पुलिस चौकी के 14 गांव शामिल किए गए हैं। हालांकि तमकुहीराज थाने की प्रथम सूची में खामी होने के कारण उसे संशोधित करने की प्रक्रिया जारी है।

सइमल बाबा मजार के विवाद को लेकर पहला मुकदमा दर्ज करने के साथ ही तमकुहीराज थाना का अस्तित्व में आ गया है। इस थाने को मिले प्रथम सूची के अनुसार इसमें कुल 57 गांव समिल्लित किए गए हैं। इसमें तरयासुजान के 43 एवं पटहेरवा थाने के 14 गांव शामिल किये गए हैं।

# खड्डा, हनुमानगंज के नये एसओ ने ग्रहण किया कार्यभार

**खड्डा।** खड्डा थाने पर तैनात इंस्पेक्टर धनवीर सिंह और हनुमानगंज एसओ संतोष यादव का स्थानांतरण प्रभारी फीडबैक सेल व अपराध शाखा में होने के बाद खड्डा के नवागत इंस्पेक्टर दुर्गेश कुमार सिंह व हनुमानगंज एसओ रामसहाय चौहान ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। दोनों एसओ को विदाई एक सादे समारोह में की गयी। दोनों एसओ को अच्छे कार्यकाल के लिए धन्यवाद दिया।

# पुलिस ने चिता से उठाया विवाहिता का अधजला शव

- **संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी मृत्यु, पुलिस व मायके वालों को नहीं दी थी सूचना**
- **ससुराली कर रहे थे अंतिम संस्कार, मृतका की मां ने दर्ज कराया मुकदमा**

**जागरण संवाददाता, दुद्धी:** विशुनपुरा के गांव जंगल लाला छपरा में सोमवार की रात साढ़े आठ बजे संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मृत्यु हो गई। ससुराली मायके वालों को सूचना दिए बिना ही आनन फानन में शव का अंतिम संस्कार कर रहे थे। इस बीच मृतका की मां की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से चिता बुझाकर अधजला शव उठाया।

सेवरही के गांव गौरीजगदीश निवासी प्रभु निषाद की बेटी 26 वर्षीय ललिता की शादी सात साल पहले जंगल लाला छपरा निवासी श्रीकिशुन के बेटे रमाकांत निषाद के साथ हुई थी। उससे एक पुत्र व एक पुत्री है। बताया जा रहा है कि ललिता की बाहर रह रहे पति से किसी बात को लेकर मोबाइल पर कहासुनी हो गई। इसके बाद विवाहिता का शव बंद कमरे में फंदे से लटका मिला। ससुराली पुलिस व विवाहिता के मायके वालों को सूचना दिए बिना ही आनन फानन में शव का अंतिम संस्कार करने लगे। किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना मृतका की मां श्रीमती देवी को दी। उन्होंने विशुनपुरा पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ तमकुहीराज जितेंद्र कालरा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतका के मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# किशोरी के अपहरण का आरोप, तहरीर

**जासं, राजापाकड़** : सेवरही क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने गांव के ही एक दूसरे समुदाय के युवक पर नाबालिग पुत्री के अपहरण का आरोप लगा पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि उसकी बेटी चार दिन पूर्व घर से गायब हो गई। पूछताछ में बेटी की सहेलियों ने बताया कि गांव के पूरब टोला निवासी एक युवक अपने माता पिता के सहयोग से उसे ले गया है। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी थानाध्यक्ष जीत बहादुर ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है पता करवा रहा हूं। विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डेढ़ माह बाद भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े हत्यारे

**जासं, बेलवा कारखाना:** पटहेरवा के नारायनपुर कोठी में आभूषण कारीगर की दुकान के अंदर गला काटकर हत्या के मामले का डेढ़ माह बाद भी पुलिस पर्दाफाश नहीं कर सकी है। जबकि घटना के दिन ही मौके पर एसपी धवल कुमार जायसवाल ने तीन दिन में घटना के पर्दाफाश का भरोसा दिया था।

देवरिया सदर के रामगुलाम टोला निवासी 50 वर्षीय जयराम वर्मा पटहेरवा के नरायनपुर कोठी में आभूषण बनाने का कार्य करते थे। छह जून की रात्रि दुकान के अंदर उनकी गला रेतकर कर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्धों को उठाया भी लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 20 दिनों से धरने पर बैठे हैं। प्रभारी निरीक्षक पटहेरवा अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस के हाथ कुछ सुराग लगे हैं। इस पर कार्य किया जा रहा है। जल्द ही हत्यारे पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के विरुद्ध इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल**

पटहेरवा के नरायनपुर कोठी में आंदोलनरत कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के विरुद्ध सोमवार को इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। 1.37 मिनट, 1.10 मिनट व 10 सेकेंड के तीन वीडियो में कुछ युवक कांग्रेस नेता के विरुद्ध बाजार में नारेबाजी कर रहे हैं। वीडियो में युवक आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस के लोग राजनीतिक स्वार्थ के लिए धरना प्रदर्शन कर कस्बे के व्यापारियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शाम को जब बाजार का समय होता है तो लाउडस्पीकर की तेज आवाज के चलते ग्राहक और दुकानदार दोनों को असुविधा होती है। व्यापार प्रभावित हो रहा है।

# चोरी की 28 बाइक बरामद, गिरोह का पर्दाफाश

## तीन गिरफ्तार, चोरी के साथ ही करते थे खरीद व बिक्री, बिहार में बेचते थे यूपी से चुराई गई मोटरसाइकिल

**जासं, पडरौना (कुशीनगर)**: बाइक चोरी के साथ उसकी खरीद बिक्री करने वाले अंतरप्रांतीय गिरोह का पर्दाफाश पटहेरवा थाना पुलिस ने किया है। तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनकी निशानदेही पर अलग-अलग जगहों से चोरी की 28 बाइक बरामद हुई है। पूछताछ के आधार पर गिरोह के सरगना को पकड़ने में पुलिस जुटी है।

सोमवार को कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी धवल जायसवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बनकटा बाजार के पास से संदेह के आधार पर एक बाइक पर सवार तीन लोगों को पकड़ा। पूछताछ में बाइक चोरी की निकली। पुलिस ने जब सख्ती की तो बदमाशों ने अन्य चोरी की अन्य बाइकों के बारे में बताया। इनकी निशानेदही पर



पटहेरवा थाना परिसर में बरामद मोटरसाइकिल व बाइक चोरी के आरोपितों के साथ मौजूद पुलिस टीम● जागरण

### 11 वाहन स्वामियों की हुई पहचान

एसपी ने बताया कि चोरी की बरामद बाइकों में अब तक 11 वाहन स्वामियों की पहचान हुई है, जिन्हें गाड़ी के कागजात के साथ बुलाया गया है। बाकी वाहन स्वामियों की भी पहचान करने के लिए पुलिस टीम लगी है।

कुल 28 बाइकें बरामद हुईं। पकड़े गए बदमाशों की पहचान पटहेरवा थाने के लोहरवलिया के साहब हुसैन, इसी थाने के बनकटा बाजार निवासी सुनील जायसवाल, बिहार के गोपालगंज जनपद के थाना कटेया वार्ड नंबर चार निवासी, रोहित कुमार मद्धेशिया के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर बदमाशों को जेल भेजने की



पकड़े गए बाइक चोरों के बारे में जानकारी देते एसपी धवल जायसवाल● जागरण

कार्रवाई की जा रही है। बदमाशों से मिले इनपुट के आधार पर गिरोह के सरगना व अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। इस दौरान एएसपी रितेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

**ऐसे करते थे चोरी व बिक्री**

गिरोह के सदस्य बाइक लेकर आने वाले व्यक्ति की पहले गतिविधियों की निगरानी करते थे। फिर मौका देखकर बाइक लेकर फरार हो जाते थे। पूछताछ में बदमाशों ने स्वीकार भी किया कि चोरी की बाइक खरीदने के साथ खुद चुराते भी थे। यूपी की गाड़ी बिहार में और बिहार की गाड़ी में यूपी में बेचते थे।

**टीम में यह रहे शामिल**

-प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह,दारोगा सुभाष चन्द्र,देशराज सरोज, अरविन्द कुमार, हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, राकेश गौड़ आदि बदमाशों को पकड़ने वाली टीम में शामिल रहे।

# हरे पेड़ों की कटान से पर्यावरण को हो रही क्षति



अहिरौली बाजार में पेड़ काटते मजदूर ● जागरण

**जागरण संवाददाता, अहिरौली बाजार:** क्षेत्र के गांवों में हरे वृक्षों की कटान जोरों से चल रही है। इससे पर्यावरण को क्षति पहुंच रही है। जिम्मेदार कार्रवाई से परहेज कर रहे हैं। क्षेत्र के कई ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद भी विभाग के अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे हैं।

विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से लकड़ी माफिया के हौसले बुलंद हैं। यही वजह है कि हरे पेड़ों की कटान पर लगाम नहीं लग पा रही है। एक तरफ सरकार पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधारोपण पर जोर दे रही है तो दूसरी तरफ माफिया वन संपदा पर आरी चला रहे हैं। सब कुछ जानने के बाद भी पुलिस और वन विभाग की ओर से कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# शिकायतों के निस्तारण में बरतें पारदर्शिता

**पडरौना।** आईजीआरएस, मुख्यमंत्री संदर्भ, ऑनलाइन आवेदन और संपूर्ण समाधान दिवस व जनता दर्शन में डीएम स्तर प्राप्त शिकायतों सहित शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं को लेकर सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। देर शाम तक चली इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सभी शिकायतों का पारदर्शितापूर्ण तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम एस. राजलिंगम ने तहसीलवार एवं विभागवार शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने आईजीआरएस एवं ऑनलाइन प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। संवाद

# 28 बाइकों के साथ तीन अंतरराज्यीय चोर दबोचे

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने दिया 50 हजार का इनाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** पटहेरवा थाना क्षेत्र में बाइक चुराकर बेचने वाले तीन अंतरराज्यीय गैंग के तीन चोर पकड़े गए। उनके पास से चोरी की 28 बाइक बरामद हुई।

तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस जांच में जुटी है। सोमवार को एसपी धवल जायसवाल ने यह जानकारी पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि चोरों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को कुल 50 हजार रुपये का इनाम दिया गया है।

एसपी ने बताया कि पिछले हफ्ते में बुधवार को बाइक चोरी के संबंध में सूचना पटहेरवा पुलिस को मिली।

### मुकदमा दर्ज करके पुलिस जांच में जुटी है

संदेह के आधार पर पुलिस ने एक युवक से पूछताछ की तो चोरी की तीन बाइक बरामद हुई। । बाद में पटहेरवा में ही अलग-अलग जगहों से कुल 13 बाइक मिली। पुलिस ने जब जांच का दायरा बढ़ाया तो देवरिया जिले में अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखी गई 15 बाइक मिली। एसपी ने बताया कि गैंग के तीनों सदस्य कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, बिहार के गोपालगंज के बाजारों में घूम-घूमकर चोरी करते हैं। चोरी की बाइक को मरम्मत के बहाने किसी मैकेनिकों को दे देते थे। इससे किसी को उन पर शक नहीं होता था। पकड़े गए चोरों का नेटवर्क यूपी और बिहार के कई जिलों में फैला हुआ है।

आरोपियों की पहचान साहब हुसैन पुत्र इशरायल अंसारी निवासी लोहरवलिया थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर, सुनील जायसवाल पुत्र संपत जायसवाल निवासी बनकटा बाजार थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर और रोहित कुमार मद्धेशिया पुत्र हरिश्चन्द्र मद्धेशिया निवासी कटेया वार्ड चार थाना कटेया जनपद गोपालगंज (बिहार) के रूप में हुई।

### बाइक चोरी करते ही लगा देते थे दूसरी नंबर प्लेट

चोर जिस जिले की बाइक उड़ाते थे। सबसे पहले उसका नंबर प्लेट बदल देते थे। नंबर भी किसी और जिले का अंकित रहता था। पुलिस को चकमा देने के लिए बाइक में कुछ परिवर्तन करा देते थे। बरामद बाइक में अधिकांश चार से पांच वर्ष पूर्व चोरी हुई थी। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि जो बाइक बरामद हुई हैं। उनके मालिकों की पहचान करके वापस लौटाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# पुलिस ने चिता से अधजले शव को कब्जे में लिया

## संदिग्ध हाल में महिला की सोमवार सुबह हुई थी मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**दुदही।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल लाला छपरा में चिता बुझाकर पुलिस ने महिला का शव बरामद किया। सोमवार सुबह महिला की संदिग्ध हाल में मौत हो गई थी।

शाम ढलने पर परिजन उसका शव लेकर दाह संस्कार करने पहुंचे। अंधेरे में चिता जलाने की सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। पुलिस ने चिता की आग बुझाकर अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। जंगल

### शाम ढलते ही कर रहे थे दाह संस्कार, मामले की खोजबीन करने में जुटी पुलिस

लाला छपरा निवासी रमाकांत निषाद घर से बाहर रहकर कमाता है। उसकी पत्नी ललिता देवी (26) बच्चों के साथ घर पर रहती है।

सोमवार की सुबह ललिता अपने पति से मोबाइल पर बात कर रही थी। इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बच्चों के स्कूल जाने के बाद महिला अपने कमरे में फंदे से झूल गई। महिला की मौत होने की बात छिपाकर ससुराली दिनभर घर पर पड़े रहे। शाम ढलने के बाद चुपके से उसका शव जलाने पहुंच गए। किसी ने इसकी सूचना महिला के मायके को दे दी।

मायके वालों ने पुलिस को बताया। घटना की जानकारी होने पर विशुनपुरा थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार यादव फोर्स के साथ पहुंचे। चिता को बुझाकर अधजला शव बरामद कर लिया। सीओ तमकुही जितेंद्र कालरा भी जांच के लिए पहुंचे।

एसओ वीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जले हुए शव को बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रा को रास्ते में रोककर शोहदे ने की मारपीट

**खड्डा।** क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को रास्ते में रोककर शोहदे ने बदसलूकी की। छात्रा के साथ शोहदे ने मारपीट करते हुए उसका गला दबाया।

घटना सोमवार की दोपहर दो बजे हुई जब छात्रा अपनी सहेली के साथ स्कूल से घर लौट रही थी। सहेली ने छात्रा को बचाने की कोशिश की तो उसे भी शोहदे ने पीट दिया। दोनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

क्षेत्र के एक गांव की छात्रा खड्डा कस्बे के स्कूल में नौंवी की छात्रा है। सोमवार की दोपहर वह अपनी सहेली संग स्कूल से पैदल ही घर लौट रही थी। काली मंदिर रोड पर दोनों छात्राएं पहुंची। तभी कुछ युवक आ गए। उनमें शामिल एक मनबढ़ ने जबरन एक छात्रा को रोक लिया।

अचानक उसके बाल पकड़कर पिटाई शुरू कर दी। किशोरी का गला दबाते हुए अपशब्द कहने लगा। छात्रा की पिटाई पर सहेली ने विरोध किया। उसके साथ भी शोहदे ने मारपीट की। वह किशोरी का गला दबाने लगा।

दोनों के शोर मचाने पर कुछ लोग पहुंचे तो आरोपी युवक अपने साथियों संग भाग गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर डॉयल 112 की गाड़ी पहुंची। पीड़ित छात्रा ने पुलिस को बताया कि एक युवक रोजाना स्कूल आते-जाते समय बदसलूकी करता था। वह अश्लील हरकत और इशारे करके परेशान करता था।

इस संबंध में सीओ खड्डा संदीप वर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। संवाद

# छेड़छाड़ की निःसंकोच होकर टोल फ्री नंबर 1090 या 112 पर शिकायत करें : एसपी

## शहर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुई पुलिस की पाठशाला

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** शहर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से सोमवार को पुलिस की पाठशाला का आयोजन हुआ। एसपी ने छात्राओं से कहा कि यदि लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत व एकाग्रता से आगे बढ़ा जाए तो सफलता निश्चित है।

मुख्य अतिथि एसपी धवल जायसवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एसपी ने छात्राओं से कहा कि यदि उनके साथ विद्यालय से लेकर घर तक व बाजार में कोई छेड़छाड़ करता है तो पुलिस से संपर्क करें। टोल फ्री नंबर 1090 और 112 पर कॉल करके शिकायत करें। पुलिस त्वरित कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि तन कितना भी मजबूत हो, जूडो-ताइक्वांडो आते हों, लेकिन जब तक बेटियां मन से मजबूत नहीं होंगी, तब तक सब बेकार है। झिझक छोड़कर मन से भी मजबूत बनें।

विद्यालय के निदेशक डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने एसपी को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अमर उजाला की मुहिम बेटियों में आत्मरक्षा की जो भावना जागृत कर रही है।





अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते एसपी धवल जायसवाल व मौजूद छात्राएं। संवाद



कक्षा 9 की छात्रा जीया जायसवाल ने एसपी से कहा कि शहर में बिना नंबर प्लेट की दो पहिया वाहन तेज रफ्तार में चलाते है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। एसपी ने कहा कि यातायात निरीक्षक को निर्देश दिया गया है। ऐसे लोगों पर त्वरित कार्रवाई करें।



कक्षा 9 की छात्रा साक्षी गुप्ता ने एसपी से कहा कि शहर में बिना हेलमेट के बाइक अधिकतर लोग चलाते हैं। एसपी ने कहा कि इस पर पुलिस कार्रवाई करती है। लोगों को जागरूक भी किया जाता है कि हेलमेट पहन कर बाइक चलाएं।



कक्षा 12 की छात्रा ज्योति विश्वकर्मा ने पूछा कि इस बार उसके बोर्ड परीक्षा हैं। परीक्षा के समय कितने घंटे पढ़ें। एसपी ने कहा कि यदि आप प्रतिदिन स्कूल आती हैं और घर पर ध्यान से प्रतिदिन पढ़ती हैं तो परीक्षा के दिनों में एक दो से तीन घंटा ही अधिक पढ़ना काफी रहेगा।



कक्षा 9 की छात्रा स्वर्णिमा चौरसिया ने पूछा कि वो आईपीएस अफसर बनना चाहती हैं, क्या करें। एसपी ने कहा कि इसके लिए मेहनत से ग्रेजुएशन करो, अच्छे मार्क्स लाओ, जो भी पढ़ो, मन से पढ़ो और लक्ष्य बना लो कि मुझे ये मुकाम हासिल करना है।



कक्षा 11 की छात्रा अनम सिद्दीकी ने कहा कुछ विषय में पढ़ते हुए कभी- कभी मन नहीं लगता। एसपी ने कहा कि ऐसा अक्सर होता है। यदि आप किसी विषय को लंबे समय तक पढ़ोगे तो बोरियत होगी। बेहतर होगा कि विषय चेंज करते रहें।



कक्षा 11 की छात्रा कृतिका चौरसिया ने कहा कि कहीं अकेले जाते हुए सुरक्षा के लिए क्या करें। एसपी ने कहा कि यदि किसी गलत का एहसास हो तो सचेत हो जाएं। भीड़ वाली जगह में जाकर तुरंत किसी माध्यम से 100 या 1090 नंबर पर कॉल कर दें।



कक्षा 11 की छात्रा प्राची मल्ल ने कहा कि उसकी इच्छा जिला टॉप करने की है, कैसे करें। एसपी ने कहा कि अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करो। एकाग्रता बहुत जरूरी है। पढ़ाई के वक्त ध्यान किसी दूसरे काम में नहीं बंटना चाहिए।



कक्षा 11 की छात्रा खुशी गुप्ता ने एसपी से कहा कि आपका जैसा नाम है वैसा ही जिले में काम कर रहे हैं। ऑपरेशन धवल में कई गांजा तस्करों की कमर तोड़ दी। कई अपराधियों के घर कुर्की हुए है। एसपी ने कहा कि जिले में अपराध बढ़ने नहीं देना है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2022

# खनुआ गांव में बरामद हुआ तस्करी का सामान

**खनुआ।** एसएसबी 66वीं वाहिनी के जवानों ने सोमवार को तस्करी के जरिए नेपाल भेजी जा रही उर्द बीज 19 किग्रा, मटर बीज 60 किग्रा, चरी बीज 50 किग्रा, धान का बीज 152 किग्रा व दो मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। आगे की कार्रवाई के लिए इसे नौतनवा कस्टम के हवाले कर दिया गया है।

भोर से ही जलाभिषेक के लिए धानी के कांक्षेश्वरनाथ व सदर के कटहरा शिव मंदिर सहित सभी शिवालयों में लग गई कतार

# पहले सोमवार पर शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

**सावन माह**

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। सावन के पहले सोमवार को जिले के शिवालयों में भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह ही शिवमंदिरों में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ गई। इटहिया पंचमुखी शिवमंदिर, कटहरा शिवमंदिर व धानी स्थित कांक्षेश्वरनाथ शिवमंदिर सहित अन्य शिवालयों पर सावन माह के पहले सोमवार को पूजन व दर्शन के लिए काफी भीड़ रही।

भगवान शिव की भक्ति को लेकर शहर से लेकर गांव तक की गलियों में सावन माह में भक्ति का माहौल है। सावन महीने के पहले सोमवार को शिवमंदिरों पर साधु-संतों का जमावड़ा देखने को मिला। भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा, भांग अर्पितकर भूतभावन, अवघड़दानी, महादेव को जलाभिषेक किया। इस मौके पर शिवालयों में ॐ



सोमवार को इटहिया पंचमुखी शिवमंदिर में डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने भी भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। • हिन्दुस्तान

## डीएम व एसपी ने भी जलाभिषेक किया

डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने सदर क्षेत्र के कटहरा और निचलौल स्थित इटहिया शिव मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई व अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीएम व एसपी ने इटहिया में जलाभिषेक भी किया। डीएम ने शिवालय के पास स्थित तालाब का अमृत सरोवर के रूप में जीर्णोद्धार करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि शिवालयों के आस-पास मांस की बिक्री नहीं होनी चाहिए। सदर एसडीएम मो. जसीम, सत्य प्रकाश मिश्र, सुनीत दत्त दूबे आदि मौजूद रहे।

जय शिव ओंकारा मंत्र की गूंज रही। नगर के सिंचाई कालोनी स्थित शिवमंदिर पर भी सुबह महिलाओं ने पहुंच कर जलाभिषेक किया। पनियरा, परतावल, हरपुर, झनझनपुर, घुघली, सिसवा, शिकारपुर, कोठीभार, चिउटहा, निचलौल, बहुआर, टूटीबारी, सोनौली, सिन्दुरिया, मिठौरा, नौतनवा, एकसड़वा, लेहड़ा, मठदेवा, अड्डाबाजार, लक्ष्मीपुर, धानी, कोल्हुई, फरेन्दा संवाद के अनुसार उनके क्षेत्र में स्थित शिवालयों पर भोलेनाथ की पूजन अर्चन के लिए भीड़ रही।

**इटहिया पंचमुखी शिवमंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाबः** गड़ौरा संवाद के अनुसार निचलौल क्षेत्र के पंचमुखी इटहिया शिवमंदिर पर सुबह ही आस्था का सैलाब उमड़ गया। भोर से ही भोलेनाथ की दर्शन के लिए लम्बी लाइन खड़ी हो गई। एक टक देखने को भीड़ बेताब दिखी। श्रद्धालुओं के चेहरे पर भगवान भोलेनाथ के प्रति असीम श्रद्धा दिखाई दे रही थी। महादेव के मंदिर में श्रद्धालुओं की कतारें लगी हुई थी। सभी भक्त अपने बारी की प्रतिक्षा करते दिखे। त्रिवेणी धाम से जल लाकर कावड़ियों द्वारा भी बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक किया गया।

**पूजन अर्चन कर सुखमय जीवन की कामना कीः** सावन माह में भगवान भोलेनाथ को पूजन अर्चन के लिए अधिकतर महिलाओं में काफी उत्साह रहा। सोमवार को अधिकांश महिलाएं पूरा दिन व्रत रहीं। महिलाओं ने अपने पूजा घर में पहुंच कर भगवान शिव की आराधना कर परिवार के अन्य सदस्यों के सुखमय जीवन की कामना की।

**कावड़ियों ने दरहटा शिवलिंग में जलाभिषेक कियाः** झनझनपुर। चौक क्षेत्र के ग्राम दरहटा के बाल समिति शिव दल के सैकड़ों कावड़ियों का जत्था पवित्र सावन मास के पहले सोमवार को नेपाल स्थित त्रिवेणी से जलभर कर दरहटा स्थित प्राचीन शिवमंदिर में पहुंच कर जलाभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने सुखमय जीवन की कामना की। उसके बाद प्रसाद भी ग्रहण किया।

प्रधान प्रतिनिधि मनीष कुमार पासवान ने बताया कि सैकड़ों से ऊपर महिला व पुरुष कावड़ियों का जत्था बीते शनिवार को 11 बजे दिन में त्रिवेणी के लिए रवाना हुए।

जल भरने के उपरांत रविवार की रात चौक बाजार स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर पर पहुंचे। पुनः सोमवार की सुबह चौक से जब कावड़ियों का जत्था डीजे के धुन पर नाचते व बोलबम नारों के साथ सड़क निकला तो इस दृश्य को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। कावड़ियों ने पांच किलोमीटर पैदल चलकर दरहटा स्थित प्राचीन शिवलिंग पर हर हर महादेव के साथ जलाभिषेक किया।

# दो पुलिसकर्मियों का तबादला

**जासं, महराजगंज:** पूर्व सर्विलांस प्रभारी और कोठीभार के थानेदार रामआशीष सिंह व सर्विलास सेल में तैनात मुख्य आरक्षी संजय सिंह का प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इसमें निरीक्षक रामआशीष सिंह यादव को सीबीसीआइडी लखनऊ तो वहीं संजय सिंह को बदांयू जिले में स्थानांतरित किया गया है। बताया जा रहा है कि दिसबंर 2021 में कोल्हुई थाना क्षेत्र में गोरखपुर थाना गोरखनाथ के लक्ष्मीपुर निवासी दुर्गा यादव के साथ हुई लूट मामले में दोनों पुलिसकर्मियों ने लापरवाही बरती थी। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण की जानकारी है।



# छापेमारी में 84 बोरी यूरिया बरामद

**आनंदनगर:** एसडीएम फरेंदा रामसजीवन मौर्य ने रविवार की रात सोनपिपरी खुर्द में छापेमारी कर 84 बोरी यूरिया बरामद की। यूरिया को नेपाल भेजने की तैयारी थी। एसडीएम ने बताया कि रात करीब 11.30 बजे कोल्हुई थानाध्यक्ष व पुलिस टीम के साथ छापेमारी की गई, जहां पप्पू खान के निर्माणाधीन मकान के बगल में यूरिया रखी थी। यूरिया कस्टम नौतनवा को सौंप दी गई है। (जासं)

**महराजगंज।** हर-हर शिवशंकर, नीलकंठ गंगाधर, आए शरण में तुम्हारे..., नेपाल की त्रिवेणी नदी से जल भरकर भगवान भोलेनाथ के नाम का जप करते कांवड़िए सावन के पहले सोमवार प्रसिद्ध ईटहिया शिव मंदिर पहुंचे।

दो दिन उमस भरी गर्मी में 50 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर पहुंचे इन श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि की कामना की।

सोमवार को शहर के सिंचाई कालोनी, कटहरा, बड़हरामीर, शिवनगर, घीउहा शिव मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जलाभिषेक किया। मंदिरों के आसपास मेला लगा रहा, जहां दुकानें आकर्षक ढंग से सजी रहीं।

सबसे ज्यादा भीड़ निचलौल क्षेत्र के ईटहिया शिव मंदिर पर रही। यहां भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई।



ईटहियां मंदिर में सावन माह के पहले सोमवार को जल चढ़



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम व एसपी। संवाद

सुरक्षा कर्मी चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। भारी और वाहनों को मंदिर से पहले ही रोक दिया गया। ईटहियां शिव मंदिर पर सावन भर एक माह

# अधिकारियों ने लिया सुरक्षा का जायजा

महराजगंज। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने सोमवार को सदर स्थित कटहरा और निचलौल स्थित इटहिया शिव मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इटहिया में जिलाधिकारी ने साफ-सफाई को बेहतर करने का निर्देश दिया। उन्होंने शिवालय के पास तालाब का अमृत सरोवर के रूप में जीर्णोद्धार करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे सावन मास के दौरान शिवालयों पर श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सुविधाएं की जाएं। इस दौरान दौरान उपजिलाधिकारी सदर मो. जसीम, उपजिलाधिकारी निचलौल सत्य प्रकाश मिश्रा, सीओ निचलौल सुनील दत्त दूबे आदि मौजूद रहे।

# मनोरंजन के साधन बने आकर्षण का केंद्र

**ठूठीबारी।** सावन में एक माह तक शिव मंदिर ईटहियां में मेला लगता है। यहां पूजा-पाठ के बाद मनोरंजन के लिए मौत का कुंआ, झूला, ट्रेन, चकरी, सर्कस आदि लगा है, जो सभी का मनोरंजन कर रहा है। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी हैं। लोगों ने प्रसाद समेत अन्य सामग्री की खरीदारी की। संवाद

# 84 बोरी यूरिया बरामद

**कोल्हुई।** क्षेत्र के सोनपिपरी गांव में सोमवार को एक निर्माणाधीन मकान में छापा मारकर एसडीएम फरेंदा रामसजीवन मौर्य ने 84 बोरी यूरिया बरामद किया। उन्होंने बताया कि बरामद 84 बोरा यूरिया कोल्हुई पुलिस को सौंप दिया गया है। संवाद

# नकदी समेत मोबाइल चोरी

**सिंदुरिया।** सिंदुरिया में रविवार रात सरोज के घर से चोर 15,000 नकदी समेत दो मोबाइल लेकर फरार हो गए। सरोज ने सोमवार को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सिंदुरिया थानाध्यक्ष रामकृष्ण यादव ने बताया कि जांच की जा रही है। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2022

# जोन में पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में बस्ती मंडल अव्वल

बस्ती, निज संवाददाता। गोरखपुर जोन में बस्ती मंडल के तीन जिलों ने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम में टॉप थ्री में स्थान हासिल किया है। जून माह की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग एडीजी जोन गोरखपुर स्तर से जारी की गई है। इसमें संतकबीरनगर अव्वल, बस्ती दूसरे व सिद्धार्थनगर तीसरे स्थान पर रहा।

जोन के सभी जनपदों की पुलिस कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं का निस्तारण एवं जनता के प्रति व्यवहार पर जनता की सन्तुष्टि का मूल्यांकन डारेक्ट पोल व ट्वीटर पोल के माध्यम से किया गया है। वोटिंग के लिए क्यूआर कोड भी जेनरेट कराए गए थे। इस बार की वोटिंग में पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन फीडबैक (सीधे जनता से दूरभाष के माध्यम से) की प्राप्त किया गया। प्रत्येक जनपद की पुलिस कार्यप्रणाली का मूल्यांकन आईजीआरएस, एफआईआर फीडबैक, पीआवी, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन पर फीडबैक प्राप्त कर तैयार किया गया है। इसमें संतकबीरनगर नंबर एक 73.47 प्रतिशत अंक के साथ रहा। दूसरे स्थान पर बस्ती 72.20 अंक हासिल कर रहा। तीसरे स्थान पर सिद्धार्थनगर को कुल 69.23 % अंक प्राप्त हुए हैं। चौथा स्थान पर बहराइच 63.17, पांचवा स्थान बलरामपुर 62.67, छठवां स्थान कुशीनगर 61.13, सातवां स्थान श्रावस्ती जनपद 60.93 प्रतिशत, आठवां स्थान महराजगंज 58.07, नौवां स्थान गोंडा 56.98, दसवां स्थान देवरिया 52.79 और सबसे नीचे यानी ग्यारहवें पायदान पर पब्लिक अप्रूवल रेंटिग में गोरखपुर 44.87 प्रतिशत के साथ रहा।

**03** स्थान पर रेटिंग में सिद्धार्थनगर जिला रहा



- आईजीआरएस, एफआईआर फीडबैक, पीआरवी, पासपोर्ट पर लिया गया फीडबैक
- संतकबीरनगर पहले स्थान पर, बस्ती जिला दूसरे नंबर पर रहा
- 11 जनपदों में जून माह की रेटिंग में सबसे निचले पायदान पर रहा गोरखपुर

# पूर्व विधायक की पत्नी सहित आठ पॉजिटिव

बस्ती। पूर्व विधायक की पत्नी व भाजपा नेता कोरोना पॉजिटिव मिली है। उन्होंने ऑपरेशन के लिए लखनऊ में जांच कराई थी। जिले में कोविड एक्टिव केस की संख्या 38 हो गई है। जो लोग पॉजिटिव मिले हैं, उनमें चईयाबारी के एक 70 वर्षीय बुजुर्ग व साऊंघाट ब्लॉक की एक आशा भी शामिल हैं।

# कोरोना में अभिभावकों को खोने वाली बेटियों को मिली मदद

बस्ती। बेगम खैर इंटर कॉलेज में सोमवार को कोरोना संकट काल के दौरान अपने अभिभावकों को खो चुकी बेटियों में ड्रेस, बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। मरहूमा बेगम साहिबा, खैर साहब, मरहूमा मोहसिना खातून की याद में बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में 700 मीटर खड़ंजा, 10 पंखा, 200 लीटर का आरओ, पांच हजार लीटर की टंकी, सात शौचालय के टाइल्स का कार्य, गार्ड रूम के रिपेयरिंग, फूल गमला आदि का शिलान्यास एवं लोकार्पण मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति कलीमुल्लाह खान की पत्नी आलम आरा ने किया। प्रबंधक मो. अकरम द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। प्रबंधक मो. अकरम ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेन्द्रनाथ, सांसद प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद शुक्ल, डॉ. श्रेया, भगवती पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# 12 साल नौकरी करने वाला फर्जी शिक्षक गिरफ्तार

कलंक के खिलाफ

- महराजगंज के शिक्षक भानुप्रताप के नाम पर कर रहा था नौकरी
- संतकबीरनगर जिले के दौलतपुर का रहने वाला है आरोपी



सोमवार को पुलिस की गिरफ्त में फर्जीवाड़ा कर सहायक अध्यापक की नौकरी हासिल करने का आरोपी। ● हिन्दुस्तान

**बस्ती, निज संवाददाता।** फर्जीवाड़ा कर बेसिक विभाग के परिषदीय स्कूल में 12 साल तक सहायक अध्यापक की नौकरी करने वाले नटवरलाल को पैकोलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मई 2022 में विभागीय जांच में सच्चाई सामने के बाद आरोपी शिक्षक को बर्खास्त कर मुकदमा दर्ज कराया गया था।

पुलिस जांच में सामने आया है कि महराजगंज जनपद के शिक्षक भानुप्रताप यादव के प्रमाण पत्र पर नौकरी हथियाने वाले आरोपी का असली नाम रामगोपाल है। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। आरोपी रामगोपाल पर एसपी आशीष श्रीवास्तव ने 15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। थानाध्यक्ष पैकोलिया दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी गौर ओंकार नाथ वर्मा की तहरीर पर भानुप्रताप यादव सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय जलालाबाद गौर के खिलाफ कूटरचित शैक्षिक अंकपत्र व प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने के आरोप में विभिन्न धाराओं में 14 मई 2022 को मुकदमा दर्ज किया गया था। टीम ने परसागना तिराहे से उसे गिरफ्तार कर लिया है। विवेचना में सामने आया है कि आरोपी रामगोपाल दौलतपुर, थाना धनघटा, जनपद संतकबीरनगर का रहने वाला है।

## गिरफ्तार करने वाली टीम में ये शामिल रहे

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पैकोलिया, एसआई देवव्रत शर्मा, आरक्षी मनोज कुमार, आशीष चौहान, जीवन सिंह राजपूत शामिल रहे।

**15** हजार का घोषित किया था पुरस्कार एसपी ने

## परतावल ब्लॉक में तैनात हैं असली शिक्षक

बीएसए कार्यालय के अनुसार जिले के गौर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालाबाद में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत भानुप्रताप यादव का सहायक अध्यापक पद पर 2010 में चयन हुआ था। एसटीएफ से जांच कराने पर सामने आया कि भानुप्रताप ने किसी दूसरे के अभिलेखों का प्रयोग कर नौकरी हासिल की है। इसी नाम के असली शिक्षक भानुप्रताप यादव महाजगंज जिले में परतावल ब्लॉक के परिषदीय प्राथमिक विद्यालय पिपरा खादर पर कार्यरत हैं। उनके ही अभिलेखों का गलत तरीके से प्रयोग कर बस्ती में फर्जी अध्यापक ने नौकरी हासिल कर ली है। जांच रिपोर्ट में फर्जीवाड़े की पुष्टि होने के बाद बीएसए ने गौर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालाबाद में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत भानुप्रताप यादव को निलंबित कर दिया था। उसने अपने अभिलेख में अपना पता गोरखपुर जिले में भिटी शिवपुर दर्ज किया था।

# सर्विलांस सेल ने बरामद किए 123 मोबाइल



एसपी कार्यालय पर सोमवार को मोबाइल बरामदगी का खुलासा करते एसपी आशीष श्रीवास्तव।

- साढ़े 16 लाख रुपये है बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत
- एसपी ने सोमवार को पुलिस आफिस में मोबाइल स्वामियों को किया सुपुर्द

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले की सर्विलांस सेल ने गायब हुए 123 मोबाइल बरामद किए हैं। अलग-अलग कम्पनियों के मोबाइल की अनुमानित कीमत 16 लाख 40 हजार 200 रुपया आंकी गई है। सोमवार को पुलिस कार्यालय में बरामद मोबाइल उनके असल मालिकों के सुपुर्द किया गया तो सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बरामदगी की जानकारी देते हुए बताया कि जिले के अलग-अलग स्थानों से गुमशुदा हुए मोबाइलों को बरामद करने का टास्क प्रभारी सर्विलांस सेल की टीम को सौंपा गया था। प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकान्त की टीम ने गायब हुए मोबाइल फोन को बरामद करने के लिए काफी प्रयास किया। टीम ने करीब साढ़े सोलह लाख रुपये कीमत के 123 मोबाइल बरामद कर लिया। बरामदगी करने वाली टीम में सर्विलांस प्रभारी के साथ आरक्षी जनार्दन प्रजापति, मो. हिन्दे आजाद, सतेन्द्र सिंह, जितेन्द्र यादव, संतोष यादव, दीपक, विक्रम सिंह, विजय प्रताप यादव, प्रीती राय, प्रतिभा यादव, ओपी, हरिशंकर सिंह शामिल रहे।

**चोरी के कॉपर केबल के साथ दो गिरफ्तार : बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने चोरी के कॉपर केबल के साथ दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से दो तमंचा व कारतूस भी बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि थाने में दर्ज चोरी के मुकदमे की छानबीन में टीम जुटी थी। सोमवार की भोर में रेलवे स्टेशन स्थित एक होटल के पास से आरोपी लक्की निवासी रामनाथ जंगल विशुनपुरा थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर और पसरू उर्फ पसारु निवासी बहरी रोड थाना पुरानी बस्ती को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के खिलाफ कुल सात मुकदमे पंजीकृत हैं।

# चोरी की बाइक संग दो गिरफ्तार

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को पुलिस टीम ने चोरी के मुकदमे से संबंधित दो आरोपितों को राजा मैदान के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार रामनरायन कसौधन ने तहरीर देकर बताया था कि आदर्श मेडिकल स्टोर सदर अस्पताल पुरानी बस्ती से उनकी बाइक चोरी कर ली गई। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की। मुखबिर की सूचना पर आरोपी उत्कर्ष श्रीवास्तव निवासी रामनगर कालोनी चननीमार्ग थाना कोतवाली व रविकान्त निवासी सरयूनगर कालोनी गडगोड़िया थाना कोतवाली को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया।

# पशु तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार

बनकटी। लालगंज पुलिस ने पशु तस्करी के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक पिकअप, गोवंशी पशु, तमंचा-कारतूस व एक अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार सोमवार को दिन में पुलिस टीम ने भक्तुपुर पक्की सड़क के पास झाड़ी से दो आरोपितों को पिकअप वाहन पर पशु लादते हुए आरोपी काजिम निवासी ग्राम बलही थाना महुली जनपद संतकबीरनगर और भीमपाल निवासी पडरहा थाना महुली जनपद सन्तकबीरनगर को गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# एक गोवंशीय पशु के साथ दो पकड़े गए

**बस्ती:** लालगंज पुलिस ने एक निराश्रित गोवंशीय पशु के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक अवैध तमंचा, कारतूस व एक चाकू बरामद किया गया है। सोमवार को दिन में 11.45 बजे भक्तूपुर की पक्की सड़क के पास झाड़ी से दो लोगों को एक पिकअप वाहन के साथ पकड़ा गया। पिकअप में गोवंश बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपितों की पहचान काजिम निवासी ग्राम बलही थाना महुली व भीमपाल निवासी पड़रहा थाना महुली जनपद संतकबीर नगर के रूप में हुई। काजिम के पास से एक तमंचा व कारतूस तथा भीमपाल के पास से एक चाकू बरामद किया गया है। बरामदगी के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध गो-वध निवारण अधिनियम व 11 पशुक्रूरता अधिनियम के अलावा आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर किया गया।

# शिकायतों को शीघ्र करें निस्तारित

**जासं, बस्ती :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई सम्मान योजना की जिला संचालन समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। कुल 86 उत्पीड़न संबंधी शिकायतों पर शीघ्र ही निस्तारण/सहायता राशि उपलब्ध कराये जाने का निर्देश जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव को दिया। कहा कि रानी लक्ष्मीबाई सम्मान योजनांतर्गत सरकार द्वारा पीड़ित महिलाओं को सहायता राशि दी जाती है। ससमय सहायता राशि न उपलब्ध कराने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि एसिड अटैक से पीड़ित महिला को तीन लाख, दहेज उत्पीड़न से हुई मृत्यु के संबंध में मृतका के बच्चे को तीन लाख तथा दुष्कर्म की दशा में पीड़िता को अथवा पीड़िता के मृत्यु की दशा में बच्चे को 10 लाख अन्य किसी भी प्रकार की यौन उत्पीड़न की दशा में सहायता राशि प्रदान की जाती है।

सचिव जिला विधिक प्राधिकरण उमेश यादव, प्रभारी सीएमओ डा. जय सिंह, मुख्य कोषाधिकारी आत्मा प्रसाद बाजपेयी, श्रीप्रकाश पांडेय, सीओ पुलिस लाइन प्रीति खरवार, नीलिमा मिश्रा, लीड बैंक मैनेजर अविनाश चन्द्र, गाइन्कोलाजिस्ट डा. एसके मौर्य मौजूद रहे।

# बर्खास्त फर्जी शिक्षक गिरफ्तार

## 23 मई को दर्ज हुआ था मुकदमा, 15 हजार घोषित था इनाम

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : पैकोलिया पुलिस ने बर्खास्त व थाने में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे फर्जी सहायक अध्यापक को गिरफ्तार कर लिया है। उसका असली नाम रामगोपाल निवासी दौलतपुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर है। वह भानुप्रताप यादव के नाम से नौकरी कर रहा था। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए एसपी आशीष श्रीवास्तव की ओर से 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती के आदेश के क्रम में खंड शिक्षाधिकारी गौर ओंकार नाथ वर्मा की तहरीर पर 23 मई को पैकोलिया पुलिस विकास खंड गौर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जलालाबाद में सहायक अध्यापक की नौकरी करने वाले भानुप्रताप यादव (असली नाम रामगोपाल) के विरुद्ध धोखाधड़ी व कूटरचना आदि की धारा में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपित ने महाराजगंज जिले के परतावल विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय पिपरा खादर पर तैनात सहायक अध्यापक भानु प्रताप यादव के



पैकोलिया थाने में गिरफ्तार फर्जी शिक्षक ●जागरण

शैक्षिक अभिलेखों पर नौकरी हासिल की थी। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आने के बाद उसे 14 मई को बीएसए की ओर से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद पैकोलिया पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि सोमवार को थाने के उपनिरीक्षक देवव्रत शर्मा व उनकी टीम क्षेत्र भ्रमण पर निकली थी। इसी बीच सूचना मिली कि आरोपित फर्जी सहायक अध्यापक परसा तिराहे के पास मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्यवाही करने के बाद उसे न्यायालय रवाना कर दिया गया।

# चोरी के केबिल, तमंचा के साथ दो धराए



चोरी के केबल, तमंचा व कारतूस के साथ पकड़े गए अभियुक्तों के बारे में जानकारी देते पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ●जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : पुरानी बस्ती पुलिस ने चोरी के कापर केबिल, तमंचा व कारतूस के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुरानी बस्ती थाने के स्टेशन रोड पर संचालित एक टावर से 16 जुलाई की रात चोरों ने टावर का केबिल काटकर चोरी कर लिया था। मामले में टावर संचालक कोतवाली थानाक्षेत्र के पिपरा मेघऊ गांव निवासी विजय कुमार दूबे ने 17 जुलाई को पुरानी बस्ती थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस अज्ञात पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही थी।

इसी बीच एक सूचना के आधार पर सोमवार को पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव, दक्षिण दरवाजा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह और उनकी टीम ने स्टेशन रोड पर स्थित एक होटल के पास से दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से टावर का केबिल, दो देसी तमंचा और दो कारतूस बरामद किया गया। आरोपितों की पहचान लकी निवासी रामनाथ जंगल विशुनपुरा थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर व पसरू उर्फ पसारु निवासी बाहरी रोड थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि लकी पर थाना हाटा कुशीनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत पहले से एक आपराधिक मुकदमा दर्ज है। वहीं पसरू उर्फ पसारू पर जीआरपी बस्ती व पुरानी बस्ती थाने में पांच आपराधिक मुकदमा पहले से दर्ज है।

**तीन झोपड़ियां जलीं**

**वभनान, बस्ती** : स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन लोहिया नगर में सोमवार को अचानक लगी आग में तीन झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। ग्रामीणों के अनुसार सबसे पहले वार्ड निवासी रामचरित्र वर्मा की झोपड़ी में आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप ले लिया और छोटू तथा चंद्रभान वर्मा की झोपड़ी को भी अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि समय रहते ही घरवालों व पड़ोसियों ने झोपड़ी में बंधे पशुओं को बाहर निकाल लिया।

**घारी की पुरानी दीवार को गिराने का आरोपः गोटवा, बस्तीः** नगर थाने के हथिया गांव निवासी प्रहलाद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के अमरजीत समेत तीन लोगों ने उनकी पुस्तैनी जमीन की घारी का निर्माण कराने को लेकर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जानमाल की धमकी दी। आरोप लगाया कि पुरानी दीवार को गिरा दिया गया। मंझरिया निवासी रामचंदर का आरोप है कि गांव के पल्टनराम, शिव कुमार उर्फ अक्कू ने मारा पीटा, जानमाल की धमकी दी।

# शांतिभंग में तीन लोग गिरफ्तार

पैकोलिया। थाना क्षेत्र के कुर्दा (पखरवा) गांव निवासी तीन लोगों को पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर एसडीएम हर्रैया न्यायालय में भेजा है।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि थाने के एसआई संदीप यादव, आरक्षी मयंक मिश्र क्षेत्र भ्रमण में कुर्दा (पखरवा) गांव में थे। उक्त गांव निवासी रामचंद्र, हीरालाल और प्रेम कुमार विवाद कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तीनों को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# चोरी के कॉपर केबल के साथ दो गिरफ्तार

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने चोरी के कॉपर केबल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो तमंचे व कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार भोर में रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक होटल के निकट से कॉपर केबल चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में एक ने खुद को लक्की निवासी रामनाथ जंगल विशुनपुरा थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर और दूसरे ने पसरू उर्फ पसारु निवासी बहरी रोड थाना पुरानी बस्ती बताया। दोनों के खिलाफ कुल सात मुकदमे पंजीकृत हैं। संवाद

# दो किशोरियों को भगाने का मुकदमा दर्ज

बस्ती। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर दी कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री दो जुलाई को पचपेड़िया रोड स्थित एक स्कूल में पढ़ने के लिए गई थी।

वह स्कूल के गेट के अंदर न जाकर कहीं और चली गई। पिता ने मोहल्ले के निवासी एक युवक पर आरोप लगाया कि वह कुछ दिन से आरोपी उसकी बेटी को परेशान कर रहा था। शक है कि वही भगा कर ले गया है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दिया है। वहीं हर्रैया थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को सोलह जुलाई की सुबह इंटर कॉलेज से बहला-फुसलाकर एक युवक गलत नीयत से अपने साथ भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गोंडा के परसपुर निवासी पवन सैनी समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। संवाद

# पुरानी रंजिश में मारपीट, केस

बस्ती। रुधौली थाने के गिधार निवासी विमला का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के रामविलास, सूरज, कल्लू व राम उजागिर ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। वहीं मुंडेरवा थाने के अजय कुमार का आरोप है कि गांव के आशुतोष, विमल, ऋषभ व अमन ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# कहासुनी में मारपीट, केस

बस्ती। मुंडेरवा थाने के जगुई निवासी विष्णु साहनी का आरोप है कि गांव के संजय कुमार व नन्हे ने पानी चलाने की बात को लेकर अपशब्द कहा। मना करने पर मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# बर्खास्त शिक्षक गिरफ्तार, इनाम था 15 हजार

## दूसरे के प्रमाणपत्र पर कर रहा था नौकरी, बीएसए ने हटाया था

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** नाम बदलकर महराजगंज जनपद में तैनात शिक्षक के प्रमाणपत्र पर गौर ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में नौकरी करने वाला जालसाज सोमवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया।



पैकोलिया पुलिस ने फर्जी शिक्षक को किया गिरफ्तार।

फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद बीएसए ने उसे बर्खास्त कर दिया था, जबकि एसपी आशीष श्रीवास्तव की ओर से 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। महराजगंज जिले के परतावल विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय पिपरा खादर में भानु प्रताप यादव सहायक अध्यापक हैं। वह मूल रूप से गोरखपुर के सराय महुलिया पोस्ट जमीन भीटी के निवासी हैं।

जांच में पता चला कि संतकबीरनगर के धनघटा थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी राम गोपाल ने अपना नाम भानु प्रताप यादव रख लिया और महराजगंज में तैनात शिक्षक के प्रमाणपत्रों का इस्तेमाल कर बस्ती जिले के गौर ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जलालाबाद में नौकरी हासिल कर ली।

एसटीएफ की जांच में पाया गया कि गौर ब्लॉक में तैनात भानु प्रताप यादव का शैक्षिक प्रमाणपत्र फर्जी है। इस आधार पर बीएसए ने उसे बर्खास्त कर खंड शिक्षा अधिकारी को मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया।

पैकोलिया थाने में खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार नाथ वर्मा ने बर्खास्त शिक्षक भानु प्रताप यादव के विरुद्घ मुकदमा दर्ज कराया। एसओ पैकोलिया दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमे की तफ्तीश में पाया गया कि वांछित आरोपी का नाम भानु प्रताप यादव नहीं बल्कि राम गोपाल है। सोमवार को पुलिस ने राम गोपाल को परसा गना तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

# 123 गुम मोबाइल फोन बरामद

**बस्ती।** पुलिस की सर्विलांस सेल ने गुम हुए 123 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिया।

इस मौके पर एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न तिथियों पर गुम हुए मोबाइल फोन के संबंध में प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए थे।

इसके बाद सर्विलांस सेल को काम पर लगाया गया था। टीम ने मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों के हवाले कर दिया। संवाद

# घारी निर्माण के लिए विवाद, मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** नगर थाने के हथिया निवासी प्रहलाद का आरोप है कि गांव के अमरजीत समेत तीन लोगों ने पुस्तैनी जमीन की घारी का निर्माण कराने को लेकर अपशब्दों का प्रयोग कर जानमाल की धमकी दी और पुरानी दीवार को गिरा दिया।

इसी थाने के मंझरिया निवासी रामचंदर का आरोप है कि गांव के पल्टनराम, शिव कुमार उर्फ अक्कू ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है। संवाद

# चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिला अस्पताल के पास से चोरी हुई दो मोटरसाइकिल को पुरानी बस्ती पुलिस ने थाना क्षेत्र के राजा मैदान के पास से बरामद कर लिया। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को पुलिस ने चोरी के मुकदमे से संबंधित दो आरोपितों को राजा मैदान के पास से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार राम नरायन कसौधन ने तहरीर देकर बताया था कि आदर्श मेडिकल स्टोर सदर अस्पताल पुरानी बस्ती से उनकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की। मुखबिर की सूचना पर आरोपी उत्कर्ष श्रीवास्तव निवासी रामनगर कॉलोनी चननी मार्ग थाना कोतवाली और

## जिला अस्पताल के पास से चोरी हुई थीं दोनों मोटरसाइकिलें

## पुरानी बस्ती पुलिस ने राजा मैदान के पास से की बरामदगी

रविकांत वर्मा निवासी सरयू नहर कॉलोनी गड़गोड़िया थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया। दोनों की निशानदेही पर राजा मैदान के पास से चोरी की दो बाइक बरामद की गई। दूसरी बाइक के बारे में पुलिस छानबीन कर रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई एखलाक अहमद, चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विवेक कुमार, साजिद जमाल, अनुज शुक्ला और नरेंद्र प्रजापति शामिल थे।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 19-07-2022

# लूट को अंजाम देने वाले नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी की बाइक,5 मोबाइल व 3250 ₹ नगद बरामद किया

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** जिले की एसओजी,सर्विलांस व थाना उसका बाजार की पुलिस ने एक नाबालिग सहित शातिर लुटेरे को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है,पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से लूट की एक बाइक,5 अदद मोबाइल तथा 3250 ₹ नकद बरामद किया है।पकड़े गए अभियुक्त का नाम संदीप यादव पुत्र दूध नाथ 21 वर्ष है,वह उसका बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम अजगरा का निवासी है,जबकि पकड़ा दूसरा अभियुक्त नाबालिग है।

पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने बताया कि उसका थाना क्षेत्र के ग्राम गाय घाट के रहने वाले पंचम प्रसाद पासवान द्वारा यह सूचना दी गई कि 5ध्6 जुलाई की रात्रि में वह चौबाहे पुल के पास घर बनवाने के लिए गिट्टी मोरंग ला रहे ट्रक का इंतजार कर रहे थे,कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके सोने की चेन व मोबाइल छीन कर बाइक से फरार हो गया।एसपी ने बताया कि घटना के खुलासा के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था।18 जुलाई को पुलिस टीम ने मुखबिर के द्वारा यह सूचना के आधार पर एक नाबालिग सहित दो शातिर लुटेरे को ज्ञानोदय इंटर कालेज उसका बाजार के समीप सुबह 8रू15 बजे गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से लूट की एक बाइक,5 मोबाइल फोन तथा 3250 ₹ नगद बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तो से जब कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि मैं अपने गांव के किसी छोटे बच्चे को अपने साथ में लेकर मोटरसाइकिल से सुनसान रास्तों पर घूमता हूं,अगर कोई व्यक्ति अकेले में फोन पर बात करते हुये दिखाई देता है,तो उसका मोबाइल चेन इत्यादि छीन लेता हूं और इनको नेपाल में तौलिहवा के पास जहां मेरा ननिहाल है वहां ले जाकर बेंच देता हूं, और इससे प्राप्त धनराशि में से कुछ पैसा अपने साथी को दे देता हूं और बाकी पैसों से अपना शौक पूरा करता हूं।



पत्रकारों से वार्ता करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द

दोनो शातिर लुटेरे को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी,उप निरीक्षक रामपाल, मुख्य आरक्षी रमेश यादव,आरक्षी अवनीश यादव,पवन तिवारी, मृत्युंजय कुशवाहा,वीरेंद्र तिवारी, देवेश यादव, विवेक मिश्र, अभिनन्दन शामिल रहे।

# नदी में डूबते श्रद्धालुओं को पुलिसकर्मी ने बचाया

**राप्ती के पावन तट पर जल भरने गए श्रद्धालुओं को ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने जान पर खेलकर बचाया**

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित राप्ती तट पर जल भरने गए श्रद्धालु ग्राम भटगंवा निवासी सूरज(18) पुत्र शिवपूजन अग्रहरि व धर्मपाल (22) पुत्र पुजारी अग्रहरि जल भरते समय पैर फिसल जाने की वजह से नदी की गहराई में चले गए और देखते ही देखते कुंड की तरफ जाने लगे। अपने आप को डूबता देख युवकों ने बचाने की गुहार लगाई जिसे सुनकर ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल संदीप यादव अपनी जान की परवाह किए बिना क्षणभर में उफान पर चल रही नदी में छलांग लगा दी। कुछ ही देर बाद अपनी कुशल तैराकी और जाबाजी के चलते दोनों युवकों को तट के निकट लाकर पहुंचा दिया। सहयोग की मदद से उन्हें सामान्य अवस्था के लिए निकट के अस्पताल ले जाया गया। इस घटना को देख तट पर इकट्ठा भीड़ ने कांस्टेबल संदीप यादव की हिम्मत और दिलेरी की काफी सराहना की। वही संदीप यादव की इस दिलेरी पर ग्राम प्रधान भटगंवा विष्णु श्रीवास्तव ने उन्हें पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। वही पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव व प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने भी संदीप यादव की इस बहादुरी के कार्य की सराहना की है।



डूबते युवकों को बचाने वाले बहादुर सिपाही संदीप यादव।

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

# बांसी घाट पर एनडीआरएफ की टीम रही मुस्तैद

सिद्धार्थ नगर(**एसएनबी**)। सावन के प्रथम सोमवार के दिन ान एवं मेले का आयोजन बांसी के राप्ती नदी के रानी लक्ष्मी मोहभक्त घाट में भी उत्साह पूर्ण तरीके से होता है। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ की टीम बांसी में राप्ती नदी के मुख्य घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के ष्टिगत तैनात है।

11 एनडीआरएफ की टीम मोटर बोट, संचार व्यवस्था जैसे हाई फ्रिकवेंसी सेट, प्रशिक्षित गोताखोर, पैरामेडिक्स, टेकीशियन अत्याधुनिक संसाधनों के साथ घाट पर मुस्तैद है एनडीआरएफ के बचाव कर्मी घाट् पर मोटर बोट से नदी में लगातार गश्त कर श्रद्धालुओं पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं, किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार हैं। इस दौरान एनडीआरएफ के बचाव कर्मी समय-समय पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुरक्षा निर्देश भी दे रहे हैं।एनडीआरएफ की टीम ने बताया कि सावन के प्रथम सोमवार को ान एवं मेले के दौरान एनडीआरएफ की टीम बांसी के घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात की गई है, मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि अपना ध्यान रखते हुए इस पर्व को सावधानी पूर्वक मनाएं। उनके इस पर्व को सफल बनाने के लिए एनडीआरएफ उनकी सुरक्षा में उपस्थित है।



रूबासी घाट पर मुस्तैद एनडीआरएफ की टीम फोटो : एसएनबी

# साइबर सेल की टीम ने खाते में वापस कराया पैसा

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। साइबर सेल की टीम ने ब्लड टेस्ट कराने के माम पर फ्राड किये गए रुपये को ठगी का शिकार हुए युवक के खाते में वापस भेजवाने में सफलता हासिल किया है।

जानकारी के मुताबिक सदर थाना क्षेत्र के खजुरिया में आराध्या पैथालाजी चलाने वाले विनय कुमार श्रीवास्तव के मोबाइल पर काल आया कि एसएसबी के 22 जवानों का ब्लड टेस्ट कराना है,कितना लगेगा,रेट लिस्ट भेज दीजिये।रेट लिस्ट भेजने के बाद काल करने वाले द्वारा कहा गया कि खाते में पेमेंट होगा, बार कोड भेज दीजिये।विनय ने अपने मित्र के खाते में पैसा मंगवाने के लिए बार कोड भेज दिया,और बार कोड भेजते ही साइबर क्रिमनल ने 25 हजार रुपये खाते से निकाल लिया।मामले की जानकारी होते ही तत्काल इसकी सूचना ठगी के शिकार हुए युवक द्वारा साइबर सेल को दी गई,साइबर सेल की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए विनय कुमार श्रीवास्तव के खाते में 19705 ε वापस कराने में सफलता हासिल किया।साइबर सेल के इस सराहनीय कार्य की लोगो द्वारा भूरी भूरी प्रसंशा किया जा रहा है।धनराशि खाते में वापस कराने वाली पुलिस टीम में साइबर सेल प्रभारी पंकज पाण्डेय, अतुल चौबे, दिलीप कुमार द्विवेदी, अजय यादव,राहुल कुमार मौर्य शामिल रहे।



साइबर सेल की टीम को बधाई देता फ्राड का शिकार युवक

# बहादुर सिपाही को किया गया सम्मानित

बेवां (एसएनबी)। डुमरियागंज तहसील के हल्लौर गांव जाफर मार्किट में आयोजित जश्ने गदीर कार्यक्रम के दौरान स्थानीय थाना के बहादुर कन्सटेबल संदीप यादव को उनकी दिलेरी व हिम्मत के लिए सम्मानित किया गया। बताते चले कि बीते सोमवार को नगर पंचायत स्थित राप्ती तट पर ग्राम भटगंवा के अलग अलग दो अग्रहारी परिवार के दो युवकों को अपनी जान पर खेल कर बचाया। उनके इस बहादुरी पर गदीरी मिशन के लोगों ने सम्मानित किया। सम्मानित करने वाले लोगो मे मौलाना हसन, जाकिर जमाल हैदर ,हसन ताकीब, पप्पू पत्रकार व डा. अकबर जमील उपस्तिथ रहे।

# पुलिसकर्मियों ने दो युवकों की जान बचाई

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। जाको राखे साइयां मार सके न कोय वाली कहवात डुमरियागंज में सोमवार को चरितार्थ हो गई। सावन मास के पहले सोमवार को जल चढ़ाने के लिए राप्ती नदी में पानी भरने के दौरान डूब रहे दो युवकों को मौके पर मौजूद दो पुलिस कर्मियों ने नदी में कूद कर बचा लिया। पुलिस कर्मियों के प्रति युवकों के परिजन तो आभार प्रकट ही कर रहे हैं अन्य लोगों ने साहसिक कार्य के लिए बधाई दी है।

सोमवार की सुबह राप्ती नदी में तमाम श्रद्धालु जल चढ़ाने के लिए भरने गए थे। जल भरने वालों में डुमरियागंज थाना के भटंगवा गांव निवासी धर्मपाल (22) पुत्र पुजारी अग्रहरि व सूरज अग्रहरि (18) पुत्र शिवपूजन अग्रहरि भी शामिल थे। जल भरने के दौरान दोनों युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। दोनों युवकों को डूबता देख घाट पर चीख-पुकार मच गई। युवकों के परिजन दहाड़े मारने लगे लेकिन किसी ने नदी के अथाह जल को देखकर उसमें कूद कर बचाने की हिम्मत नहीं दिखाई।



सोमवार को डुमरियागंज में राप्ती नदी में डूब रहे दो युवकों को बचाने वाले पुलिसकर्मी।

मौके पर डुमरियागंज के प्रभारी थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था में लगे आरक्षी संदीप यादव व चन्दन सिंह अपनी जान की परवाह किए बगैर नदी में कूद गए। दोनों सिपाहियों ने डूब रहे दोनों युवकों को बचा लिया और बाहर निकाल लाए। मौके पर मौजूद युवकों के परिजन दोनों सिपाहियों के प्रति आभार प्रकट करते नहीं थक रहे थे। मौजूद लोग साहसिक कार्य कर युवकों की जान बचाने वाले सिपाहियों को बधाई दे रहे थे।

# पुलिस के अभियान में 48 गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में 48 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में 11 वांछित व 37 वारंटी शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों को लिखापढ़ी के बाद न्यायालय भेज दिया गया।

# साइबर सेल ने वापस कराए रुपये

सिद्धार्थनगर। खजुरिया रोड पर पैथालॉजी चलाने वाला एक पैथालॉजिस्ट ब्लड टेस्ट कराने के नाम पर 25 हजार ठगी का शिकार हो गया था। पुलिस ने 19705 खाता में वापस करा दिया। विनय कुमार श्रीवास्तव निवासी परसाशाह आलम भीमापार थाना सिद्धार्थनगर ने सर्विलांस सेल से शिकायत की कि उनके मोबाइल पर कॉल आई कि एसएसबी के 22 जवानों का ब्लड टेस्ट कराना है।

# 48 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस की ओर से शहर के सनई, सांड़ी, पेट्रोलपंप, हाइडिल तिराहा पर चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 48 वाहनों को चालान किया। सीओ यातायात हरीश चंद्र ने बताया कि वाहन स्वामियों से 51500 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया।

# दो लुटेरे गिरफ्तार, एक बाल अपचारी भी शामिल

**कामयाबी**

- एसपी ने पत्रकारों ने बातचीत के दौरान किया खुलासा
- पांच जुलाई की रात उस्का क्षेत्र में लूट की घटना में थे शामिल

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** उस्का बाजार थाना क्षेत्र में पांच जुलाई की रात हुई लूट की घटना का सोमवार को एसपी ने खुलासा कर दिया है। लूट में शामिल दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसमें एक आरोपित बाल अपचारी है।

पुलिस लाइंस सभागार में पत्रकारों से बातचीत में एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि पांच जुलाई की रात उस्का बाजार थाना के चौबाहे पुल के पास लूट हुई थी। पीड़ित पंचम प्रसाद पासवान पुत्र राजाराम निवासी गायघाट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि वह चौबाहे घाट पुल के पास घर बनवाने के लिए गिट्टी, मोरंग लेकर आ रहे ट्रक का इंतजार कर रहा था। इस दौरान एक व्यक्ति बाइक से पहुंचा और उनकी सोने की चेन व मोबाइल छीन कर फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 392 के तहत केस दर्ज आरोपियों की तलाश में लग गई थी। सोमवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि उस्का बाजार के एक इंटर कॉलेज के पास आरोपित मौजूद है। पुलिस ने तत्काल दबिश देकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने लूट की बात कुबूल कर ली। उसने बताया कि मैं गांव के किसी अल्पव्यस्क बच्चे को बाइक पर बिठाकर सूनसान रास्ते पर घूमता था। कोई अकेला फोन पर बात करता या सोने की चेन पहने दिखता तो छीन कर फरार हो जाता था। नेपाल के तौलिहवा के पास मेरा ननिहाल है वहां पर लेजाकर बेचने के बाद कुछ हिस्सा साथियों को दे देता था।

**ये हुई बरामदगी:** पकड़े गए आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल बाइक, लूट की एक मोबाइल, लूट से मिले 3250 नगद, चार अन्य मोबाइल को पुलिस ने बरामद किया है।



पुलिस लाइन सभागार में सोमवार पकड़े गए लुटेरों के बारे में खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनंद।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, प्रभारी सर्विलांस शेषनाथ यादव, एसआई रामपाल, हेड कांस्टेबल रमेश यादव, कांस्टेबल अवनीश सिंह, पवन तिवारी, मृत्युंजय कुशवाहा, वीरेंद्र तिवारी, देवेश यादव, विवेक मिश्र आरोपियों की गिरफ्तारी वाली टीम में शामिल रहे।

**गिरफ्तार आरोपित**

लूट की घटना को अंजाम देने वाले संदीप यादव पुत्र दूधनाथ यादव निवासी अजगरा थाना उस्का बाजार व एक बाल अपचारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बाल अपचारी भी लूट की घटना में शामिल रहा।

# जोन में पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में बस्ती मंडल अव्वल

**03** स्थान पर रेटिंग में सिद्धार्थनगर जिला रहा



- आईजीआरएस, एफआईआर फीडबैक, पीआरवी, पासपोर्ट पर लिया गया फीडबैक
- संतकबीरनगर पहले स्थान पर, बस्ती जिला दूसरे नंबर पर रहा
- 11 जनपदों में जून माह की रेटिंग में सबसे निचले पायदान पर रहा गोरखपुर

बस्ती, निज संवाददाता। गोरखपुर जोन में बस्ती मंडल के तीन जिलों ने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम में टॉप थ्री में स्थान हासिल किया है। जून माह की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग एडीजी जोन गोरखपुर स्तर से जारी की गई है। इसमें संतकबीरनगर अव्वल, बस्ती दूसरे व सिद्धार्थनगर तीसरे स्थान पर रहा।

जोन के सभी जनपदों की पुलिस कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं का निस्तारण एवं जनता के प्रति व्यवहार पर जनता की सन्तुष्टि का मूल्यांकन डारेक्ट पोल व ट्वीटर पोल के माध्यम से किया गया है। वोटिंग के लिए क्यूआर कोड भी जेनरेट कराए गए थे। इस बार की वोटिंग में पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन फीडबैक (सीधे जनता से दूरभाष के माध्यम से) की प्राप्त किया गया। प्रत्येक जनपद की पुलिस कार्यप्रणाली का मूल्यांकन आईजीआरएस, एफआईआर फीडबैक, पीआवी, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन पर फीडबैक प्राप्त कर तैयार किया गया है। इसमें संतकबीरनगर नंबर एक 73.47 प्रतिशत अंक के साथ रहा। दूसरे स्थान पर बस्ती 72.20 अंक हासिल कर रहा। तीसरे स्थान पर सिद्धार्थनगर को कुल 69.23 % अंक प्राप्त हुए हैं। चौथा स्थान पर बहराइच 63.17, पांचवा स्थान बलरामपुर 62.67, छठवां स्थान कुशीनगर 61.13, सातवां स्थान श्रावस्ती जनपद 60.93 प्रतिशत, आठवां स्थान महराजगंज 58.07, नौवां स्थान गोंडा 56.98, दसवां स्थान देवरिया 52.79 और सबसे नीचे यानी ग्यारहवें पायदान पर पब्लिक अप्रूवल रेंटिग में गोरखपुर 44.87 प्रतिशत के साथ रहा।

# पुलिस के हाथ लगे छिनैती करने वाले बदमाश

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में गांवों में छिनैती करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित का नाम उसका बाजार थाना के अजगरा गांव निवासी संदीप यादव है। इनके पास से छिनैती के पांच मोबाइल व नकदी बरामद किया है।



पुलिस लाइन सभागार में छिनैती की घटना की जानकारी देते एसपी अमित कुमार आनंद साथ में सीओ सदर प्रदीप यादव ● जागरण

एसपी ने बताया कि पांच जुलाई की रात उसका बाजार थाना के गायघाट निवासी पंचम प्रसाद पासवान के साथ बाइक सवार दो लोग सोने की चेन व मोबाइल की छिनैती करने के बाद फरार हो गए थे। पर्दाफाश के लिए एसओजी, सर्विलांस व थाना की संयुक्त टीम गठित हुई। रात को संयुक्त टीम ज्ञानोदय इंटर कालेज के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान दोनों आरोपित बाइक से आते दिखाई दिए। रोककर पूछताछ किया तो उन्होंने लूट की घटना में संलिप्तता स्वीकार की। बताया कि रात को छोटे बच्चे के साथ बाइक से घमने के दौरान अगर कोई व्यक्ति दिखाई देता है तो उसका मोबाइल व चेन छिन कर भाग जाते हैं। इन सामान को नेपाल के तौलिहवा बाजार में बेच देते हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में एसओ उसका बाजार अभिषेक सिंह, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, सर्विलांस प्रभारी शेषनाथ यादव, एसआइ रामपाल, मुख्य आरक्षी रमेश यादव, आरक्षी अवनीश सिंह, पवन तिवारी, मृत्युंजय कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

**अनियंत्रित ट्रक पलटा** : इटवा : थाना क्षेत्र के इटवा-बढ़नी मार्ग पर ग्राम अमौना के पास रविवार देर रात दाल भरी एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।

सामने अचानक गोवंश सड़क पर आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पुलिया की दीवार तोड़ते हुए गड्ढे में पलट गया। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। चालक और क्लीनर को हल्की चोटें आईं पर बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गई।

# न्यायालय के दो वारंटी को दबोचा

मिश्रौलिया। मिश्रौलिया पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से न्यायालय के दो वारंटियों को पकड़कर न्यायालय भेज दिया है।

थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि क्षेत्र के करौंदा खालसा गांव निवासी अजय न्यायालय का वारंटी था। जो काफी दिनों से फरार चल रहा था। न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था।

# राप्ती नदी के तट पर मुस्तैद रही एनडीआरएफ की टीम

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। सावन के पर्व पर पहले सोमवार को लेकर बांसी के राप्ती नदी के रानी लक्ष्मी मोहभक्त घाट पर संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन के साथ मिलकर एनडीआरएफ की टीम चौकस रही।

सावन के प्रथम सोमवार को स्नान एवं मेले का आयोजन बांसी के राप्ती नदी के रानी लक्ष्मी मोहभक्त घाट में भी उत्साह पूर्वक हुआ। यहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ की टीम राप्ती नदी के मुख्य घाटों पर तैनात थी। 11वीं एनडीआरएफ की टीम मोटरबोट, संचार व्यवस्था जैसे हाई फ्रिकवेंसी सेट, प्रशिक्षित गोताखोर, पैरामेडिक्स, टेक्नीशियन अत्याधुनिक संसाधनों के साथ घाट पर मुस्तैद दिखी।

एनडीआरएफ के बचाव में कर्मी घाट पर मोटरबोट से नदी में लगातार गश्त कर श्रद्धालुओं पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए थे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार थे। इस दौरान एनडीआरएफ के बचाव कर्मी समय-समय पर श्रद्धालुओं के लिए जरूरी दिशा निर्देश भी दे रहे थे।

# धरपकड़ अभियान में धरे गए 46 आरोपित



पुलिस लाइन परिसर में मौजूद पकड़े गए वारंटी ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर आपरेशन धरपकड़ चला। काफी दिनों से फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी के निर्देश जारी किए। पुलिस ने सोमवार को 48 आरोपितों व वारंटियों को धर दबोचा।

एसपी ने बताया कि पूरी रात सभी थाना की पुलिस आरोपितों की खोज में लगी रही। जहां भी उनके छिपे होने की सूचना मिली, वहां पहुंच कर दबिश दी। इनके खिलाफ न्यायालय ने गिरफ्तारी का आदेश भी जारी किया है। पकड़े गए आरोपितों में 11 वांछित व 37 के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी हुआ है। शोहरतगढ़ थाना के जोगीबारी गांव निवासी बबलू निषाद, कठेला समय माता थाना के कठेला जुनूबी के तुलसी राम जायसवाल, कठेला बाजार के गोविंद, सदर थाना के जगदीशपुर खुर्द निवासी चंद्रभूषण रस्तोगी, उपेंद्र रस्तोगी, ध्रुवराज, जय गोविंद, विशाल रस्तोगी, चिल्हिया थाना के रोशनजोत निवासी इरफान अहमद, त्रिलोकपुर थाना के हटवा निवासी अजय कुमार और गोल्हौरा थाना के पिपरी निवासी मनीराम वांछत हैं, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। ये सभी विभिन्न आरोपों में काफी दिनों से फरार थे।

**दो वारंटी गिरफ्तार**: बढ़या : मिश्रौलिया पुलिस ने सोमवार को दो वारंटी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक अमित शाही व मुख्य आरक्षी खुशी लाल शर्मा की टीम ने अजय निवासी करौंदा खालसा व साधू निवासी चेतिया को गिरफ्तार किया। दोनों विभिन्न मुकदमे में वारंटी थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों वारंटियों को आवश्यक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया गया।

# घर पर चढ़ कर मारने का आरोप

**जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ :** रविवार की रात शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मदरहिया में घर चढ़ कर लोगों ने मारपीट दिया है। पीड़ित घमालू नेपाल सहित छह नामजद व चार अज्ञात लोगों पर मारपीट कर नकदी, आभूषण व बर्तन उठा ले जाने का आरोप लगाया है।

क्षेत्र के मदरहिया निवासी घमालू ने शोहरतगढ़ थाने में सोमवार को तहरीर देकर बताया कि रविवार को गांव के दूसरे पक्ष के साथ नेपाल निवासी मेरे घर आए और कहासुनी करने लगे। कहासुनी करते करते वह सभी मुझे और परिवार के सदस्यों को मारने पीटने लगे। जिससे मेरे घर के सभी सदस्यों को काफी चोटें भी आई है। मारपीट के दौरान घर के अंदर घुस कर सोने का झुमकी, 20 हजार नकद सहित कीमती बर्तन उठा ले गए।

शोर सुनकर गांव के आसपास लोग इकट्ठा हो गए, लेकिन सभी भाग गए। इस संबंध में एसओ जय प्रकाश दुबे ने बताया कि एक दिन पहले गांव में भंडारा था। उसी को लेकर दोनों पक्षों में कहा सुनी हुई है। दोनों पक्ष से तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

## एक नजर में

### करंट की चपेट में आने से युवक की मृत्यु

**बांसी :** कटहल तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े युवक की करंट से मृत्यु हो गई। घटना मिश्रौलिया थाना के चेतिया पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम डुमरिया पांडेय की है। मृतक का नाम दिलीप चौरसिया है। दिलीप भोर में चार बजे किसी को कटहल देने के लिए उसे तोड़ने पेड़ पर चढ़ था। ऊपर से गुजर रहे ग्यारह हजार तार की चपेट में आ गया और मौके पर ही मृत्यु हो गई। सुबह उसका शव लोग पेड़ के पास पड़ा देखे तो पूरे गांव में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर पंचनामा भर शव को अंत्य परीक्षण गृह को भेज दिया। इसको लेकर गांव में तरह तरह की चर्चाएं भी व्याप्त हैं। कुछ लोग इसे पारिवारिक विवाद से त्रस्त हो आत्महत्या की बात भी कर रहे हैं। (जासं)



राप्ती नदी तट पर निगरानी करती एनडीआरएफ टीम • जागरण

# राप्ती नदी तट पर मुस्तैद दिखी एनडीआरएफ टीम

- स्नान व जल भरने वालों पर टीम के सदस्यों जमीं हुई थी निगाहें
- समय-समय पर श्रद्धालुओं को सावधानी बरतने का देते रहे संदेश

**जासं, बांसी, सिद्धार्थनगर** : सावन के प्रथम सोमवार को शिवलिंग पर जलाभिषेक, स्नान आदि करने के लिए राप्ती नदी तट पर उमड़ने वाले श्रद्धालुओं के मद्देनजर एनडीआरएफ टीम नदी के रानी लक्ष्मी मोहभक्त घाट पर भोर से ही मुस्तैद रही। जवान अपने साथ दो -दो मोटर बोट के साथ नदी तट पर चौकसी करते रहे। दोपहर बाद जब लोगों के जलाभिषेक व स्नान आदि का क्रम समाप्त हुआ तो टीम वहां से रवाना हुई।

11 एनडीआरएफ की टीम विभिन्न प्रकार की आपदाओं धार्मिक स्थानों और मेलों में लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात रहती है । सावन के प्रथम सोमवार के दिन स्नान एवं मेले के आयोजन पर मोहभक्त घाट पर वह पहुंच गई। टीम मोटर बोट, संचार व्यवस्था जैसे हाई फ्रिकवेंसी सेट, प्रशिक्षित गोताखोर, पैरामेडिक्स, टेक्नीशियन अत्याधुनिक संसाधनों के साथ घाट पर मुस्तैद रही। एनडीआरएफ के बचाव कर्मी घाट पर मोटर बोट से नदी में लगातार गश्त कर श्रद्धालुओं पर पैनी नजर बनाए हुए थे। इस दौरान बचाव कर्मी समय-समय पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुरक्षा निर्देश भी देते रहे। टीम में 20 सदस्य व बचावकर्मी शामिल थे।

# राप्ती नदी में डूब रहे युवकों को आरक्षियों ने बचाया

**जासं,डुमरियागंज :** सोमवार को राप्ती नदी में स्नान कर जल भरते समय दो युवकों का पैर फिसल गया और वह नदी में डूबने लगे। घाट पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात दो जवानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर डूबते युवकों को नदी से सुरक्षित निकालकर मानवता का फर्ज अदा किया। श्रावण महीने के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ राप्ती तट पर स्नान करने व जल भरने के लिए जुटी। उसी वक्त भटंगवा गांव के निवासी धर्मपाल अग्रहरि व सूरज अग्रहरि जो स्नान करने के बाद जल भरने नदी में उतरे थे पैर फिसलने के कारण तेज धार में बहकर डूबने लगे। सुरक्षा में तैनात आरक्षी संदीप यादव व चंदन सिंह की नजर जब डूबते युवकों पर पड़ी तो वह जान की परवाह किए बिना तेज धार में कूद पड़े और 10 मिनट की जद्दोजहद के बाद दोनों युवकों को सुरक्षित निकालने में सफल रहे। दोनों आरक्षियों के कर्तव्यनिष्ठा व साहस की लोगों ने भरपूर प्रशंसा की। ग्राम प्रधान भटंगवा विष्णु श्रीवास्तव ने दोनों आरक्षियों को 5100 रुपये का पुरस्कार देने के साथ ही उन्हें सम्मानित करने की घोषणा की। कोतवाल संजय मिश्रा ने भी दोनों जवानों के कर्तव्य निष्ठा को सराहा।

## ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मृत्यु

**जासं,चिल्हिया :** चिल्हिया थाना क्षेत्र के गौहनिया के पास रविवार रात 12 बजे एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान चिल्हिया थाना क्षेत्र के जमुनी निवासी राम उजागिर के रूप में की गई है। वह घर पर अकेला था। पत्नी बच्चों के साथ मायके गई है। चिल्हिया एसओ दीपक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है।

# निकला जुलूस-ए-हैदरी, हर तरफ छाई खुशी

**जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर** : कस्बा हल्लौर में सोमवार को जश्न-ए-ईद गदीर का कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया। जुलूस में नारे हैदरी-या अली का नारा गूंजा तो तकरीर के प्रोग्राम में शायरों ने अपने-अपने अंदाज से मौला अली व गदीर की शान में कसीदे पढ़े। जबकि मौलाना ने ईद गदीर व हजरत अली की जिंदगी पर वृहद रोशनी डाली। गदीर मिशन के तत्वावधान में दोपहर करीब ढाई बजे बड़े इमाम बाड़ा प्रांगण से जुलूस निकाला गया। जिसमें बच्चों एवं युवाओं का जोश देखने लायक रहा। कस्बे के विभिन्न मार्गों से होता हुआ मोटर साइकिल जुलूस मुख्य मार्ग डुमरियागंज-बस्ती पर पहुंचा जहां कार्यक्रम आयोजित हुआ। शुरूआत तिलावत-ए-कलाम पाक से हुई। जिसके बाद नात-ए-पाक पढ़ी गई।

मौलाना मोहम्मद हसन व जाकिर जमाल हैदर ने अपने विचार रखे। शकील अहमद पूर्व प्रधानाचार्य, कायनात, फैजी, सावन, हसन जमाल, हानी, मुमताज आदि शायरों ने अपने-अपने अंदाज में अली की शान में कसीदे पढ़े। राहिब रिजवी, अकबर मेंहदी, जानशीन हैदर, रिजवान, वजीर हैदर, काजिम रजा, इंतजार, शबाब, असगर जमाल, असगर जमील, महफूज आदि का योगदान उल्लेखनीय रहा। बीच-बीच में हुई आतिशबाजी से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। जगह-जगह मिष्ठान एवं अन्य खान-पान के स्टाल लगे रहे। शांति व्यवस्था में स्थानीय पुलिस फोर्स सक्रिय रही।



आरक्षी को सम्मानित करते मौलाना हसन ● जागरण

**आरक्षियों को मिला सम्मान**: हल्लौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भटंगवा के दो युवकों को राप्ती नदी में डूबने से बचाने वाले आरक्षी संदीप यादव व चंदन सिंह को मौलाना मो. हसन, हसन ताकीब, अजीम हैदर ने अंगवस्त्र व मिष्ठान देकर सम्मानित किया। दोनों जवानों ने मानवता की रक्षा के लिए अपना योगदान दिया कारण उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। भटंगवा प्रधान विष्णु श्रीवास्तव व हल्लौर के प्रधान ताकीब रिजवी मौजूद रहे।

# पैथालाजी संचालक से धोखाधड़ी साइबर सेल ने वापस कराए रुपये

**जासं, सिद्धार्थनगर** : सदर थाना क्षेत्र के परसाशाह आलम मोहल्ला निवासी पैथोलाजी के संचालक के खाता से ठगों ने रुपये उड़ा दिए। संचालक ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से संपर्क किया। सोमवार को खाता से निकले 19705 रुपये वापस कराए। पुलिस ने एक दिन में पूरी कार्रवाई की।

पैथोलाजी संचालक विनय कुमार श्रीवास्तव के फोन पर एसएसबी के 22 जवानों के रक्त की जांच कराने के संबंध में पूछताछ की गई। साइबर ठग ने आनलाइन पैसे ट्रांसफर करने के लिए खाता नंबर मांगा। संचालक ने जैसे ही खाता नंबर दिया, इसके पांच मिनट बाद रुपये निकलने का मैसेज आ गया।

कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी साइबर सेल पंकज पांडेय, आरक्षी अतुल चौबे, दिलीप कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



पैथोलाजी संचालक के साथ मौजूद साइबर सेल टीम ● जागरण

# आठ के खिलाफ शांति भंग में चालान

**शोहरतगढ़ :** शोहरतगढ़ पुलिस ने आठ आरोपितों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की है। आरोपितों का नाम रामभरोसे, देवीदीन, परवेज, इस्लाम, शंकर, विफई, सितारा, इस्लामुन है। टीम में चौकी प्रभारी खुनुवा महेन्द्र चौहान, मुख्य आरक्षी धर्मेन्द्र आदि शामिल रहे।

# मोबाइल फोन और चेन लूटने वाले दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** एसओजी, सर्विलांस और पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को लूट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

उनके पास से लूटे गए चार मोबाइल फोन और नकदी बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों में एक नाबालिग था, उसे बाल सुधारगृह बस्ती भेज दिया गया। दूसरे को जेल भेज दिया गया। यह जानकारी पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी अमित कुमार आनंद ने दी।

एसपी ने बताया कि पांच जुलाई की रात उसका थाना क्षेत्र के गायघाट गांव निवासी पंचम प्रसाद पासवान से चौबाहा पुल पर आरोपियों ने मोबाइल फोन और चेन छीन लिया था। इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।

## एसओजी, सर्विलांस टीम और उसका पुलिस को मिली कामयाबी

सोमवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में एक आरोपी ने अपना नाम संदीप यादव निवासी अजगरा थाना उसका बाजार बताया, दूसरा आरोपी नाबालिग है। इनके कब्जे से चार मोबाइल फोन और 3,500 रुपये नकदी बरामद की गई। संदीप ने बताया कि शौक पूरा करने के लिए वारदात करते थे। लूट और छिनैती करने के बाद सामान को नेपाल अपने ननिहाल में ले जाकर बेचते थे।

# 11 वांछित सहित 48 आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। वारंटी और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रविवार को जिले में विशेष अभियान चलाया गया।

पुलिस ने 11 वांछित और 37 वारंटी को गिरफ्तार किया। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि वारंटी और वांछितों की गिरफ्तारी के लिए जनपद के सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया था। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 19-07-2022

# मां की हत्या का आरोपी भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। मेंहदावल क्षेत्र के एकला माफी में हंसिए से प्रहार की मां की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने सोनौरा मोड़ के पास से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

पीड़ित विंध्याचल शुक्ला ने मेंहदावल पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया था कि छोटे भाई प्रमोद शुक्ला उर्फ बैजनाथ शुक्ला अक्सर मां को मारता पीटता था। 16 जुलाई की रात में प्रमोद ने हंसिए से मां विमला देवी के गले व शरीर पर कई जगह प्रहार कर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी प्रमोद के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत खारिज

संतकबीरनगर। जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मी कांत शुक्ल ने दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि बखिरा क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता के प्रार्थनापत्र पर बखिरा में मुकदमा दर्ज हुआ। आरोप है कि 16 जून की रात 11 बजे आरोपी उसके घर में घुस गया। चाकू दिखाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारा पीटा। पीड़िता ने कोर्ट में दिए बयान में अपनी बात को साबित किया।

आरोपी के अधिवक्ता ने कोर्ट में जमानत प्रार्थनापत्र दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता ने जमानत प्रार्थनापत्र का विरोध किया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई की और आरोपी की जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया। संवाद

# बच्चों के विवाद में मारपीट, आठ घायल

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के चौलखरी गांव मे रविवार की शाम लगभग 6 बजे बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस मे भिड़ गए। गाली-गलौज के साथ शुरू हुए इस विवाद ने देखते ही देखते मारपीट का रूप अख्तियार कर लिया। इस मारपीट मे दो मासूम बच्चों सहित दोनों पक्षो से कुल 8 लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी नाथनगर पहुंचाया गया जहां से दो लोगो को गंभीर हालत मे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

महुली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए घटना की विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के चौलखरी गांव में रविवार की शाम करीब 6 बजे चौलखरी गांव निवासी मीना देवी पत्नी कपिल का 12 वर्षीय पुत्र शिवा अपने पट्टीदार रामकृपाल के 7 वर्षीय लड़के राज के साथ खेल रहा था जिसमें ऊंचाई से कूदने के कारण राज के पैर में चोट लग गई। शिवा ने राज को उठा कर उसके घर पहुंचाया तो राज के घर की महिलाओं ने शिवा की पिटाई शुरू कर दी। शिवा को पिटता देख शिवा की बहन पूजा और मीना उसको बचाने पहुंच गई जिस पर तू-तूकरार से शुरू होकर मारपीट की नौबत आ पहुंची इसी बीच किसी ने घटना की सूचना 112 नम्बर पर फोन करके पुलिस को दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामले को शान्त कराया और सोमवार को थाने आने की हिदायत दिया। पुलिस के जाने के बाद दोनों परिवार के पुरुष और महिला एक दूसरे के ऊपर हमलावर हो गए और मारपीट का नजारा सामने आ गया। इस घटना में उपरोक्त दोनों मासूमों के अलावा शिवांगी पत्नी रामकृपाल, माधना पत्नी नागेन्द्र और दूसरे पक्ष से मीना देवी पत्नी कपिल, पूजा पुत्री कपिल, माया पत्नी सूरज, अरविन्द पुत्र कपिल भी घायल हो गए।

महुली पुलिस को दी गई तहरीर में एक पक्ष से शिवांगी पत्नी रामकृपाल ने कपिल पुत्र फूलराज, अरविन्द, संजय, विशाल, सूरज पुत्रगण कपिल को आरोपी बनाया है तो वहीं दूसरे पक्ष से मीना देवी पत्नी कपिल ने महुली पुलिस को दी गई तहरीर में मिलिन्द सागर पुत्र लालधर, शैम्पी पुत्र मिलिन्द सागर, मोन्टी पुत्र ओमप्रकाश और लालधर पुत्र वंशराज को घटना का जिम्मेदार ठहराया है। महुली पुलिस ने उपरोक्त दोनों तहरीरों के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और घटना की छानबीन में जुट गई है। घायलों को सीएचसी नाथनगर में भर्ती कराया गया है जहां से दो लोगों को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत हो चुका है मामले की विवेचना की जा रही है शीघ्र ही आगे की कानूनी कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी।

# मकान पर कब्जेदारी के विवाद में महिला की पिटाई

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव में मकान पर कब्जेदारी को लेकर रविवार की शाम को विपक्षियों ने एक महिला की मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर पुलिस ने घायल महिला की तहरीर पर चार नामजद हमलावरों के खिलाफ बलवा और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजकर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

**किशुनपुर गांव की है घटना**

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव निवासी भगवानी देवी पत्नी राजकुमार का हरिहर पुत्र बैजनाथ के परिवार से जमीनी विवाद चल रहा है। भगवानी देवी किशुनपुर गांव में नहीं रहती है। वह थाना क्षेत्र के किसी दूसरे गांव में रहती है। इस बीच भगवानी देवी को पता चला कि गांव निवासी हरिहर के परिवार के लोगों ने उसके मकान पर कब्जा कर लिया है तो किशुनपुर गांव के प्रधान के बुलाने पर रविवार की शाम वह किशुनपुर गांव गयी हुई थी जहां बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और हरिहर पुत्र बैजनाथ, संदीप पुत्र हरिहर, चंदा पत्नी हरिहर तथा अंकिता पुत्री हरिहर ने मिलकर भगवानी देवी की मारपीट कर घायल कर दिया। घायल भगवानी देवी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त चारों हमलावरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147,323 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# चकरोड गिराने का आरोप, पुलिस से गुहार

सेमरियावां (एसएनबी)। दुधारा थाना क्षेत्र के गांव तिलजा में दबंग व्यक्तियों द्वारा ग्राम प्रधान के द्वारा निर्माण कराए गए चकरोड को जेसीबी से गिराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में ग्राम प्रधान ने एसडीएम को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव तिलजा के ग्राम प्रधान मुहम्मद इनामुल्लाह कुरैशी ने उपजिलाधिकारी खलीलाबाद को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत तिलजा में चकरोड संख्या-204 भीटा संख्या-279 व आराजी संख्या-248 की पैमाइश धारा-24 के अंतर्गत पिछले प्रधान के कार्यकाल में कराई गई थी। पैमाइश के अनुसार सरकारी मद से जहां पर पैमाइश के समय झंडी लगाई गई थी उसी को आधार मानते हुए चकरोड का निर्माण कराया गया था परंतु गांव के दबंग व्यक्ति मोहम्मद जमाल व फखरूल इस्लाम पुत्रगण मोहम्मद इलियास आदि मिलकर उस चकरोड को जेसीबी मशीन द्वारा गिराया जा रहा था। सरकारी संपत्ति की क्षति को देखते हुए मैंने 112 नंबर की सहायता लेकर चकरोड गिराने के कार्य को रोक दिया। मेरी अनुपस्थिति में पूर्व की पैमाइश को आधार न मानते हुए राजस्व के अधिकारी कर्मचारी की मिलीभगत से चकरोड के अंदर राजस्व की टीम के जाने के बाद पत्थर गाड़ लिए और उसी को आधार मानकर चकरोड गिराने का कार्य किया गया और सरकारी धन की क्षति की गई तथा कभी भी विवाद होने की संभावना हो सकती है। शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि चकरोड संख्या-204 व भीटा संख्या-279 की जब तक पैमाइश नहीं करा ली जाती है तब तक निर्मित चकरोड की यथास्थिति बनाए रखी जाए। उपजिलाधिकारी सदर ने दुधारा थानाध्यक्ष को दोनों पक्षों को सुनकर समाधान कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

# दुष्कर्म व निर्वस्त्र करने का आरोप, केस दर्ज

बखिरा (एसएनबी)। बखिरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक द्वारा गांव की ही एक युवती का जबरन दुष्कर्म, निर्वस्त्र करने और विरोध करने पर मारने-पीटने के मामले में एसपी के निर्देश पर बखिरा पुलिस ने दुष्कर्म समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थाने पर सुनवाई न होने पर कथित दुष्कर्म पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। दी गई तहरीर में पीड़िता ने कहा है कि बीते 11 जुलाई की रात लगभग 10.00 बजे गांव का ही एक युवक उसे झांसा देकर गांव के पूरब स्थित बाग में बुलाया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। आरोप है कि पीड़िता ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसका मुंह बंद करके उसे मारा-पीटा और जातिसूचक गाली देते हुए धमकी दिया कि यदि उसने घटना के बारे में किसी को बताया तो अगली बार खुलेआम उसके साथ दुष्कर्म करेगा। उन्होंने कहा कि उसने घटना की सूचना डायल 112 पर दी लेकिन गांव पंहुची पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी पूर्व में भी उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया है। आरोप है कि आरोपी ने उसका कपड़ा निकालकर पूरी तरह से निर्वस्त्र भी कर दिया था। इसकी शिकायत के बाद भी बखिरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जिससे आरोपी का हौसला बुलंद है। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376, 323, 504, 506 आईपीसी व एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपये की ठगी

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर** : खलीलाबाद शहर के घोरखल मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति से वोडाफोन कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजों ने 30 लाख रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। खलीलाबाद शहर के घोरखल मोहल्ला निवासी अनिल कुमार ने बताया कि उनके पिता ने सात वर्ष पूर्व 90 लाख रुपये में जमीन बेचा था। रुपये को तीनों पुत्रों को 20-20 लाख रुपया दे दिया।

शेष रुपयों को उन्होंने अपने और मां के संयुक्त खाते में जमा कर दिया था। खलीलाबाद के ग्राम बनियाबारी अमित पाण्डेय एवं वोडाफोन कंपनी के फील्ड अफसर देव नरायण सिंह ने उनसे सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने के नाम पर 30



लाख रुपयों की मांग की। विश्वास करते हुए उन्होंने अंकपत्र व धन दे दिया। नौकरी न मिलने पर धन व कागजात मांगने पर वह लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि मामले में दो लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी व जान मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जोन में पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में बस्ती मंडल अव्वल

**03** स्थान पर रेटिंग में सिद्धार्थनगर जिला रहा



- आईजीआरएस, एफआईआर फीडबैक, पीआरवी, पासपोर्ट पर लिया गया फीडबैक
- संतकबीरनगर पहले स्थान पर, बस्ती जिला दूसरे नंबर पर रहा
- 11 जनपदों में जून माह की रेटिंग में सबसे निचले पायदान पर रहा गोरखपुर

बस्ती, निज संवाददाता। गोरखपुर जोन में बस्ती मंडल के तीन जिलों ने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम में टॉप थ्री में स्थान हासिल किया है। जून माह की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग एडीजी जोन गोरखपुर स्तर से जारी की गई है। इसमें संतकबीरनगर अव्वल, बस्ती दूसरे व सिद्धार्थनगर तीसरे स्थान पर रहा।

जोन के सभी जनपदों की पुलिस कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं का निस्तारण एवं जनता के प्रति व्यवहार पर जनता की सन्तुष्टि का मूल्यांकन डारेक्ट पोल व ट्वीटर पोल के माध्यम से किया गया है। वोटिंग के लिए क्यूआर कोड भी जेनरेट कराए गए थे। इस बार की वोटिंग में पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन फीडबैक (सीधे जनता से दूरभाष के माध्यम से) की प्राप्त किया गया। प्रत्येक जनपद की पुलिस कार्यप्रणाली का मूल्यांकन आईजीआरएस, एफआईआर फीडबैक, पीआरवी, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन पर फीडबैक प्राप्त कर तैयार किया गया है। इसमें संतकबीरनगर नंबर एक 73.47 प्रतिशत अंक के साथ रहा। दूसरे स्थान पर बस्ती 72.20 अंक हासिल कर रहा। तीसरे स्थान पर सिद्धार्थनगर को कुल 69.23 % अंक प्राप्त हुए हैं। चौथा स्थान पर बहराइच 63.17, पांचवा स्थान बलरामपुर 62.67, छठवां स्थान कुशीनगर 61.13, सातवां स्थान श्रावस्ती जनपद 60.93 प्रतिशत, आठवां स्थान महराजगंज 58.07, नौवां स्थान गोंडा 56.98, दसवां स्थान देवरिया 52.79 और सबसे नीचे यानी ग्यारहवें पायदान पर पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में गोरखपुर 44.87 प्रतिशत के साथ रहा।

# मंदिरों में भीड़ को संभालने के लिए मुस्तैद रही पुलिस

मेंहदावल। क्षेत्र में सावन के पहले सोमवार पर श्रद्धालुओं ने आस्था का जलाभिषेक किया। कुबेरनाथ, झारखंडी, पंचमुखी, बाबा दुःखहरण दास तथा रक्षानाथ मंदिर समेत अन्य शिवालयों पर अभिषेक करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली।

ओम नमः शिवाय व हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ कतारबद्ध होकर श्रद्धालु भगवान शिव का गंगाजल, दूध आदि से अभिषेक कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए अभिषेक कर भगवान आशुतोष का आशीर्वाद लिया। अक्षत, पुष्प, बेलपत्र, धतूरा, धूप, दीप व पवित्र जल के साथ घर से आए श्रद्धालुओं ने परिसर स्थित भगवान नंदेश्वर, मां पार्वती व अन्य देवी-देवताओं का भी पूजन अर्चन किया। परिसर में मौजूद पुरोहितों से कई लोगों ने अनुष्ठान व शिवपुराण की कथा सुनकर अपने धन व ऐश्वर्य में वृद्धि के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना की। लोगों की आस्था से क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों में मृत्युंजय मंत्र व रुद्राष्टाध्यायी के श्लोक गूंजते रहे। कुबेर नाथ मंदिर पर रुद्राभिषेक कराने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कुबेर नाथ मंदिर पर पुलिस-बल तैनात रहा।

# 42 वाहनों का किया चालान

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में शनिवार को 42 वाहनों का चालान किया। इनसे 31 हजार रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया। यातायात पुलिस के साथ ही सभी थानों की पुलिस ने एक साथ अभियान चलाया। बैंकों और संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई।

# शांतिभंग में चार गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की  पुलिस ने अभियान चलाकर अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। इस दौरान कुल 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। धनघटा  पुलिस ने तीन, महुली  पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# मार्ग दुर्घटना में घायलों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पीआरवी 1483 को थाना कोतवाली खलीलाबाद के रैना पेपर मिल से मार्ग दुर्घटना में दो व्यक्तियों के घायल होने की सूचना पर तीन मिनट में ही पीआरवी टीम घायल रामकृपाल राय पुत्र रामप्रवेश, गम्भीरपुर जिला सिवान, देवेन्द्र पुत्र सुदाम, सिंहा, जिला गोपालगंज को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा।

# कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म और मारपीट का केस दर्ज

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ छेड़खानी, दुष्कर्म, मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला ने बताया है कि बीते 13 फरवरी को शाम 7 बजे वह अपने गांव के अंदर मकान पर सामान रखने गई थी। वहां पर मौजूद विपक्षियों ने उसे सामान रखने से मना किया। वहां मौजूद दो महिलाओं ने उसे लात घूसा से मारपीट कर घायल कर दिया। उनके साथ मौजूद व्यक्ति ने मेरे कपड़ों को फाड़ दिया। मामला लोगों के बीच-बचाव के बाद शांत हुआ। उसी दिन रात 11:00 बजे मैं अपने बेटे के साथ गांव स्थित मकान के बरामदे में सोई थी। वहां गांव का इस्माइल रात के 11 बजे पहुंच गया। चाकू दिखाकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर मेरा बगल में सोया लड़का जगा। उसके दौड़ाने पर आरोपी वहां से जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गया। सदमे की वजह से घटना की जानकारी तत्काल नहीं दे पाई।

# नौकरी के नाम पर 30 लाख की ठगी

**धोखाधड़ी**

- कोतवाली क्षेत्र के घोरखल मोहल्ले का मामला
- पुलिस ने केस दर्ज किया जांच पड़ताल शुरू

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद शहर के घोरखल मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति से वोडाफोन कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजों ने 30 लाख रुपये की ठगी कर लिया। मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

खलीलाबाद शहर के घोरखल मोहल्ला निवासी अनिल कुमार ने बताया कि उनके पिता ने सात वर्ष पूर्व 90 लाख रुपये में जमीन बेची थी। रुपये को तीनों पुत्रों को 20-20 लाख रुपया दे दिया।

शेष रुपयों को उन्होंने अपने और मां के संयुक्त खाते में जमा कर दिया था। खलीलाबाद के ग्राम बनियाबारी निवासी अमित पाण्डेय एवं वोडाफोन कंपनी के फील्ड अफसर देव नरायण सिंह ने उनसे सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपयों की मांग की।

विश्वास करते हुए उन्होंने अंकपत्र व धन दे दिया। नौकरी न मिलने पर धन व कागजात मांगने पर वे लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि मामले में दो लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी व जान मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

# भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना के जूरी गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्ष के लोगों को चोटें आई। पुलिस दोनों पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। कोतवाली खलीलाबाद थाने के जूरी गांव निवासी रामभवन चौरसिया और रमेश के परिवार में बीच भूमि विवाद में जमकर मारपीट हुई। कोतवाली में दी गई है।

# मां के हत्यारोपी शराबी बेटे को भेजा गया जेल

- बड़े बेटे की तहरीर पर हत्या का केस हुआ दर्ज
- शराब के नशे में दिया था वारदात को अंजाम

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। मेंहदावल थाना क्षेत्र के एकला शुक्ल गांव में चाकू मारकर मां की हत्या करने वाले बेटे प्रमोद शुक्ल को सोमवार को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। मृतका विमला देवी के बड़े बेटे विन्ध्याचल की तहरीर पर रविवार की देर शाम पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करते हुए यह कार्रवाई की है।

शनिवार की देर रात शराब के नशे में धुत एकला शुक्ल गांव निवासी प्रमोद शुक्ल पुत्र स्व. प्र''ाद ने अपनी मां विमला देवी (70) की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। मां की हत्या करने के दौरान घर में काई मौजूद नहीं था। मां की हत्या की सूचना मिलते बाहर रहने वाला बड़ा बेटा विन्ध्याचल शुक्ल रविवार की शाम घर पंहुचा। पुलिस को छोटे भाई द्वारा मां की हत्या करने का तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। इस बारे में बात करने पर प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह ने कहा कि हत्या की सूचना मिलते ही आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रही थी। जांच के दौरान आए दिन शराब के नशे में प्रमोद द्वारा मां से झगड़ा करने की बात सामने आई है। रविवार की देर शाम बड़े भाई विन्ध्याचल की तहरीर मिलते ही हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# महिला की पिटाई करने के मामले में छह पर मुकदमा

जासं, धनघटा,संतकबीर नगर: भूमि विवाद को लेकर पट्टीदारों ने महिला की जमकर पिटाई कर दी। इससे वह घायल हो गई। सीएचसी हैंसर बाजार के डाक्टरों ने हालत गंभीर देखकर इन्हें जिला अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।


धनघटा थाने पर दी गई तहरीर में किशनपुर गांव निवासी भगवानी पत्नी राजकुमार ने यह उल्लेख किया



है कि भूमि विवाद को लेकर उनके घर से पट्टीदारों की रंजिश चली आ रही है। इसको लेकर सोमवार को ये लोग अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर हरिहर, चंदा देवी, संदीप कुमार,जूली, अंकिता आदि लोग उन्हें पीटने लगे। आसपास के लोगों के हस्तक्षेप से किसी तरह उनकी जान बची।

उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैंसर बाजार में दाखिल कराया। यहां के डाक्टरों ने हालत गंभीर देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष केडी सिंह ने बताया कि छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मां की हत्या का आरोपित बेटा गिरफ्तार, भेजा जेल



**जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर :** मां की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या करने वाले आरोपित बैजनाथ उर्फ प्रमोद शुक्ल के विरुद्ध उसके भाई विंध्याचल की तहरीर पर मेंहदावल पुलिस ने हत्या का मुकदमा पंजीकृत करने के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को जेल भेज दिया गया।

शनिवार की देर रात पत्नी को मायके से बुलाने की जिद कर रहे आरोपित ने मां विमला देवी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। रविवार को सूचना मिलने पर सुबह पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपित को हिरासत में ले लिया गया। गांव के लोग आरोपित के मनबढ़ होने के कारण गंवाही करने से परहेज करते रहे। रविवार की देर रात कानपुर शहर में रह रहे आरोपित के बड़े भाई विंध्याचल ने मेंहदावल थ में पहुंचकर तहरीर दी। जिसके ब आरोपित के विरुद्ध हत्या का मुकद पंजीकृत किया गया।

## बहू से पीड़ित ससुर ने एसपी से लगाई गुहार

जासं, मेंहदावल : ग्राम विसौवा निवासी रामरक्षा जायसवाल ने बहू पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसपी को भेजे गए प्रार्थना पत्र में उन्होंने लिखा है कि वह कारोबार के सिलसिले में पंजाब प्रांत के अमृतसर में रहते हैं। उनका बेटा सोनू पत्नी के साथ उनके ही पास रहता था। बहू के विरोध करने पर वह विसौवा में परिवार के साथ चला आया था। अब उनकी बहू ने विसौवा के मकान को कब्जा कर लिया है। मजबूर होकर वह पत्नी के साथ वर्तमान में रिश्तेदार के यहां रह रहे हैं। उन्होंने एसपी से मामले की जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# जमीन के विवाद में दो पक्ष भिड़े, छह घायल

## 21 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने शुरु की जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के जूरी में जमीन के विवाद में रविवार देर शाम दो पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों के छह लोगों को चोटें आईं। सोमवार को दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी।

पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से 21 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक पक्ष के पीड़ित रमेश का आरोप है कि उसके पट्टे की जमीन पर गांव के राजेश चौरसिया ने कब्जा कर रखा है। कब्जा हटाने के लिए एसडीएम सदर ने आदेशित कर प्रार्थनापत्र को हल्का लेखपाल पूजा राय को दिया है। 16 जुलाई

### कोतवाली क्षेत्र के जूरी गांव का मामला

को राजस्व विभाग की टीम पुलिस के साथ आई थी, लेकिन उसे कब्जा नहीं मिल सका। राजस्व टीम को लौटना पड़ा।

आरोप है कि 17 जुलाई की शाम को विपक्षी राजेश चौरसिया, संतोष चौरसिया, काजू, राजू समेत 12 लोग घर पर चढ़ आए। उसके परिवार के रामकेवल, हंसराज और शांति देवी को लाठी-डंडे से मारने पीटने लगे।

आरोप है कि वन देवी और दुलारी को भी मारा पीटा गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर राजेश चौरसिया समेत 12 लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया।

दूसरे पक्ष के रामभवन का आरोप है कि उसके गांव के रमेश, महेश, नरेश, गरीश पाल, मोहन, संतराजी, रामकेवल, बेचन आदि 17 जुलाई की शाम साजिश के तहत उसकी चहारदीवारी को उजाड़ना शुरू कर दिया। मना करने पर चचेरे भाई राजेश, को अपशब्द कहते हुए मारापीटा। लोगों ने बीच बचाव किया, तब राजेश की जान बची।

राजेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने गोरखपुर रेफर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नौ लोगों पर केस दर्ज किया। कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2022

छपिया के तांबेपुर में हुई थी प्रधान पुत्र भोलू सिंह की हत्या

# भोलू हत्याकांड में धरना देने पर 19 गिरफ्तार

## कार्रवाई

गोण्डा, प्रमुख संवाददाता। छपिया थानाक्षेत्र के प्रधानपुत्र भोलू हत्याकांड में कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला पंचायत गोण्डा के सामने टीन शेड में धरना देने पर पुलिस ने 19 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि ये लोग बिना अनुमति भीड़ लगाकर शासन-प्रशासन के विरूद्ध नारेबाजी कर रहे थे। हालांकि अवध केशरी सेना ने बीते 10 जुलाई को छपिया थाने पर एसडीएम और सीओ को सौंपे गए ज्ञापन में कार्रवाई न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी थी।

अवध केशरी सेना के बैनर तले परिवार रविवार को कलेक्ट्रेट में भोलू के परिजन धरने पर बैठ गए थे। पुलिस का दावा है कि भोलू सिंह के परिवार को उकसाकर भारी मुवाअजे के लिए अवध केशरी सेना के बैनर तले आम रास्ता बंद करते हुए सरकारी काम में बाधा डाल रहे थे।

## ये प्रदर्शनकारी किए गए गिरफ्तार

नील टाकुर उर्फ अमरपाल सिंह निवासी बिशुनपुर बैरिया थाना कोतवाली देहात, गोण्डा, अजीत सिंह निवासी जबरनगर थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा, दिनेश प्रताप सिंह निवासी कौरहे थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा, आदित्य सिंह निवासी छाछपारा थाना कोतावाली देहात जनपद गोण्डा, उग्रसेन सिंह निवासी महवा डाबर थाना गौर जनपद बस्ती, शिवम सिंह निवासी छपरा थाना परशुरामपुर जनपद बस्ती, राघवेन्द्र सिंह निवासी परानपुर थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा, मनीष सिंह निवासी खुर्दहा याना वजीरगंज जनपद गोण्डा, बालमुकुन्द तिवारी निवासी बैरिया राजनाथ बिरतिहा थाना मनकापुर जनपद गोण्डा, अमित मिश्रा थाना कटरा जनपद गोण्डा, अरविन्द सिंह रसूलपुर खान थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा, मोहित सिंह निवासी पूरे खाल चेतपुर थाना कोतवाली देहात गोण्डा, शिवम पाण्डेय निवासी रामपुर खरहटा थाना वजीरगंज गोण्डा, राधे सिंह निवासी रनियापुर थाना कोतवाली देहात गोण्डा, विवेक सिंह निवासी बानेपुर थाना वजीरगंज गोण्डा, महेन्द्र प्रताप सिंह निवासी भिटौरा थाना मनकापुर गोण्डा, नीरज सिंह निवासी खिरिया मझगवा थाना वजीरगंज गोण्डा, प्रवीन सिंह निवासी बेनीपुर बेलईपुर थाना मनकापुर गोण्डा, अमित शुक्ला निवासी बैरीपुर रामनाथ थाना मनकापुर गोण्डा।

यही नहीं भोलू की पत्नी को मांग न पूरी होने पर आत्महत्या के लिए उकसाते हुए शासन-प्रशासन को फसांने की धमकी दे रहे थे। वहा मौजूद पुलिस फोर्स ने धरना समाप्त करने का निर्देश दिया। इस पर प्रदर्शनकारी और उग्र हो गए।

इस पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया। नगर कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि 19 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। सभी को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# डीआईजी के निर्देश पर दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज

मनकापुर, संवाददाता। डीआईजी के निर्देश पर दो लोगों के खिलाफ जालसाजी और जानमाल की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ है।

मामला कोतवाली मनकापुर के बल्लीपुर से जुड़ा है। बेनीपुर के जय प्रकाश शर्मा पुत्र राम प्रकाश शर्मा ने डीआईजी के यहां शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि शिव शंकर यादव पुत्र रामदीन यादव निवासी चांपुर बरसैनिया व दीपक यादव जो कि शिव शंकर यादव के रिश्तेदार हैं। इन लोगों ने जीवन अमृत माइक्रो क्रेडिट फाउंडेशन बैंक में खाता खोला और बैंक में जय प्रकाश को एजेंट बना दिया। इसके बाद बैंक के अधिकारियों ने मीटिंग करके दबाव बना कर अन्य खाता खोलने की हिदायत दी। मना करने पर आरोपी शिव शंकर यादव ने शपथ पत्र देकर कहा कि अगर भविष्य में बैंक बंद हो जाता है तो शिव शंकर यादव अपनी चल अचल समपत्ति बेचकर सभी का भुगतान कर देगा। जिसमें एजेंट होते हुए शर्मा ने दो लाख रूपये अपना जमा किया। वही अन्य लोगों के 12 लाख रूपये जमा कराए। बैंक बंद हो जाने पर भी शिव शंकर रूपये जमा कराता रहा। जब लोग अपने रूपये मांगने लगे तो आरोपी शिवशंकर ने कहा 2022 तक सभी का बकाया रूपया भुगतान कर देंगे। तब से आज तक टाल मटोल करते रहे। दो जुलाई 2022 को जब जमाकर्ताओ को लेकर शिव शंकर यादव के पास पहुंचा तो गाली देते हुए जान माल की धमकी भी दी गयी। इस मामले में शिव शंकर यादव, दीपक यादव के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया गया है।

# शादी का झांसा देकर किया यौन उत्पीड़न

नवाबगंज, संवाददाता। शादी करने का झांसा देकर दलित किशोरी का तीन साल तक यौन उत्पीड़न के आरोपी पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। नवाबगंज पुलिस ने यह कार्रवाई एएसपी शिवराज के आदेश पर की है।

■ समाधान दिवस में लगाई थी कार्रवाई की गुहार

■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया केस

थानाक्षेत्र के एक गांव की दलित किशोरी ने बीते शनिवार को तरबगंज तहसील में आयोजित समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र सौंपा था। उसका आरोप है कि क्षेत्र के होलापुरा गांव निवासी शनि गुप्ता पुत्र तिलक राम गुप्ता शादी का झांसा देकर उसके साथ तीन साल तक दुष्कर्म करता रहा। शादी से इनकार करते पर पीड़िता ने बीते तीन जून को थाने पर प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। इस पर पुलिस ने आरोपी को बुलाकर दोनों पक्षों में सुलह करा दी। आरोपी पीड़िता से शादी करने पर रजामंद हो गया। पीड़िता का कहना है कि उसी दिन थाने के बगल स्थित मंदिर में दोनों ने एक-दूसरे के गले में माला पहनाकर गंधर्व विवाह कर लिया। इसके बाद आरोपी पंद्रह दिन बात किशोरी को घर से बिदा कराने की बात कहकर चला गया। इसके बाद उसे घर न ले जाने की धमकी देने लगा। शिकायत पर पुलिस ने फिर सुलह का दबाव बनाया, इस पर शादी करने के बाद घर ले जाने के लिए राजी हुआ। थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# धर्म छिपाकर यौन शोषण मामले की शुरू हुई जांच

करनैलगंज, संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र में लव जिहाद का एक नया मामला सामने आया है। जिसमें एक महिला को धर्म और नाम बदलकर शादी व उसके बच्चों की परवरिश करने का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाया गया। जब युवक का आधार युवती के हाथ लग गया तब उसकी पोल खुल गई। महिला ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है।

महिला का कहना है कि उसके पति ने करीब 8 वर्ष पूर्व उसको छोड़ दिया था और दूसरी शादी कर ली।

**एक वर्ष पहले बढ़ी थी नजदीकियां :** करीब एक वर्ष पूर्व उसे एक युवक मिला। उसने अपना नाम हिंदू धर्म का बताया और मोबाइल नंबर ले लिया। उससे बातचीत करने लगा, उसने तीनों बच्चों के साथ उसकी परवरिश करने एवं शादी करने का झांसा दिया। दो बार उसे बाराबंकी एक होटल में ले जाकर यौन शोषण किया। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है।

# शिक्षिका का तीसरे दिन भी सुराग नहीं

नवाबगंज। कस्बे के कटी तिराहे से अगवा शिक्षिका का तीसरे दिन भी पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी है। बीते शनिवार को ई- रिक्शा से स्कूल जाते समय जिम संचालक प्रशांत सिंह ने उसे अगवा कर लिया था। हालांकि, पुलिस आरोपी और उसके दोस्त की रिश्तेदारी में लगातार दबिश दे रही है।

शिक्षिका को अगवा करने के आरोपी प्रशान्त सिंह के जिम को पुलिस ने सोमवार को सील कर दिया है। पुलिस ने बताया कि शिक्षिका की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# खरगूपुर में चोरी की पांच बाइक के साथ दो गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से दो मोटरपंप भी बरामद हुए
- आरोपियों ने दूसरे जिलों से चुराई थी बाइकें

गोण्डा, प्रमुख संवाददाता। खरगूपुर थाने की पुलिस ने चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर पांच बाइक और दो मोटरपंप बरामद किया है। साथ ही इनके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद करने का दावा किया है।

एएसपी शिवराज ने सोमवार को दोनों आरोपियों के गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चोरी करने के आरोप में भरत बाजपेयी और चिन्ताराम यादव को खरगूपुर पुलिस ने पकड़ा है। दोनों की निशानदेही पर चोरी की पांच मोटरसाइकिलें और दो मोटरपम्प बरामद किया गया है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि चार बाइक उन्होंने दूसरे जिलों से चोरी की थी। जबकि, एक बाइक खरगूपुर क्षेत्र से चुराई थी। एएसपी ने बताया कि चारों बाइकों के संबंध में जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों बाइकों का नम्बर प्लेट बदलकर बेच देते है।

पुलिस ने बताया कि भरत बाजपेयी पुत्र गोली बाजपेयी क्षेत्र के कंचनपुर मौजा फरेन्दा शुक्ल का और चिन्ताराम यादव पुत्र श्रीपाल यादव राजाजोत का निवासी है।

# बाइक लूट मामले में मुकदमा दर्ज

इटियाथोक। बाइक लूट का मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है। रविवार रात खरिहा गांव के पास असलहा दिखाकर एक युवक से मोबाइल, बाइक सहित नगदी लूट ली गई थी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लूट में शामिल लोगों की तलाश शुरू कर दी है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के राजापुर दत्तनगर माफी गांव के रहने वाले संतोष कुमार मौर्य पुत्र राम भूलन मौर्य रविवार देर शाम बाइक से अपने रिश्तेदारी अमारे भरिया रमवापुर नायक गांव जा रहा थे। खरिहा गांव से पहले दो बदमाशों ने उन्हें रोका और तमंचा दिखाकर बाइक व मोबाइल लूट ली। कोतवाल करुणाकर पांडे ने बताया जांच चल रही है।

# धोखाधड़ी से ट्रैक्टर बेचने में दो पकड़े गए

करनैलगंज। कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर बेचने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गबन धनराशि बरामद किया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर बेचने के दो आरोपियों मोहन पुत्र पूरन निवासी ग्राम गोह थाना डीग जनपद भरतपुर राजस्थान व हनुमान सिंह पुत्र रामआधार सिंह को गिरफ्तार किया है।

# लड़के को बरामद किया

गोण्डा। गुमशुदा लड़के को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि पिता की सूचना पर लड़के की तलाश शुरू हुई और बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# मायके में महिला को दिया तीन तलाक, होगा केस

## निर्देश

गोण्डा, प्रमुख संवाददाता। खोड़ारे थानाक्षेत्र की एक महिला ने पति पर मायके आकर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। वहीं, कौड़िया थानाक्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने पति पर फोन से तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। दोनों महिलाओं ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की। एएसपी एएसपी शिवराज ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

खोड़ारे थानाक्षेत्र की नुसरत फातिमा ने एएसपी से समक्ष दिए प्रार्थनापत्र में कहा है कि उसका निकाह नवबंर 2020 में बलरामपुर जिले के ऐहरौला गांव निवासी मोहम्मद जावेद से हुआ था। शादी के बाद ससुराल में उसका दहेज की खातिर उत्पीड़न किया जाने लगा। जब उसे मारपीट कर घर से भगा दिया गया तो उसने बीते साल सितंबर में ससुरावालों पर मुकदमा दर्ज कराया था। महिला का कहना है कि बीते 25 मई को उसके शौहर ने मायके आकर उसे मारा पीटा और कई लोगों के समक्ष तीन तलाक दे दिया। वहीं, कौड़िया थानाक्षेत्र की महिला ने भी एएसपी से पति के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। उसने ससुराल वालों पर दहेज की खातिर उत्पीड़न का आरोप भी लगाया है।

# राजस्व वसूली कैंप में अभद्रता करने पर केस

वजीरगंज। विद्युत उपकेंद्र डुमरियाडीह के अवर अभियंता कपिल देव वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने उपाध्याय पुरवा निवासी एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोप था कि जगत पुरवा डुमरियाडीह में राजस्व वसूली के कैम्प के दौरान आरोपी युवक ने कार्य में बाधा डालने लगा व अभद्रता की। करने व मारने की धमकी आरोपी दे रहा था जिससे कैंप संचालन बंद करना पड़ा। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

गोण्डा। कोतवाली देहात क्षेत्र के बनकटवा पड़ी अजब सिंह निवासी नरायन देई पत्नी देवता प्रसाद ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर सार्वजनिक रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। पत्र में पीड़िता ने गांव के कुछ लोगों पर सार्वजनिक रास्ते को कब्जा करने का आरोप मढ़ा है। जिससे गांव के लोगों को आने-जाने में समस्या हो रही है।

# शादी का झांसा देकर तीन वर्ष तक युवती से किया दुष्कर्म

**संसू, नवाबगंज (गोंडा) :** शादी का झांसा देकर तीन वर्षो से युवती से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवती की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म व एससी एसटी की धारा में मुकदमा किया गया है। पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गई है। एक गांव की रहने अनुसूचित जाति की युवती ने दी गई तहरीर में कहा कि सनी गुप्त पिछले तीन वर्षो से उससे शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब भी शादी के लिए वह कहती तो वह बाद में शादी की बात कह कर टाल देता।

थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बताया कि मुकदमा किया गया है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# लूट के मामले में अज्ञात लोगों पर मुकदमा

**संसू, इटियाथोक (गोंडा) :** रविवार देर शाम को खरिहा गांव के पास हुई लूट के मामले में पुलिस ने दो अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। संतोष कुमार मौर्य निवासी राजापुर दत्तनगर माफी थाना धानेपुर से अमारेभरिया गांव में अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित कार्यक्रम में जा रहा था। खरिया गांव के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया था। बाइक, मोबाइल व 600 रुपये नकद लूट लिए थे। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने कहा कि अज्ञात लुटेरों की खोजबीन की जा रही है किस्बे में जिम का संचालन करता है। तीसरे दिन पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। सर्विलांस टीम का भी सहारा लिया जा रहा है।

# क्राइम ब्रांच करेगी भोलू हत्या कांड की विवेचना

**संसू, गोंडा :** प्रधान के बेटे की हत्या के मुकदमे की विवेचना छपिया थाना से हटाकर क्राइम ब्रांच को दे दी गई है। बीते 26 जून को छपिया थाना के तांबेपुर गांव के प्रधान इसरावती के बेटे दुर्गेश उर्फ भोलू सिंह की दिन दहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। घटना से आहत मृतक के स्वजन कुछ लोगों पर साजिश करने का आरोप लगा रहे थे। मृतक के भाई राहुल सिंह की तहरीर पर तीन नामजद समेत चार लोगों पर हत्या का मुकदमा किया गया। भोलू सिंह की हत्या के बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। विभिन्न संगठन व दल के पदाधिकारी मृतक के घर गए। निष्पक्ष जांच के साथ घटना में शामिल आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की। कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि वह चाहते कि जिन लोगों पर मृतक के घर वालों का शक है उनकी भूमिका की भी जांच कराई जाए। हालांकि इसमें से अधिकांश आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं। इन्हीं सब को देखते हुए भोलू सिंह हत्या मामले की विवेचना छपिया थाना से हटाकर क्राइम ब्रांच को दे दी गई। एसपी ने इसकी पुष्टि भी की है।

## पुलिस की पकड़ से दूर जालसाजी का आरोपित

**संसू, कर्नलगंज (गोंडा) :** बारिश न होने पर भगवान इंद्र के खिलाफ फर्जी शिकायत करने के मामले में पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। विवेचना चौकी इंचार्ज कर्नलगंज दिवाकर मिश्र को सौंपी गई है। शनिवार को कर्नलगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भगवान इंद्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने का मामला प्रकाश में आया था। मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, सीओ मुन्ना उपाध्याय व तहसीलदार नरसिंह नरायन वर्मा ने मामले की जांच की। तहसीलदार ने कहा कि सुमित के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा कराया गया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि आरोपित सुमित की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# बिना अनुमति धरना और प्रदर्शन करने के मामले में 19 गिरफ्तार

**प्रधान के वेटे भोलू सिंह की हत्या के मामले को लेकर अवध केसरी सेना की अगुवाई में शुरू हुआ था धरना**

**संसू, गोंडा :** प्रधान के बेटे भोलू सिंह की हत्या के मामले मुआवजा दिलाने सहित अन्य मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करने वाले 19 लोगों को नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिला पंचायत कार्यालय के सामने अवध केसरी सेना की अगुवाई में धारा-144 लागू होने के बावजूद बिना अनुमति के धरना दिया गया। इन पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व मृतक की पत्नी को आत्म हत्या के लिए उकसाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया।

छपिया थाने के तांबेपुर गांव की प्रधान इसरावती के बेटे दुर्गेश उर्फ भोलू सिंह की बीते 26 जून को गोलीमार कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले मामले में चार लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया था। मृतक के स्वजन का आरोप रहा कि पुलिस ने कुछ लोगों को बचाने का प्रयास किया। इससे उसे न्याय नहीं मिल सकेगा। इसी को लेकर राजनीति तेज हो गई। मृतक स्वजन को मुआवजा दिलाने व सही से जांच कराने के की मांग को लेकर अवध केशरी सेना की अगुवाई में रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला पंचायत कार्यालय के सामने टिन शेड के नीचे लोग धरने पर बैठ गएऔर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई।

इस पर 19 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार होने वालों में नील ठाकुर उर्फ अमरपाल सिंह, नीरज सिंह, अजीत सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, आदित्य सिंह, उग्रसेन सिंह, शिवम सिंह, राघवेंद्र सिंह, मनीष सिंह, बालमुकुंद तिवारी, अमित मिश्र, अरविंद सिंह, मोहित सिंह, शिवम पांडेय, राधे सिंह, विवेक सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, प्रवीन सिंह व अमित शुक्ल शामिल हैं।

# असेंबली आफ गाड मिशन के सीनियर पादरी के घर पर कब्जा

## चेयरमैन आवास पर दोबारा कब्जा दिलाने व आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**नवाबगंज (गोंडा) :** गोला गोकर्णनाथ के रहने वाले असेंबली आफ गाड मिशन के सीईओ व सीनियर पादरी के आवास पर जबरन कब्जे व जानमाल की धमकी दी गई है। पादरी ने पुलिस अफसरों को पत्र लिखकर मामले में मुकदमा दर्ज कराने व पुनः स्वयं को काबिज कराने की मांग की है।

गोला के रहने वाले शाजी वर्गीज ने दिए गए प्रार्थनापत्र में कहा कि उनको नार्थ इंडिया डिस्ट्रिक काउंसिल( एनआइडीसी )ने असेंबली आफ गाड मिशन शुगर मिल नवाबगंज की संपत्ति का मालिकाना हक देते हुए 28 जून को सीनियर पादरी व सीईओ नियुक्त किया। इसके बाद एनआइडीसी के मुख्य अधिकारी ने उनको उक्त जगह की चाभी दी और वह वहीं कार्य करने लगे। वर्गीज का कहना है कि कुछ दिन कार्य करने के बाद वह कुछ अवधि के लिए अपने गोला गोकर्णनाथ स्थित स्थायी आवास पर आए । 16 जुलाई को जब वह दोबारा नवाबगंज वापस गए तो पाया कि उनके द्वारा डाले गए सारे ताले बदले जा चुके थे। वहां मौजूद रंजीत प्रकाश, राजेंद्र व कई अज्ञात लोगों ने वर्गीज के साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, वर्गीज को झूठे मुकदमे में फंसाने व जान माल की धमकी भी दी। इस पर 112 पुलिस को सूचना देते हुए वर्गीज ने हमलावरों को धक्का देकर किसी तरह गाड़ी में बैठे और अपनी जान बचाई। हमलावरों ने ये भी कहा कि अगर यहां दोबारा नजर आए तो उनका पता भी नहीं चलेगा। वर्गीज ने मांग की है कि उनके चेयरमैन आवास पर रखे पत्नी के गहने, सामान जो राजेंद्र ने रख लिए हैं उसे वापस दिलाते हुए उपरोक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए। साथ ही चेयरमैन आवास पर उनको कब्जा दिलाया जाए । (वि.)

# युवक को पीटा, केस दर्ज

दुबहा बाजार (गोंडा)। थानाक्षेत्र कौड़िया के ग्राम भरथा इटैया निवासी अंकेश पांडेय ने बताया कि सोमवार को वह ललउवा शिवमंदिर में जल चढ़ाने गया था।

वहां कुछ लोगों ने लेनदेन को लेकर लाठी-डंडों से पीट कर उसे घायल कर दिया। अंकेश ने छिरास शुक्लपुरवा गांव निवासी ज्योति नारायन के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष मदन लाल गौतम ने कहा कि घायल को पीएचसी रुपईडीह भेज दिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। (संवाद)

# ई-रिक्शा चालक ने साथियों संग छात्र पर किया हमला

## एनसीआर दर्ज कर पुलिस ने झाड़ा पल्ला, तहरीर बदलवाने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**परसपुर (गोंडा)।** विद्यालय से घर लौट रहे एक छात्र पर ई-रिक्शा चालक ने अन्य लोगों को बुलाकर हमला कर दिया। जिससे छात्र को गंभीर चोटें आईं। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के बावजूद पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। ई-रिक्शा चालक के विरुद्ध मात्र एनसीआर लिखकर पल्ला झाड़ लिया। जबकि पुलिस पर तहरीर बदलवाने का भी आरोप लग रहा है।

ग्राम नरायनपुर साल सरैंया निवासी सुरेश सिंह ने बताया कि उसका भतीजा उत्सव सिंह महर्षि दयानंद वैदिक इंटर कॉलेज में कक्षा नौ का छात्र है। जिसे विद्यालय आते-जाते समय छोटू नामक ई-रिक्शा चालक आए दिन परेशान करता है।

इसकी सूचना उत्सव ने विद्यालय में भी दी थी। सोमवार को विद्यालय में छुट्टी के बाद आरोपी ई-रिक्शा चालक ने सहयोगियों को बुलाकर उत्सव को घेरकर पिटाई कर दी। इससे उसका सिर फट गया। हाथ में भी काफी चोटें आईं। सुरेश सिंह ने पुलिस पर तहरीर बदलवाने का भी आरोप लगाया है। कहा कि पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर पल्ला झाड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने तहरीर बदलने से इनकार करते हुए बताया कि सुरेश सिंह की तहरीर पर ई-रिक्शा चालक छोटू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### पुलिस गश्त न होने से बढ़ी अराजकता

**प्राथमिक** विद्यालय जबरिया के पास दो इंटर कॉलेज संचालित हैं। जहां छुट्टी होने पर इस मार्ग पर तमाम अराजकतत्व जमघट लगाए रहते हैं। छात्राओं को देख फब्तियां कसते हैं। पूर्व में कई बार इसकी शिकायत विद्यालय प्रबंधन की तरफ से की गई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस छुट्टी के समय गश्त करना मुनासिब नहीं समझती। जिससे आए दिन घटनाएं होती हैं।

# पति-पत्नी व सास-बहू की पिटाई, केस

**परसपुर।** क्षेत्र में दो स्थानों पर विभिन्न कारणों को लेकर पति-पत्नी व सास-बहू की पिटाई की गई। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दुबाई शुकुल पुरवा निवासिनी रेनू गौतम ने बताया कि रास्ते के विवाद में गांव के ही घसीटू गौतम, उसकी पत्नी व पुत्री ने रविवार देर शाम उससे अभद्रता कर पिटाई की। सास बचाने आई तो उन्हें भी पीटा। पुलिस ने चारों लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, ग्राम आंटा वजीरपुरवा निवासिनी अफसरुननिशा बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही लल्ला, नसीम व पाले ने उसे व उसके पति हकीम को पीटा। इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तीनों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# जेई की तहरीर पर दर्ज हुआ केस

**वजीरगंज।** डुमरियाडीह उपकेंद्र के अवर अभियंता कपिलदेव वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने डुमरियाडीह के मजरे उपाध्यायपुरवा निवासी राजेश कुमार उपाध्याय के विरुद्ध सरकारी काम में बाधा डालने, अभद्रता करने व मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। अवर अभियंता ने बताया कि गत दिवस जगत पुरवा में राजस्व वसूली कैंप के दौरान आरोपी ने उनसे अभद्रता की थी। थानाध्यक्ष सीपी सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# चोरी की पांच बाइक के साथ दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। पुलिस ने सोमवार को चोरी की पांच बाइक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो मोटर पंप, तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए हैं। पकड़े गये आरोपी गैर जनपदों से बाइक चोरी करके नंबर प्लेट बदलकर बेचते थे। पुलिस ने केस दर्ज कर अभियुक्तों को अदालत के समक्ष पेश किया। जहां से दोनों को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

एएसपी शिवराज ने बताया कि खरगूपुर थाना क्षेत्र में हो रही चोरी के खुलासे के लिए थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी को निर्देश दिए गये थे। सोमवार को खरगूपुर पुलिस को सूचना मिली कि दो लोग विशुनापुर मोड़ बढ़ई बाग की ओर चोरी की बाइक से जा रहे हैं। इस पर बाइक

## नंबर प्लेट बदलकर बेचते थे गाड़ियां

सवार को रोकने का प्रयास किया तो भागने लगे। दोनों को घेरकर पकड़ लिया गया। पकड़े गये युवकों के पास से 12 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। दोनों ने पूछताछ में अपना नाम भरत वाजपेयी निवासी कंचनपुर फरेंदा शुक्ल, थाना खरगूपुर व चिंताराम यादव निवासी राजाजोत थाना खरगूपुर बताया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उनके पास चोरी की और चार बाइक व मोटर पंप हैं। दोनों की निशानदेही पर चार और बाइक व दो मोटर पंप बरामद हुए हैं। एएसपी के मुताबिक दोनों ने पूछताछ में बताया कि वह दोनों आसपास के जनपदों से बाइक चोरी करके नंबर प्लेट बदलकर बेचते थे।

# अपहरण के आरोपी के जिम पर पुलिस ने जड़ा ताला

## नवाबगंज में शिक्षिका को दिनदहाड़े अगवा करने का है आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** नवाबगंज के कटी तिराहे के पास शनिवार को शिक्षिका का अपहरण करने के आरोपी प्रशांत सिंह के जिम पर सोमवार को पुलिस ने ताला लगा दिया। आरोपी पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने नवाबगंज स्थित बैंक शाखाओं में उसके खातों की जानकारी जुटानी शुरू की है।

प्रशांत के बैंक खातों को पुलिस फ्रीज कराएगी। वहीं, तीसरे दिन भी पुलिस को आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल सका।

कस्बा नवाबगंज के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती होलापुर गांव के निजी स्कूल में शिक्षिका है। शनिवार सुबह अन्य शिक्षिकाओं संग स्कूल जाते समय कस्बे के कटी तिराहे के पास हाईवे पर स्कॉर्पियो सवार प्रशांत सिंह ने ई-रिक्शा रुकवाकर शिक्षिका का अपहरण कर लिया था। मामले में शिक्षिका की मां ने थाना नवाबगंज में आरोपी जिम संचालक प्रशांत सिंह के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस टीमें आरोपी की तलाश में दबिश दे रही हैं। दो टीमें गुरुग्राम भी भेजी गई हैं मगर अब तक आरोपी व शिक्षिका का कुछ पता नहीं चल सका।




गोंडा के नवाबगंज में अपहरण के आरोपी के जिम में पुलिस ने लगाया ताला। -संवाद

### डीआईजी से लगाई गुहार

अपहृत शिक्षिका की मां ने सोमवार को डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल से मिलकर बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। डीआईजी ने जल्द से जल्द शिक्षिका को आरोपी के चंगुल से मुक्त कराने का आश्वासन दिया है। साथ ही उन्होंने अपहरणकर्ता की शीघ्र गिरफ्तारी कराने के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं।

नवाबगंज थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक व मुकदमे के विवेचक सुनील कुमार ने बताया कि सोमवार को पुलिस ने नवाबगंज कस्बा स्थित प्रशांत के जिम में ताला लगा दिया। आरोपी प्रशांत के बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। उसके खातों को फ्रीज कराया जाएगा।

# दुष्कर्म के आरोपी पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**नवाबगंज (गोंडा)।** शादी का झांसा देकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में एएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में एएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि क्षेत्र के होलापुरा गांव निवासी शनि गुप्ता ने शादी का झांसा देकर उसके साथ तीन साल तक दुष्कर्म किया। शादी की बात करने पर वह बहाना बना कर टालता रहा। शादी से इन्कार करने पर पीड़िता ने तीन जून को थाने पर तहरीर दी लेकिन पुलिस ने सुलह करा दिया। आरोपी शादी करके अपने घर ले जाने के लिए राजी हो गया।

पीड़िता के अनुसार उसी दिन थाने के बगल में स्थित पहलवानवीर मंदिर पर दोनों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर विवाह कर लिया। उसके बाद आरोपी पंद्रह दिन के बाद घर से विदा कराने की बात कह कर अपने घर चला गया। घर जाने के बाद फोन से उसे न ले जाने की धमकी दी।

थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दर्ज कर लिया गया है।

# बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन करने वाले 19 लोग गिरफ्तार

## भोलू हत्याकांड को लेकर अवध केशरी सेना के पदाधिकारी कर रहे थे प्रदर्शन, भेजे गए जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। भोलू हत्याकांड के मामले में विभिन्न मांगों को लेकर रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर में बिना अनुमति के धरना-प्रदर्शन करने पर अवध केशरी सेना के 19 पदाधिकारियों को पुलिस ने केस दर्जकर जेल भेजा है।

छपिया के ताबेपुर गांव के रहने वाले दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू की 26 जून को गांव में तीन हमलावरों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। भोलू के परिजन सत्तादल से जुड़े एक विधायक के इशारे पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। इसी को लेकर अवध केशरी सेना के पदाधिकारी रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला पंचायत के सामने टिन शेड में धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। बिना अनुमति के धरना-प्रदर्शन करने, आम रास्ता अवरुद्ध करने व भोलू की पत्नी को मांग पूरी न होने पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में नगर कोतवाली में अवध केशरी सेना के पदाधिकारियों पर केस दर्ज किया गया है।

एफआईआर में नील ठाकुर उर्फ अमरपाल सिंह निवासी विशुनपुर बैरिया, कोतवाली देहात, अजीत सिंह निवासी जबर नगर, थाना उमरीबेगमगंज, दिनेश प्रताप सिंह निवासी कौरहे थाना मोतीगंज, आदित्य सिंह निवासी छाछपारा, कोतवाली देहात, उग्रसेन सिंह निवासी महवा डाबर थाना गौर जनपद बस्ती, शिवम सिंह निवासी छपरा, थाना परशुरामपुर जनपद बस्ती, राघवेंद्र सिंह निवासी परानपुर थाना खोड़ारे, मनीष सिंह निवासी खुर्दहा थाना वजीरगंज, बालमुकुंद तिवारी निवासी बैरिया राजनाथ बिरतिहा, मनकापुर, अमित मिश्र निवासी निकट थाना कटरा बाजार, अरविंद सिंह निवासी रसूलपुर खान, खोड़ारे, मोहित सिंह निवासी पूरे खाल चेतपुर कोतवाली देहात, शिवम पांडेय निवासी रामपुर खरहटा, वजीरगंज, राधे सिंह निवासी रनियापुर कोतवाली देहात, विवेक सिंह निवासी बानेपुर थाना वजीरगंज, महेंद्र प्रताप सिंह निवासी भिटौरा, मनकापुर, नीरज सिंह निवासी खिरिया मझगवां थाना वजीरगंज, प्रवीन सिंह निवासी बेनीपुर बेलईपुर, मनकापुर व अमित शुक्ल निवासी बैरीपुर रामनाथ, मनकापुर को नामजद किया गया है।

नगर कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ बिना अनुमति के धरना-प्रदर्शन करने व सरकारी काम में बाधा डालने समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। सभी 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2022

# अवैध बालू से भरी बैलगाड़ी पुलिस ने पकड़ी

**गैसड़ी।** क्षेत्र के भांभर नाला में कंधईडीह गांव के पास अवैध बालू खनन में लिप्त बालू लदा डनलप पुलिस ने पकड़ कर सीज कर दिया है। आरोपी मौके से फरार हो गया है। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि राधेश्याम कश्यप पुत्र शिव नारायन कश्यप निवासी कंधईडीह काफी दिनों से बालू खनन में लिप्त था। जिसे दो बार चेतावनी भी दी गई थी। रविवार की रात में वह दोबारा बालू खनन करता पाया गया। दारोगा धर्मराज यादव,कांस्टेबल योगेश, सत्येन्द्र व आशीष ने डनलप कोतवाली लाकर सीज कर दिया गया है।

# एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**बलरामपुर।** थाना पचपेड़वा निवासी पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर नाबालिग पुत्री को बरामद कराने की मांग की है। पीड़ित ने बहला-फुसलाकर लड़की को भगाने के मामले में अभियुक्तों के गिरफ्तारी की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने कहा है कि थाना पचपेड़वा की पुलिस ने सुनील गुप्ता, बजरंगी गुप्ता, कुंती देवी, सुरेश गुप्ता के विरुद्ध लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का अभियुक्त बनाया है। शेष को पुलिस ने छोड़ दिया है। इसके लिए उन्होंने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

हिन्दुस्तान

ऐतिहासिक मंदिरों में सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता, हर हर महादेव से मंदिर हुआ गुंजायमान

# सत्यम शिवम सुन्दरम, हे शिव हमारा कल्याण करना

## आस्था

लरामपुर, संवाददाता। सावन मास के थम सोमवार को जिले के विभिन्न शिव दिरों में आस्था का जन सैलाब उमड़ता खाई पड़ा। भोर से ही श्रद्धालु देवाधि व महादेव को जलाभिषेक करने के लए मंदिरों पर कतारबद्ध हो गए थे। गों ने परम्परागत तरीके से जलाभिषेक र भगवान शिव की विधिवत पूजन र्चन किया। तमाम जगहों पर लोगों द्राभिषेक कर सुख शान्ति के लिए र्थना की। नगर के झारखंडी महादेव दिर व पचपेड़वा के शिवगढ़ धाम तथा तरौला के ऐतिहासिक दुःखहरन नाथ दिर में सोमवार को सुबह से ही द्धालुओं का तांता लगा रहा। हर हर म बम के जयकारों से वातावरण क्तिमय हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से व मंदिरों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। एसपी राजेश कुमार क्सेना मंदिरों का निरीक्षण कर सुरक्षा यवस्था का जायजा लिया।

सावन मास भगवान शिव के आराधना के लिए विशेष तौर पर जाना जाता है। यद्यपि पूरे माह लोग भगवान शिव की आराधना करते हैं। सोमवार को इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। सावन मास के प्रथम सोमवार को शिव मंदिरों पर उमड़े जन सैलाब व हर हर बम बम के जयकारों ने माहौल को भक्तिमय कर दिया। नगर के झारखंडी मंदिर पर सुबह चार बजे से महादेव को जलाभिषेक करने के लिए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की कतारें लग गई थीं। कतारबद्ध श्रद्धालु हर हर बम बम जय जय शिव शम्भु का उद्घोष कर रहे थे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने व्यवस्थाएं बेहतर कर रखी थीं। बुजुर्ग और असहाय लोगों के जलाभिषेक के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा की दृष्टि से झारखंडी मंदिर पर महिला व पुरुष कर्मियों को तैनात किया गया था। मुख्य मार्ग पर मंदिर होने के कारण जाम की समस्या न होने पाए इसके लिए यातायात कर्मियों को अलर्ट पर रखा गया था। झारखंडी मंदिर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। साथ ही श्रद्धालुओं ने मंदिर में स्थित बजरंग बली, मां दुर्गा, राम दरबार, भगवान कृष्ण व सांई नाथ के मंदिर में भी पूजन अर्चन किया। इसी क्रम में रानी तालाब हनुमान मंदिर, समय माता मंदिर धुसाह, हरिहरगंज स्थित रेणुकानाथ मंदिर, झारखंडेश्वर मंदिर भगवतीगंज, राजपुर भरिया जंगल में स्थित कल्पेश्वर महादेव मंदिर में पूरा दिन शिवभक्तों का तांता लगा रहा।



झारखंडी मंदिर पर जलाभिषेक करते श्रद्धालुगण।

### एसपी ने लिया शिवगढ़ धाम सुरक्षा का जायजा

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने श्रावण मास के प्रथम सोमवार व कावड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना पचपेड़वा क्षेत्र अंतर्गत शिवगढ़ मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सावन महीने के प्रथम सोमवार को जहां खुद एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने पचपेड़वा के शिवगढ़ धाम मंदिर पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया, वहीं थानाध्यक्ष पचपेड़वा आलोक राय के नेतृत्व में नगर के धार्मिक स्थलों, चौराहों, बाजार एवं भीड़ भाड़ वाली जगहों पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई। बड़े प्रतिष्ठानों, आभूषण व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों के अंदर एवं बाहर सीसी टीवी कैमरा लगाने की अपील की गई। सड़क किनारे अवैध रूप से पटरियों पर अतिक्रमण किए हुए दुकानों को हटवाया गया। साथ ही भविष्य में अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

**दुःखहरन नाथ मंदिर पर श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता:** ऐतिहासिक दुःख हरण नाथ मंदिर उतरौला पर सावन के प्रथम सोमवार को शिव भक्तों की भारी भीड़ रही। मंदिर के कपाट सुबह पांच बजे खुलने के बाद भोर से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर के अन्दर शिव भक्त हर हर महादेव का उदघोष करते हुए भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करते रहे। मंदिर में शिव भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर व्यवस्थापक व पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस कर्मियों ने भक्तों को लाईन लगाकर जलाभिषेक कराया। इसी तरा उतरौला के बाबा फक्कड़ दास मंदिर मौनी बाबा मंदिर, खाकी दास मंदि श्रीदत्तगंज बाजार, कचौवा शेरपुर हुसैनाबाद, महुवा बाजार बाक भवानीपुर, हासिनपारा, चमरूपुर महदेइया मोड़, शुक्लागंज, गैड़ास बुजुर्ग समेत तमाम शिव मंदिरों प भक्तों ने जलाभिषेक किया। कोतवाल उतरौला अनिल सिंह ने बताया कि सोमवार को शिव मंदिरों पर भक्तों की भीड़ को देखते हुए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

हिन्दुस्तान

# पुजारी की सिर फोड़कर हत्या

## घटना स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़हरा कोट गांव में सोमवार की सुबह हुई

**वारदात**

**उतरौला, संवाददाता।** ग्राम समाज की भूमि पर लगे पेड़ को काटने के विवाद में मंदिर पुजारी की सिर फोड़कर हत्या कर दी गई। पत्नी की तहरीर पर गांव के ही युवक पर हत्या का केस दर्ज हुआ है। घटना स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़हरा कोट गांव में सोमवार सुबह पांच बजे हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दी गई है।

उतरौला कोतवाली क्षेत्र का गांव है बड़हरा कोट। गांव की आवादी लगभग दो हजार है। पूर्व प्रधान ने डेढ़ दशक पूर्व ग्राम समाज की भूमि पर गरीबदास बाबा मंदिर का निर्माण ग्रामीणों के सहयोग से कराया था। गांव के ही 50 वर्षीय हीरालाल पुत्र राजाराम को पूजा पाठ की जिम्मेदारी सौंपी थी। ग्राम समाज की भूमि को मंदिर के नाम दर्ज कराने के लिए उतरौला एसडीएम को प्रस्ताव दिया था। ग्राम समाज भूमि पर शीशम के पेड़ लगे हैं। हीरालाल की पत्नी रामादेवी के मुताविक रविवार को गांव के 25 वर्षीय रामवृक्ष पुत्र राम सरन ग्राम समाज की जमीन पर लगे शीशम पेड़ को कटवा रहे थे। हीरालाल के विरोध करने पर उन्हें पेड़ काटने में सफलता नहीं मिली। इस बात को लेकर रामवृक्ष काफी नाराज था। सोमवार सुबह पांच बजे हीरालाल मंदिर में पूजा करने के बाद गांव स्थित एक दुकान पर चाय पी रहे थे। रामवृक्ष कुदाल लेकर पहुंचा और हीरालाल के सिर पर पीछे से वार कर दिया। उसने कुदाल के पासे से सिर पर वार किया, जिससे हीरालाल का भेजा बाहर आ गया। ग्रामीणों की मदद से हीरालाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



मृतक के रोते बिलखते परिजन

**हीरालाल ईश्वर को समर्पित कर चुके थे जीवन:** हीरालाल अपना जीवन ईश्वर को समर्पित कर चुके थे। वह बिना लहसुन व प्याज के भोजन करते थे। वह केवल एक समय खाना खाते थे। यहां तक कि उन्होंने चप्पल पहनना भी छोड़ दिया था।

### घटना स्थल से वैज्ञानिक ढंग से जुटाए गए साक्ष्य

उतरौला के एसडीएम संतोष कुमार ओझा व सीओ उदयराज सिंह ने घटना स्थल का जायजा लिया। मौके पर वैज्ञानिक ढंग से साक्ष्य जुटाए गए। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। सीओ ने ग्रामीणों से काफी देर तक वार्ता की। पूर्व प्रधान को भी बुलाकर पूछताछ किया गया। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीओ ने बताया कि अभियुक्त को पकड़ने के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

### भूमि से कब्जा हटाने का अभियान हवा हवाई

ग्राम समाज की भूमि से कब्जा हटाने का अभियान हवा हवाई साबित हो रहा है। सरकारी जमीनों को खाली करने का अभियान तीन माह पूर्व चलाया गया था। जिले में 800 ग्राम पंचायतें हैं। कोई गांव ऐसा नहीं जहां सरकारी जमीन पर कोई अवैध कब्जा न हो।

# अभियुक्त को छह साल कठोर कारावास

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** अपर सत्र न्यायाधीश महेंद्र नाथ ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में अभियुक्त को छह साल कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है।

अपर शासकीय अधिवक्ता पवन शुक्ल ने बताया कि थाना रेहरा बाजार में 13 जून 2014 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई कि क्षेत्र की नाबालिग को थाना सहतवार जनपद बलिया निवासी रामकुमार मौर्य बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ छेड़खानी किया।

अभियोजन की ओर से नौ गवाहों का बयान अंकित कराया गया। कहा गया कि पीड़िता को शादी करने के लिए जबरन जीप में बैठाकर ले गया और पीड़िता की बरामदगी भी अभियुक्त के आवास से हुई है। बचाव पक्ष से कहा गया कि घटना गलत है। झूठा आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पीड़िता बालिग है। प्राथमिकी भी विलंब से दर्ज कराई गई है, जिसका कोई कारण नहीं बताया गया है। गवाहों के बयान में विरोधाभास है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को छह साल कैद के साथ ही 11 हजार रुपये जुर्माना से भी दंडित किया है।

# कोर्ट ने प्राथमिकी दर्ज करने का दिया आदेश

**संवाददसूत्र, बलरामपुर** : न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम मंजुला मिश्रा ने वाहन से कुचलकर मार डालने के मामले में थाना गैंसड़ी में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। ग्राम गैंसड़ी निवासिनी रूबी ने अदालत में प्रार्थना पत्र दिया कि 22 मई 2021 को उसके पति गैंसड़ी बाजार से घर वापस आ रहे थे कि वाहन ने पीछे से ठोकर मार दिया। मरणासन्न हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में 11 जून को उनकी मौत हो गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट स्थानीय पुलिस द्वारा प्रेषित रिपोर्ट और वादिनी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर कोतवाली गैंसड़ी के प्रभारी निरीक्षक को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई से अवगत कराने का आदेश दिया है।

# भूमि के विवाद में युवक की हत्या

## फावड़े से किया वार मृतक की पत्नी ने एक को किया नामजद

**संवादसूत्र, उतरौला (बलरामपुर) :** बढ़हराकोट गांव में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो लोगों में चल रहा विवाद सोमवार सुबह खूनी संघर्ष में बदल गया। मंदिर से पूजा करके गांव में स्थित होटल पर जा रहे हीरालाल पर विपक्षी रामवृक्ष ने पीछे से आकर फावड़ा से हमला कर दिया। फावड़ा गर्दन पर लगते ही हीरालाल जमीन पर गिर पड़ा। परिवारजन आनन-फानन में हीरालाल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिवारजन का रो-रोकर हाल बेहाल है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर कोतवाली उतरौला में रामवृक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

मृतक की पत्नी रामा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में गांव के रामवृक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया कि उसके घर के सामने ग्राम समाज की जमीन है। उसी जमीन पर कब्जे को लेकर विपक्षी रामवृक्ष आए दिन झगड़ा कर पुलिस को प्रार्थना पत्र देता रहता था। इसी की रंजिश में उसने हीरालाल को मार डाला। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे सीएचसी लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रभारी कोतवाल गुरुसेन सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा लिख लिया गया है। गांव में शांति है। आरोपित की तलाश की जा रही है।



उतरौला के बढ़हराकोट गांव में हत्या के बाद बिलखते परिवारजन ● जागरण



उतरौला के बढ़हराकोट गांव में हत्या के बाद घटनास्थल पर पहुंचे एसडीएम संतोष ओझा व सीओ उदयराज सिंह ● जागरण

**दहाड़े मारकर रो रही पत्नी :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक के हीरालाल की मौत की पुष्टि होते ही परिवारजन दहाड़ मारकर रोने लगे। पत्नी रमादेवी रोते-रोते बेसुध होकर गिर पड़ती है। परिवार में तीन बेटा और एक बेटी है। सभी की शादी हो चुकी है।

### अधिकारियों ने घटना स्थल का लिया जायजा

उप जिलाधिकारी संतोष ओझा व क्षेत्राधिकारी उदयराज सिंह ने गांव पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया। ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। विवादित जमीन भी देखी। आरोपित को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

# स्कार्पियो की टक्कर से बनहनपुरवा का युवक घायल

**संवादसूत्र, हर्रैया सतघरवा (बलरामपुर)** :मथुरा बाजार में सोमवार की शाम स्कार्पियों ने बनहनपुरवा गांव निवासी आंधी साहू को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल आंधी को संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने स्कार्पियो को कब्जे में ले लिया है।

मथुरा चौकी प्रभारी किसलय मिश्र ने बताया कि आंधी मथुरा बाजार से सामान खरीदकर अपने घर लौट रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उसे टक्कर मार दी। उसका इलाज संयुक्त जिला अस्पताल में चल रहा है। वाहन को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# सावन के पहले सोमवार को मंदिरों में जलाभिषेक के लिए उमड़े श्रद्धालु

**जागरण टीम, बलरामपुर :** सावन मास के पहले सोमवार को जिले भर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भोलेनाथ का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ रही।

नगर के झारखंडी मंदिर में जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पुरुष व महिला भक्तों की अलग-अलग कतार लगाने की व्यवस्था की गई। मंदिर में शिव कीर्तन व शिव चालीसा का पाठ किया गया। इसी तरह धर्मपुर स्थित झारखंडेश्वर महादेव मंदिर, राजापुर भरिया स्थित जंगलीनाथ व उतरौला के दुखहरणनाथ एवं पिपलेश्वर महादेव शिव मंदिर में भी आस्था का सैलाब उमड़ा। शिवगढ़ धाम पचपेड़वा बाजार, चंद्रशेखर महादेव देवीपाटन मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।





बहराइच मार्ग स्थित झारखंडी मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करते भक्त, बहराइच मार्ग स्थित झारखंडी मंदिर में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए कतार में लगे भक्त • जागरण

सादुल्लाहनगर के सिद्धेश्वर नाथ, नथईपुर नागेश्वरनाथ, अहिरौला शिव मंदिर, अचलपुर चौधरी शिवालय व नयानगर स्थित नएनाथ सहित अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही, शहद, अक्षत ,चंदन व फल-फूल माला, मिठाई, धूप अर्पित किया। जनकपुर स्थित मुक्तेश्वरनाथ महादेव धाम में मारवाड़ी समाज ने भंडारे का आयोजन किया। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। देवीपाटन मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी ने लोगों का उत्साहवर्धन किया। आयोजक उमंग लाठ ने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार को यहां भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम में अनिल लाठ, जतिन अग्रवाल, रिकी सरदार, सत्यम, जिंदल, पिंटू सिंघल, अरुण सिंघल, प्रशांत गोयल व मंदिर सेवादार अरुण गुप्त मौजूद रहे। ललिया के मोहनदास बाबा मंदिर, मथुरा, शिवपुरा, उदईपुर व देवपुरा स्थित शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। उतरौला के दुखहरणनाथ, पंचवटी व पिपलेश्वर नाथ शिव मंदिरों में भी हर-हर बमबम की गूंज रही।

**कांवड़ यात्रा में बम-बम भोले की गूंज :** पचपेड़वा के शिवगढ़ धाम में कांवड़ यात्रा निकाली गई। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थानाध्यक्ष आलोक राव के नेतृत्व में टीम ने धार्मिक स्थलों, बाजार एवं भीड़ वाली जगहों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की गहनता से जांच की।

# मिलावटी शराब बनाने वाले को 10 वर्ष की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** मिलावटी शराब बनाने के अभियुक्त को दोषी मानते हुए एफटीसी प्रथम ने 10 वर्ष के कारावास व 55 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।



**55 हजार रुपये का जुर्माना भी**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी रणधीर सिंह ने बताया कि 17 मई 2018 की सुबह सादुल्लाहनगर पुलिस ने मोड़हवा जंगल के पास से बाइक सवार दिनेश कुमार को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया था। सादुल्लाहनगर के गुलजारपुर निवासी दिनेश की निशानदेही पर पुलिस ने मिलावटी शराब बनाने का सामान व तमंचा भी बरामद हुआ था। बरामद शराब का नमूना जांच के लिए भेजा गया तो उसमें यूरिया व नौसादर के इस्तेमाल की पुष्टि हुई। ऐसे में इस शराब के अधिक सेवन से किसी की जान भी जा सकती थी।

पुलिस ने दिनेश के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फास्ट ट्रैक कोर्ट (प्रथम) के न्यायाधीश जहेंद्र पाल सिंह ने दिनेश कुमार को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के कारावास व 55 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

## मासूम से छेड़खानी के अभियुक्त को छह साल की सजा

**बलरामपुर।** छह साल की मासूम से छेड़खानी के अभियुक्त को दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने छह साल के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। ऑपरेशन शिकंजा के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को सजा मिली है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने सोमवार को बताया कि 30 मई 2014 को रेहरा बाजार थाने के एक गांव के व्यक्ति ने अपनी छह साल की बेटी के साथ छेड़खानी को लेकर तहरीर दी थी। छानबीन करके 13 जून 2014 को बलिया के थाना सहतवार के ग्राम सहतवार निवासी रामकुमार मौर्य के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया। मामले की विवेचना एसआई वीपी द्विवेदी को सौंपी गई। सीओ उतरौला उदयराज सिंह, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक केके यादव व अभियोजन अधिकारी पवन कुमार शुक्ल ने बेहतर तरीके से पैरवी की। सभी गवाहों को समय से न्यायालय में पेश किया गया। इस पर न्यायालय ने अभियुक्त रामकुमार मौर्य को दोषी पाते हुए छह वर्ष के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। संवाद

# सपा विधायक पर अवैध ढंग से होटल बनवाने का आरोप

**बलरामपुर।** गैसड़ी क्षेत्र से सपा विधायक तथा पूर्व मंत्री डॉ. एसपी यादव पर पौधरोपण के लिए आवंटित जमीन पर अवैध ढंग से होटल बनवाने का आरोप लगाया गया है। मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच तथा कार्रवाई की मांग की गई है।

बलरामपुर नगर के मोहल्ला नईबस्ती निवासी बीना सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र के जरिए कहा है कि गैसड़ी से वर्तमान सपा विधायक ने अपने मंत्रित्व काल में बलरामपुर नगर से सटे धुसाह गांव में अपने खास रिश्तेदारों के नाम सरकारी जमीन को पहले पौधरोपण के लिए आवंटित कराया और बाद में उस जमीन पर खुद भव्य होटल का निर्माण करा लिया। यह सब उन्होंने उस समय अपने पद व अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए किया। उनका यह कृत्य धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में सपा विधायक डॉ. एसपी यादव ने बताया कि राजनीतिक साजिश के तहत विरोधी फर्जी शिकायत कराकर उनकी छवि धूमिल कर रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2003 में होटल की जमीन का बैनामा लिया था। किसी तरह की सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं किया है। (संवाद)

# लेखपालों ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**उतरौला (बलरामपुर)।** लेखपाल संघ उतरौला ने वकीलों से विवाद को लेकर सोमवार को बैठक आयोजित की। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर 22 जुलाई से कार्य बहिष्कार किया जाएगा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा उतरौला की बैठक तहसील सभागार में अभयचंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले लेखपाल व वकीलों के बीच विवाद हुआ था। प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। बैठक के बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। चेतावनी दी गई कि यदि एक सप्ताह के अंदर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो थाना दिवस के साथ ही अन्य कार्यों का भी बहिष्कार किया जाएगा। बैठक में तहसील क्षेत्र के सभी लेखपाल मौजूद रहे। (संवाद)

# ग्राम प्रधानों ने बनाई आंदोलन की रणनीति

**बलरामपुर।** सदर ब्लॉक परिसर में बीते दिन अखिल भारतीय पंचायत परिषद की बैठक हुई। इसमें ग्राम प्रधानों की समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए आरपार की लड़ाई का एलान किया गया। इसके साथ ही आंदोलन की रणनीति भी बनाई गई।

अखिल भारतीय पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक जादौन ने कहा कि प्रधानों के उत्पीड़न को लेकर देश व राज्य स्तर पर आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी। सभी ग्राम प्रधान एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने में योगदान दें। बैठक से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का सभी प्रधानों ने स्वागत किया और उन्हें जिले की सभी समस्याओं से अवगत कराया।

**अखिल भारतीय पंचायत परिषद की बैठक**

जिलाध्यक्ष शांतिभूषण शुक्ल ने कहा कि शासन-प्रशासन प्रधानों का शोषण कर रहा है। विकास कार्य कराने में आने वाले खर्च का भुगतान करने के लिए ब्लॉक के अधिकारी अवैध ढंग से धन की मांग करते हैं। मुंहमांगी कीमत न देने पर भुगतान में आनाकानी करते हैं। चार नवनिर्वाचित प्रधानों की हत्या हो चुकी है। सरकारी जमीनों पर किए गए कब्जों को हटाने की बात प्रशासन मात्र कागजों में कर रहा है। सदर ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, तुलसीपुर ब्लॉक अध्यक्ष जगदंबा मिश्र, गैसड़ी ब्लॉक अध्यक्ष शिवजीत सिंह, हरैया सतघरवा ब्लॉक अध्यक्ष राहुल तिवारी व श्रीदत्तगंज ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने शोषण को लेकर आक्रोश जताया। बैठक में महेश सिंह, अभय मिश्र, पुनीत यादव, जगदीश शुक्ल, राकेश सैनी, अमित कुमार, रामउग्गर, स्वामीनाथ व राजू वर्मा सहित तमाम ग्राम प्रधान मौजूद रहे। (संवाद)

# हर-हर महादेव व बोलबम से गूंजे शिवालय

## सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, जलाभिषेक व पूजा-अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** सावन के पहले सोमवार को हर-हर महादेव व बोलबम के जयकारों से शिवालय गुंजायमान रहे। छोटी काशी कहे जाने वाले बलरामपुर जनपद के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। शिव भक्तों ने जलाभिषेक व पूजा-अर्चना करके भगवान शिव से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

छोटे-बड़े 386 शिवालय होने के कारण बलरामपुर जनपद को छोटी काशी के नाम से जाना जाता है। बलरामपुर राज परिवार भगवान शिव का अनन्य भक्त था, इसलिए यहां की अधिसंख्य जनता भगवान शिव को ही आराध्य मानती है। सावन में यहां शिवालयों पर भारी भीड़ जुटती है। सावन के सोमवार का विशेष महत्व होने के कारण श्रद्धालु भगवान शिव का आशीर्वाद पाने के लिए विधिविधान के साथ उनकी पूजा-अर्चना करते हैं।

सावन के पहले सोमवार को जिले के सभी शिवालयों में भोर पहर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। नगर के झारखंडी मंदिर में शिव भक्तों ने भांग, धतूरा, बेलपत्र, गन्ना, बेर व अक्षत आदि अर्पित करके भोले बाबा की विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना की। मंदिर में पूरे दिन जलाभिषेक करने वालों की भीड़ जुटी रही। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक करके भगवान शिव से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। जिले के देवीपाटन मंदिर स्थिति शिवालय, बिजलीपुर स्थित शिवालय, नगर के हनुमानगढ़ी मंदिर स्थित शिवालय, भगवतीगंज स्थित झारखंडेश्वर महादेव मंदिर एवं राजापुर भरिया जंगल स्थित कल्पेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने दिनभर भगवान शिव की आराधना की।





बलरामपुर के झारखंडी मंदिर पर सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते श्रद्धालु व जलाभिषेक के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु। संवाद



बलरामपुर के शिवगढ़ धाम पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी राजेश कुमार सक्सेना। संवाद

### शिवगढ़ धाम व दुखहरणनाथ में दिन भर हुआ जलाभिषेक

पचपेड़वा स्थित शिवगढ़ धाम एवं उतरौला स्थित दुखहरणनाथ मंदिर में सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक करने वालों की भीड़ पूरे दिन जुटी रही। सैकड़ों लोगों ने कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। महिलाओं ने भी विधि पूर्वक भगवान शिव की पूजा-अर्चना करके पति की लंबी आयु व परिवार की सुख-शांति का आशीर्वाद मांगा।

### शिवालयों में रहा विशेष प्रबंध

शिव भक्तों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए शिवालयों में विशेष प्रबंध किया गया है। झारखंडी मंदिर में तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं को लाइन लगवाकर मंदिर में प्रवेश दिया गया। मंदिर के गर्भगृह में एक साथ दस लोगों को ही घुसने दिया गया। इसी तरह शिवगढ़ धाम मंदिर में कांवड़ियों को जलाभिषेक के लिए प्राथमिकता दी गई। यहां भी सुरक्षा का व्यापक इंतजाम रहा। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने खुद प्रमुख शिव मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# मिलावटी शराब बनाने वाले को 10 वर्ष की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** मिलावटी शराब बनाने के अभियुक्त को दोषी मानते हुए एफटीसी प्रथम ने 10 वर्ष के कारावास व 55 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।



**55 हजार रुपये का जुर्माना भी**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी रणधीर सिंह ने बताया कि 17 मई 2018 की सुबह सादुल्लाहनगर पुलिस ने मोड़हवा जंगल के पास से बाइक सवार दिनेश कुमार को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया था। सादुल्लाहनगर के गुलजारपुर निवासी दिनेश की निशानदेही पर पुलिस ने मिलावटी शराब बनाने का सामान व तमंचा भी बरामद हुआ था। बरामद शराब का नमूना जांच के लिए भेजा गया तो उसमें यूरिया व नौसादर के इस्तेमाल की पुष्टि हुई। ऐसे में इस शराब के अधिक सेवन से किसी की जान भी जा सकती थी।

पुलिस ने दिनेश के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फास्ट ट्रैक कोर्ट (प्रथम) के न्यायाधीश जहेंद्र पाल सिंह ने दिनेश कुमार को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के कारावास व 55 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### मासूम से छेड़खानी के अभियुक्त को छह साल की सजा

**बलरामपुर।** छह साल की मासूम से छेड़खानी के अभियुक्त को दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने छह साल के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। ऑपरेशन शिकंजा के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को सजा मिली है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने सोमवार को बताया कि 30 मई 2014 को रेहरा बाजार थाने के एक गांव के व्यक्ति ने अपनी छह साल की बेटी के साथ छेड़खानी को लेकर तहरीर दी थी। छानबीन करके 13 जून 2014 को बलिया के थाना सहतवार के ग्राम सहतवार निवासी रामकुमार मौर्य के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया। मामले की विवेचना एसआई वीपी द्विवेदी को सौंपी गई। सीओ उतरौला उदयराज सिंह, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक केके यादव व अभियोजन अधिकारी पवन कुमार शुक्ल ने बेहतर तरीके से पैरवी की। सभी गवाहों को समय से न्यायालय में पेश किया गया। इस पर न्यायालय ने अभियुक्त रामकुमार मौर्य को दोषी पाते हुए छह वर्ष के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। संवाद

# BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2022

# तत्कालीन एसओ समेत पांच पुलिस कर्मी सस्पेंड

**संसू, मटेरा/बहराइच :** मटेरा के तत्कालीन थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिस कर्मियों को सूचना छिपाने के मामले में निलंबित कर दिया गया है।

एसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि मटेरा थाने में तैनात निरीक्षक राजकुमार सिंह यादव के कार्यकाल के दौरान नानपारा-बहराइच हाईवे पर चरसंडा माफी के पास सड़क दुर्घटना हुई थी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष व अन्य पुलिस कर्मियों ने दुर्घटना में घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। घायल राधेश्याम की मौत हो गई। बिना किसी लिखा-पढ़ी के दुर्घटना से संबंधित मोटरसाइकिल थाने में लाकर खड़ी कर दी गई। इस मामले में निरीक्षक व पुलिस कर्मियों ने कोई अभिलेख नहीं तैयार कराया। इस कारण कार्यों में लापरवाही उजागर होने के बाद तत्कालीन थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह यादव, मुख्य आरक्षी धर्मवीर यादव, धर्मेंद्र, सत्यनारायण गिरि व कंप्यूटर आपरेटर मुहम्मद फैज को सस्पेंड कर दिया गया है।

# ट्रक चालक की पिटाई कर नकदी छीनी, ग्रामीणों ने दो को पकड़ा

**जासं, बहराइच :** कटिलिया चौराहा से चंद कदम की दूरी पर भूसी लादने आए ट्रक चालक की तीन लोगों ने पिटाई कर दी। वाहन में तोड़फोड़ कर उससे नकदी छीन ली। घटना से संबंधित वीडियो में वाहन चालक मारपीट व रुपये छीनने का आरोप लगा रहा है। वायरल वीडियो दैनिक जागरण के पास भी है।

मुरादाबाद जिले से भूसी लादने आए ट्रक चालक असलम को ओवरटेक करने के बाद तीन लोगों ने उसे रोक लिया। विरोध करने पर उसके पास मौजूद 1200 की नकदी छीन ली। कटिलिया चौराहे पर स्थानीय लोगों ने दो युवकों को पकड़ लिया। इनमें एक श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर निवासी है, दूसरा रिसिया के गोटुट्टी गांव का रहने वाला है। लोगों ने जानकारी रिसिया थानाध्यक्ष को दी। मौके पर पुलिस टीम पहुंची तो आरोपित पुलिस कर्मियों के सामने ही मारपीट पर आमादा रहे। पुलिस आरोपितों को पकड़ कर थाने लेकर आई। जब रिसिया थानाध्यक्ष इंद्रजीत यादव से आरोपितों पर कार्रवाई के बारे में बात की गई तो वे पूरे मामले को ही खारिज करते रहे।

# चाची की हत्या के दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास

**जासं, श्रावस्ती :** भिनगा क्षेत्र के सकटूपुर सेमरी चेकपिहनी गांव में मेड़ काटने से रोकने पर सगी चाची की हत्या करने वाले दोषी को अपर जिला सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक लाख 10 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है।

अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि एक नवंबर 2010 को सकटूपुर गांव निवासी राजू उपाध्याय व बजरंगी उपाध्याय खेत का मेड़ काट रहे थे, जबकि गंगाधर उपाध्याय व गांव के अन्य लोग दूसरे छोर पर बातचीत कर रहे थे। उसी समय गीता देवी घर से निकलकर चकरोड से आ रही थीं। वे मेड़ काट रहे राजू व बजरंगी को मना करने लगी। दोनों अपने-अपने हाथ में ली हुई कुदाल लेकर दौड़े और चाची गीता देवी के सिर पर वार कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। निशानदेही पर कुदाल बरामद भी हुआ। विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय पर प्रस्तुत किया गया। मामले का विचारण अपर जिला सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट पर हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज कुमार गुप्त ने बताया की अर्थदंड अदा न कर पाने पर दो वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास दोषियों को भुगतना होगा।

## अदालत से

### छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

जासं, श्रावस्ती : सात वर्ष पूर्व 10 वर्षीय किशोरी से हुए छेड़छाड़ के मामले में दोषी को अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश( अनन्य रूप से पाक्सो) सुदामा प्रसाद ने तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि सिरसिया क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 17 मई 2015 को दिन में करीब 12 बजे अपने आम के बाग में रखवाली करने गई थी। अचानक गांव का ही रामतीरथ पांड्य वहां पहुंचा। किशोरी को अकेला देख छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आरोपित फरार हो गया था। पिता की तहरीर पर सिरसिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# छेड़छाड़ के मामले में तीन साल की कैद

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दस वर्षीय बालिका के साथ सात वर्ष पूर्व छेड़छाड़ की घटना हुई थी। मामले में सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश ने तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि सिरसिया थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी बच्ची 17 मई, 2015 को दिन में करीब 12 बजे आम के बाग की रखवाली करने गई थी। इसी बीच बाग में पहुंचे गांव के ही रामतीरथ पांडेय ने उससे छेड़छाड़ व अश्लील हरकत की। बच्ची के पिता ने मामला दर्ज कराया था। सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश सुदामा प्रसाद ने युवक दो दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। है। संवाद



# मटेरा के पूर्व थानाध्यक्ष समेत पांच निलंबित

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** काम में लापरवाही बरतने वाले तत्कालीन मटेरा थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मियों को एसपी ने निलंबित कर दिया है। एसपी की इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि दो एसआई पर भी गाज गिर सकती है।

मटेरा थानाक्षेत्र के मटेरा चौराहे के पास स्थित चरसंडा माफी के पास लगभग पांच महीने पहले सड़क हादसा हो गया था। इसमें राधेश्याम नाम के व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने बिना शिनाख्त कराए अज्ञात में शव का अंतिम संस्कार करा दिया और बाइक थाने में खड़ी कर दी थी। बाइक भी बिना लिखा-पढ़ी खड़ी रही। उधर, राधेश्याम की पत्नी रीनादेवी निवासी इमलिया, नानपारा ने गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। बाद में वह एसपी के जनता दरबार में पहुंचीं। इस पर एसपी ने सीओ को जांच के आदेश दे दिए। सीओ ने जांच की तो असलियत खुलकर सामने आई।

## हादसे में मौत होने पर अज्ञात में करा दिया था अंतिम संस्कार

जांच में तत्कालीन मटेरा थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव, धर्मेंद्र, सत्यनारायण गिरी व कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद फैज को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। एसपी केशव चौधरी ने तत्काल पांचों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया।

वहीं, विभागीय सूत्र बताते हैं कि नगर कोतवाली में शव का मेमो भरने वाले एसआई भी कहीं न कहीं जिम्मेदार हो सकते हैं। साथ ही मटेरा थाने के हल्का दरोगा पर भी आंच आ सकती है।

# SHRWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2022

# सावन के पहले सोमवार शिवालयों में उमड़ा सैलाब

## आस्था

**श्रावस्ती, संवाददाता।** सावन मास के पहले सोमवार को जिले भर के शिवालयों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने विधि-विधान के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। रुद्राभिषेक व जलाभिषेक कर भक्तों ने परिवार के खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रमुख शिवालयों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

पूर्वी सोहेलवा जंगल में स्थित पांडव कालीन विभूतिनाथ मंदिर भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। बोल बम व हर-हर महादेव के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। जलाभिषेक के लिए रविवार शाम से ही भक्त विभूतिनाथ पहुंचने लगे थे। 2:30 बजे से मंदिर का कपाट खोला गया। मंदिर का कपाट खुलते ही श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित करने के लिए पहुंच गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन की ओर से बेचईपुरवा, मुख्य गेट, कैथौली व बालूगांव के पास बैरिकेडिंग की गई थी। मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन रहा जहां अनेक दुकाने लगी रही। इसी तरह से कटरा क्षेत्र में श्रीराम जानकी मंदिर बड़की कुट्टी, बाबा बनीनाथ मंदिर समेत सभी शिवालयों में भारी संख्या में श्रद्धालु ने पूजा अर्चना की और देवों के देव भगवान महादेव का जलाभिषेक किया। सिरसिया के चिल्हरिया गांव के प्राचीन शिवालय में भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया।

### सीसीटीवी से निगारानी

विभूतिनाथ मंदिर में सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की गई। साथ ही 150 पुलिस कर्मियों (महिला-पुरुष) की टीमें तैनात रही। पुलिस की एक टुकड़ी सिविल ड्रेस में भी मेले में भ्रमण करती रही। वहीं एक टुकड़ी पीएसी बल भी तैनात रहा। एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने विभूतिनाथ का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया।

### दो महिलाओं के साथ हुई चैन स्नेचिंग

सिरसिया थाना क्षेत्र के बेचईपुरवा निवासी जनकदुलारी पत्नी बजरंगीलाल व बलरामपुर जनपद हरैया थाना क्षेत्र के मणिपुर निवासी रेनू देवी पत्नी रमेश कुमार मंदिर में जलाभिषेक करने आई थी। जलाभिषेक कर दोनों महिलाएं बाहर निकली तो उनके गले से सोने का चैन गायब मिला।

# पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**मिशन शक्ति**

**श्रावस्ती।** बीट पुलिस अधिकारी व शक्ति मोबाइल की ओर से महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को शक्ति मोबाइल की टीम ने भीड़भाड़ वाले स्थानों में जाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं व लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया गया।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर थाना स्तर पर गठित शक्ति मोबाइल, महिला बीट पुलिस अधिकारी की टीम की ओर से विभिन्न कस्बों, क्षेत्रों, बाजारों, मॉल व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जांच अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा दल में शामिल महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कहीं आते-जाते यदि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आसपास कहीं कोई मनचला आपको परेशान करे तो घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें।



महिलाओं को जागरूक करतीं महिला सिपाही।

इस दौरान वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि शिकायत करने वालों का नाम-पता गोपनीय रखा जाएगा।

# 30 वाहनों का पुलिस ने काटा चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने 30 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया। चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर 73 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने एक आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। रविवार सिरसिया थाना क्षेत्र में पुलिस की टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी के दौरान व्यक्ति के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# चाची के हत्यारों को आजीवन कारावास

**श्रावस्ती।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रेक कोर्ट अजय सिंह ने चाची के हत्यारों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक लाख 10 हजार का जुर्माना लगाया गया है। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के सकटूपुर सेमरी चक पिहानी के दद्दन उपाध्याय ने अपने भतीजे राजू उपाध्याय व बजरंगी उपाध्याय पर पत्नी की हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। दद्दन ने आरोप लगाया था कि राजू उपाध्याय व बजरंगी उपाध्याय उसके खेत की मेड काट रहे थे।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं शिकायतें

**श्रावस्ती।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी अरविन्द कुमार मार्य ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। साथ ही संबंधित पुलिस अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया जाय और समय से उसका निस्तारण कराया जाय। बार बार शिकायत कर्ता को दौड़ाया न जाय।

# चाची की हत्या के दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास

**जासं, श्रावस्ती :** भिनगा क्षेत्र के सकटूपुर सेमरी चेकपिहनी गांव में मेड़ काटने से रोकने पर सगी चाची की हत्या करने वाले दोषी को अपर जिला सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक लाख 10 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है।

अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि एक नवंबर 2010 को सकटूपुर गांव निवासी राजू उपाध्याय व बजरंगी उपाध्याय खेत का मेड़ काट रहे थे, जबकि गंगाधर उपाध्याय व गांव के अन्य लोग दूसरे छोर पर बातचीत कर रहे थे। उसी समय गीता देवी घर से निकलकर चकरोड से आ रही थीं। वे मेड़ काट रहे राजू व बजरंगी को मना करने लगी। दोनों अपने-अपने हाथ में ली हुई कुदाल लेकर दौड़े और चाची गीता देवी के सिर पर वार कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। निशानदेही पर कुदाल बरामद भी हुआ। विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय पर प्रस्तुत किया गया। मामले का विचारण अपर जिला सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट पर हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज कुमार गुप्त ने बताया की अर्थदंड अदा न कर पाने पर दो वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास दोषियों को भुगतना होगा।

## अदालत से

### छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

जासं, श्रावस्ती : सात वर्ष पूर्व 10 वर्षीय किशोरी से हुए छेड़छाड़ के मामले में दोषी को अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश( अनन्य रूप से पाक्सो) सुदामा प्रसाद ने तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि सिरसिया क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 17 मई 2015 को दिन में करीब 12 बजे अपने आम के बाग में रखवाली करने गई थी। अचानक गांव का ही रामतीरथ पांडेय वहां पहुंचा। किशोरी को अकेला देख छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आरोपित फरार हो गया था। पिता की तहरीर पर सिरसिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# विभूतिनाथ मंदिर पहुंचे श्रद्धालु, किया जलाभिषेक

**संसू, सिरसिया(श्रावस्ती)** : सावन के पहले सोमवार पर भोर होते ही शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव व बोल बम के जयकारों से मंदिर दिनभर गूंजते रहे। मंदिरों के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। सोहेलवा जंगल स्थित पांडवकालीन विभूतिनाथ शिव मंदिर में पड़ोसी राष्ट्र नेपाल समेत आसपास के कई जिलों के श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचे। विभूतिनाथ मंदिर परिसर रविवार की देर रात से ही भक्तों से खचाखच भर गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए आश्रम की ओर से देवाधि देव का विशेष शृंगार पूजन कर 2.30 बजे मंदिर के कपाट खोल दिए गए। कपाट खुलते ही मंदिर परिसर हर-हर महादेव व बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, पुष्प, अक्षत, शहद, भांग, धतूरा, दूध व पार्वती कुंड से लाए गए जल से देवाधि देव का जलाभिषेक किया। शिवभक्तों ने शिव-पार्वती कुंड से जल भरकर गगनभेदी जयकारों के साथ देर शाम तक जलाभिषेक किया। आश्रम के प्रबंधक पद्माकर द्विवेदी ने बताया कि दोपहर तक लगभग तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है। इसी प्रकार गिलौला के सदाशिव मंदिर, श्रावस्ती स्थित बनीनाथ महादेव मंदिर, इकौना के बड़ा शिवाला समेत जिले के अन्य शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

**दो महिलाओं की चेन उड़ाई** : बलरामपुर जिले के मणिपुर से रेनू व सिरसिया के बेचईपुरवा से जनकदुलारी जलाभिषेक को आई थीं। दोनों महिलाओं के गले से सोने की चेन गायब हो गई। रेनू ने एसपी से अपनी खोई हुई गले की चेन बरामद करने की गुहार लगाई।

# चाची की हत्या में भतीजों को उम्रकैद

**श्रावस्ती।** सेरी चकपिहानी के मजरा सकटूपुर में बारह वर्ष पूर्व मेढ़ काटने के विवाद में दो भतीजों ने मिल कर चाची की कुदाल से वार कर हत्या कर दी थी। मामले में सोमवार को अपर जिला जज ने दोनों भतीजों को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी। साथ ही दोनों पर 55-55 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेमरी चकपिहानी के मजरा सकटूपुर निवासी दद्दन उपाध्याय ने एक नवंबर 2010 को भिनगा कोतवाली पुलिस में मुकदमा दर्ज कराकर आरोप लगाया था कि उसके सगे भतीजे राजू उपाध्याय व बजरंगी उपाध्याय पुत्र धर्मराज ने खेत की मेढ़ काटने के विवाद में पत्नी गीता देवी पर कुदाल से हमला कर दिया था। इस घात से गीता देवी की मौके पर ही मौत हो गयी थी। मामले में अपर जिला जज अजय सिंह ने राजू उपाध्याय व बजरंगी उपाध्याय को दोषी मानते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। संवाद

# बम-बम भोले के जयघोष से गूंजे शिवालय

## कड़ी सुरक्षा के बीच विभूतिनाथ मंदिर में हुआ जलाभिषेक, तेज धूप में जमीन पर लेटकर दर्शन-पूजन को पहुंचे श्रद्धालु

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** श्रावण मास के पहले सोमवार पर सिरसिया के पांडव कालीन विभूतिनाथ मंदिर सहित जिले के अन्य सभी शिव मंदिरों व शिवालयों में बम-बम भोले की गूंज रही। मौसम के तीखे तेवर और धूप की तेज तपिश की परवाह किए बिना शिवभक्तों जमीन पर लेटकर दंडवत करते हुए जलाभिषेक व पूजन अर्चन के लिए प्रमुख शिव मंदिरों तक पहुंचे।

इस दौरान विभूतिनाथ मंदिर से लेकर अन्य शिवालयों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। ऐसी मान्यता है कि सावन के महीने में भोलेनाथ धरती पर वास करते हैं। ऐसे में सावन के पहले सोमवार पर अपने आराध्य देव का जलाभिषेक करने के लिए कोई पैदल तो कोई निजी संसाधनों से रात तीन बजे ही सिरसिया के पांडव कालीन विभूतिनाथ मंदिर पहुंच गया।

मंदिर आने वाले शिवभक्तों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सख्त इंतजाम किए गए थे। एक तरफ चौपहिया वाहनों को बेचईपुरवा मोड़ के निकट रोक दिया गया। वहीं दो पहिया वाहनों को मंदिर परिसर से करीब दो किलोमीटर पहले रोका गया। इसके लिए पांच स्थानों पर बैरियर लगाए गए थे। विभूतिनाथ पहुंचे शिव भक्त गुप्ता गंगा से जल लेकर जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध हो अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। ऐसा पहली बार हुआ है जब सावन के सोमवार पर गर्म मौसम ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। सुबह से ही निकली चटकीली धूप व पुर्वा हवाओं के कारण भीषण उमस भरी गर्मी के बीच लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। यही नहीं चिलचिलाती धूप व तपती धरती की परवाह किए बगैर शिव भक्त जमीन पर लेट कर महादेव का जलाभिषेक करने पहुंचे। इस दौरान कहीं कोई घटना न हो इसके लिए जहां मेला परिसर की तीसरी आंख से निगरानी कराई जा रही थी वहीं भारी संख्या में महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। यही हाल इकौना के बेचू बाबा, गिलौला के सदाशिव महादेव, झारखंडी, जमुनहा के जगपतिनाथ सहित जिले के अन्य शिवालयों का भी रहा। भारी संख्या में पहुंचे शिवभक्तों ने दूध, घी, दूब, अक्षत, पुष्प, भांग-धतूरा, बेलपत्र व गंगाजल से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।






सिरसिया के विभूतिनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगा तांता। काफी संख्या में भक्त जमीन पर लेटकर दंडवत करते हुए भी पहुंचे। महिलाओं व बच्चों में भी दिखा उत्साह। संवाद

### सूरज की तपिश भी नहीं डिगा सकी आस्था

सावन मास में भले ही इस बार धरती तप रही हो लेकिन सूरज की तपन शिवभक्तों की आस्था को नहीं डिगा सकी। एक तरफ जहां भिनगा कोतवाली क्षेत्र के सेमरी निवासी कृष्ण कुमार, सुखराम, महेश पटेल व रामनरेश लेटकर जलाभिषेक करने विभूतिनाथ पहुंचे। रेवलिया निवासी ओमकार वर्मा भी बीते वर्ष से लगातार लेटकर जलाभिषेक करने आते रहे हैं। बारह वर्षीय राजू दो वर्ष से जलाभिषेक करने आ रहा है। जंगलीपुरवा से कालीराम, नरेश, जगदीश, विजय व सोनू भी प्रति वर्ष की भांति इस बार भी लेट कर जलाभिषेक करने विभूतिनाथ मंदिर पहुंचे। इनका कहना था कि भोलेनाथ की ऐसी कृपा रही है कि मौसम कैसा भी रहा हो लेकिन उनकी आस्था कभी डगमगाई नहीं।

# छेड़छाड़ के मामले में तीन साल की कैद

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दस वर्षीय बालिका के साथ सात वर्ष पूर्व छेड़छाड़ की घटना हुई थी। मामले में सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश ने तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि सिरसिया थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी बच्ची 17 मई, 2015 को दिन में करीब 12 बजे आम के बाग की रखवाली करने गई थी। इसी बीच बाग में पहुंचे गांव के ही रामतीरथ पांडेय ने उससे छेड़छाड़ व अश्लील हरकत की। बच्ची के पिता ने मामला दर्ज कराया था। सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश सुदामा प्रसाद ने युवक दो दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। है। संवाद



# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** सोनवा पुलिस ने रविवार रात गश्त के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर उसके पास से दस लीटर कच्ची शराब बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम बलुहा निवासी अमरनाथ पुत्र छोटेलाल के रूप में हुई। जबकि सिरसिया पुलिस ने रविवार रात थाना क्षेत्र के बिशुनापुर निवासी मोहम्मद इदरीश पुत्र नियामत अली को तलाशी के दौरान पकड़ा। उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया। संवाद

# 30 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने सोमवार को विभिन्न बैरियर व चेकपोस्ट पर वाहन जांच अभियान चला कर 30 वाहनों का ई-चालान काटा। इस दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों से 73,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। इसके साथ ही 13 लोगों को शांति भंग के आरोप में भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। संवाद

# महिलाओं को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** जिले में तैनात महिला पुलिस अफसरों ने शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल के मिलकर विभिन्न गांवों व सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान संचालित किया। इस दौरान टीम में शामिल महिला आरक्षियों द्वारा भिनगा के दहाना, वर्गावर्गी व चहलवा गांव में महिला आरक्षी अर्जिता यादव, संज्ञा भारती व सोनी देवी ने महिलाओं को सुरक्षित एवं आत्मनिर्भरता बनाने के लिए महिला अधिकार से जुड़े नियम कानूनों के साथ ही मदद के लिए जारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। संवाद